जहां तक जमीन का सवाल है, जमीन जोतने वाली जनता के पास जमीन नहीं है । आज भी करोड़ों एकड़ बंजर जमीन पड़ी हुई है, जिस पर गावों के पुराने जमींदारों और गुंडों ने कब्जा कर रखा है । जमीन का जो बंटवारा किया गया है, वह सौलह आने गलत है ।

14.36 hrs.

[SHRI SONAVANE in the Chair]

उत्तर प्रदेश में जो चकबन्दी हो रही है, वह चकबन्दी नहीं, बल्कि किसानों की लूट है ।

एक माननीय सदस्य : चकबन्दी है ।

श्री सरजू पाण्डेय : आप को यह जान कर आश्चर्य होगा कि जो नये चक बनाए जा रहे है, उन में सीधे हल नहीं चल सकते । जो बड़े, पैसे वाले और पावरफुल लोग हैं, उन के चक अच्छी जगहों पर बनाए गए हैं और गरीब लोग रद्दी जमीन में फेंक दिये गए हैं । जो वास्तव में अन्न पैदा करनेवाले और परिश्रम करने वाले लोग हैं, इस चकबन्दी में उन के साथ अन्याय किया जा रहा है ।

श्री रामसेवक यादव ने पम्पिंग सैट्स के बारे में कहा कि पम्पिंग सैट्स के लिए जितना कर्ज दिया जाता है, उसका 75 फीसदी दूसरे कामों में इस्तेमाल किया गया है और उस से पम्पिंग सैट्स नहीं खरीदे जाते हैं । मैं चेलेंज करता हूं कि इस बारे में जांच कराई जाये । पम्पिंग सैट्स से ट्राक्टरों के डोर खरीदे जाते हैं । जब एक मेम्बर ने कहा है कि इस पर राजनीति की जाती है, तो मंत्री महोदय को बुरा लगा । लेकिन वास्तविकता यह है कि एक एक सीमेंट के बोरे पर, एक एक पम्पिंग सैट पर, एक एक कुंए पर पूरे उत्तर प्रदेश में राजनीति होती है जिस मेम्बर को सरकार नहीं देगी, वह उस के खिलाफ हो जायेगा । यह हार जायेगा ।

मुझे मालूम है कि लोगों ने ट्रैक्टर के लिए पैसे लिये, लेकिन उन से लड़को का तिलक चढ़ा दिया, उस की शादी कर दी । वास्तव में कोई ट्रैक्टर नहीं है, लेकिन कागज पर ट्रैक्टर चल रहा है । गांव समाज की सारी बंजर जमीन को ले लिया गया है और उस की

बेदखली का कोई प्रबन्ध नहीं है। स्टेट गवर्नमेंट कहती है कि सेंट्रल गवर्नमेंट को कहो और सेंट्रल गवर्नमेंट कहती है कि स्टेट गवर्नमेंट को कहो। जब हम पूछते हैं कि फूड किस का प्राबलम है, तो कहते हैं कि मेनली स्टेट गवर्नमेंट डिम्मेदार है। कोई भी डिम्मेदार हो, लेकिन यह तथ्य है कि पूरा कांग्रेस शासन इस के लिए डिम्मेदार है। सरकार चाहे कितना ही डिफेंस का नाम ले, चाहे कितना ही युद्ध-स्तर पर अन्नोत्पादन का नाम ले, लेकिन केवल खोखले नारों से उत्पादन नहीं बढ़ेगा, जब तक कि देश के किसानों के लिए खाद और पानी का इन्तजाम न किया जाये।

अभी मैं पंजाब गया और वहां मुझे यह जान कर हैरत हुई कि एक हजार एकड़ जमीन बिड़ला को दी जा रही है फ़ार्म खोलने के लिए, ताकि वहां पर अच्छे बीज तैयार किये जायें।

एक माननीय सदस्य : वह को-आपरेटिव फ़ार्म है।

श्री सरजू पाण्डेय : मुझे सूचना मिली है कि अच्छे बीज के नाम पर जो फ़ार्म बनाया जायेगा, वहां पर अच्छा बीज तो नहीं बनाया जायेगा; लेकिन कुछ गरीब अपनी जमीन से लाडिमी तौर पर बेदखल कर दिये जायेंगे।

अन्न की महंगाई की बात कहां तक की जाये? थोड़े दिन पहले मैं कलकत्ता गया था। वहां पर तीन रुपये किलो पर भी चावल नहीं मिलता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की भी वही हालत है। मेरे हाथ में "लिट्ल" है, जिस का हैडिंग है "अकाल के साये में एक करोड़ लोग"। इस में फ़ोटो भी छपे हैं कि महाराष्ट्र और दूसरे प्रान्तों में क्या हालत हो रही है।

इस समय सरकार की जितनी भी योजनायें हैं, खुदा के लिए उन को बन्द किया जाये—उन को बिल्कुल खत्म कर दिया जाये। जैसा कि कई बार पहले भी कह चुका हूं, "चूहे मारो" आन्दोलन, "मुर्गी पालो" आंदोलन, "कम्पोस्ट बनाओ" आन्दोलन—इन सब से कोई लाभ नहीं है, ये बिल्कुल फ़िजूल हैं।

कम्पोस्ट खाद के लिए 150, 200 रुपये मिलते हैं। लेकिन कोई उस के लिए गड्ढा नहीं बनाता है। लोग रुपया जेब में डालते हैं। दो तीन ईंट ऊपर डाल देते हैं और जब पानी आ गया, तो सब कुछ बह जाता है। अगले साल कोई कम्पोस्ट का गड्ढा नहीं मिलेगा इस लिए थोथे नारों को छोड़ कर सही मानों में अमल किया जाना चाहिये, जिस की बहुत ज्यादा जरूरत है।

कल मैंने राज्य सभा में दिया गया मिनिस्टर साहब का बयान पढ़ा। उस से मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि सोवियत ट्रैक्टरों का दाम बहुत कम है, इस लिए यहां के ट्रैक्टर के दाम के साथ उस को फूल कर के एक बीच का दाम निश्चित कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि यहां के ट्रैक्टर का दाम 11,000 रुपये है और सोवियत ट्रैक्टर का दाम 5,000 रुपये है, इस लिए उस का भाव बढ़ा कर कोई बीच का भाव तय कर दिया जाये।

एक माननीय सदस्य : 9,000 रुपये कर दिया है।

श्री सरजू पाण्डेय : उस का दाम 4,000 रुपये बढ़ा दिया गया है। अगर यही सरकार की खाद्य नीति है, तो यह तो एक मजाक है। इस के होते हुए देश के किसान क्या कर सकते हैं? पहले सोवियत ट्रैक्टर 5,000 या 5500 रुपये में आता था और मामूली किसान उस को खरीद सकता था।

श्री पु० र० पटेल (पाटन) : क्या पांच हजार रुपये का ट्रैक्टर गरीब किसान के लिए है?

श्री सरजू पाण्डेय : गरीब किसान भी उसे खरीदता है। अगर पांच हजार रुपये में ट्रैक्टर मिलता है, तो खाली गरीब किसान के पास ही खेत नहीं है।

[Shri Sarju Pandey]

आपने जितनी स्कीमें बनाई हैं उनको मैं अभी पढ़ रहा था। ये जो नोट हम लोगों में सर्कुलेट किए गए हैं, —इनको मैं पढ़ रहा था। लेकिन आप देखें कि फैमिन कोड कब बना था? यह अंग्रेजों के जमाने में दो सौ साल पहले बना था। उस में क्या है? उस के मुताबिक सूखे की समस्या को हल करने के लिए हमारी सरकार चहलकदमी करती है। एक एक आदमी भूखों मर जायेगा लेकिन इस एक्ट के तहत काम करने नहीं जाएगा। इस के तहत उसको मजदूरी बहुत ही कम देने की व्यवस्था की गई है। वह भूखों मरने लगेगा तो भी इतने सस्ते रेट पर आ कर आप के पास काम नहीं करेगा। इस से उसका पेट भी नहीं भर सकता है। यह चीज गलत है। आदमी को कम से कम इतने पैसे तो मिलें कि वह अपना पेट भर सके। जब वह नहीं होता है तो कौन काम करने जाएगा। इस फैमिन कोड की तरफ भी आपको ध्यान देना होगा और इस में आमूल चूल परिवर्तन करने होंगे।

सरकार रिपोर्टें तो दे देती है। लेकिन आप देखें कि पिछले अठारह वर्ष में हमारे देश में लोगों की आमदनी कितनी बढ़ी है? बहुत से मैम्बर साहिबान को ने इसको कोट किया है। लेकिन आप देखें कि आज भी एक करोड़ आदमियों की आमदनी 27 नए पैसे प्रतिदिन है। वह ऐसी अवस्था में खाएगा क्या। यह कहा जाता है कि मछली खाओ। बिहार के एक मिनिस्टर साहब ने स्टेटमेंट दिया था कि अन्न नहीं मिलता है तो मछली खाओ। इसी तरह से फ्रांस की महारानी ने एक बार एक बात कही—जब जुलूस निकला और वहां रोटी रोटी के नारे लगाते हुए लोग महारानी के महल के बाहर पहुंचे। महारानी ने पूछा कि ये सब लोग शोर क्यों मचा रहे हैं और जब उन को बता यागया कि इनको रोटी नहीं मिलती है तो उन्होंने कहा कि रोटी नहीं मिलती है तो इनको कह दो कि ब्रेड्ल रोटी खायें, केक खायें। इसी तरह से आप भी कमाल की बात करते हैं। रोटी नहीं मिलती र तो आप कहते हैं कि मछली खाओ जो कि पांच रुपये किलो के हिसाब से बिकती है। आप कहते हैं कि गोश्त खाओ जो कि तीन रुपये किलो के हिसाब से बिकता है। आपके राज में आलू तक तो मिलता नहीं है। यह दुनिया का आठवां आश्चर्य बन कर रह गया है आपका राज्य। आपको अन्न की समस्या हल करनी होगी।

आज प्रोक्योरमेंट की बात हो रही है। आप कहते हैं कि आप प्रोक्योरमेंट करेंगे। लेकिन जिन के पास गल्ला नहीं है उन से आप क्या लेंगे। आप ने कहां है कि दो क्विंटल धान हर किसान से लिया जाएगा सभी स्टेट्स में। मैंने खास कर बिहार में एक बात देखी है। दो क्विंटल से ज्यादा धान जिस के पास है वह तो उस को चोर बाजारी में बेच सकता है। ब्लैकमार्किट में बच सकता है लेकिन जिस बचारे के पास किसान के पास पांच एकड़ जमीन है तो उसको भी कहा जाता है कि तुम दो क्विंटल धान दो। पांच एकड़ में अगर उसने मिर्ची भी बोई है तब भी उस से कहा जाता है कि हमें दो क्विंटल धान दो, चाहे कहीं से भी दो, बाजार से खरीद कर ही चाहे दो। बिहार में ऐसा हुआ है, कि पांच एकड़ जिन के पास जमीन है उन से दो भी क्विंटल धान की मांग की जा रही है। इस तरह से आपकी जो स्कीमें हैं वे नहीं चल सकती हैं।

उत्तर प्रदेश के बारे में जितना कहा जाए थोड़ा है। वहां पर सरकार क्या है एक मजाक है। वहां तमाम की तमाम स्कीमें जो हैं वे इस बात को ध्यान में रख कर बांटी जाती हैं कि कौन इलाका सी० बी० गुप्त साहब की पार्टी वाला है और कौन इलाका कमलापति त्रिपाठी साहब की पार्टी वालों का है।

श्री शाहनवाज खां : यह गलत बात है। मैं इस हाउस को बतलाना चाहता हूं कि जहां तक उत्तर प्रदेश में माइनर इरिगेशन का काम

है वह सारे हिन्दुस्तान में पहले नम्बर पर है। एक्सप्लायटेशन का जो काम है, वहां वह सब से आगे आ रहा है। इस वास्ते उत्तर प्रदेश के बारे में इस तरह की बातें कहना बहुत गैर-जिम्मेदारी की बात है।

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास): झगड़े करने में भी उत्तर प्रदेश सब से आगे है।

श्री सरजू पाण्डेय: अभी मंत्री महोदय ने बताया है कि उत्तर प्रदेश में कुएं बने हैं। यह बात सही है। इस को मैं मानता हूं कि वहां कुएं बने हैं। माइनर इरिगेशन का वहां इंतजाम हुआ है। लेकिन माइनर इरिगेशन का फायदा किसान नहीं उठा पाता है। मैं मिसाल देता हूं। जिन लोगों ने कुएं बनवाये हैं वहां गलत वसूलियां हो रही हैं। हजारों मुकदमे इसके बारे में चल रहे हैं। वहां यह कहा जा रहा है कि यहां पर तुम्हारे यहां जितना पानी निकलना चाहिये था नहीं निकला है, इस नम्बर के कुएं के लिए या इस जगह के लिए तुम ने लोन लिया था, दूसरे नम्बर में क्यों बना लिया। इस वैज्ञानिक युग में इस तरह की बातों से काम नहीं चल सकता है। बिना वैज्ञानिक साधनों के काम नहीं आप कर सकते हैं। यह आपको मानना पड़ेगा। जहां तक ट्यूबवैल्स का ताल्लुक है सभी इस बात की मांग करते हैं कि हमारे यहां ट्यूबवैल लगाओ। सारे किसान यही मांग करते हैं कि हमारे लिए नहर बनवा दीजिये। उनकी इस मांग को हर एक मेम्बर को जब वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाता है फेस करना पड़ता है। वे कुओं की मांग करते हैं, यह नहीं कहते हैं कि गड्ढा खुदवा दो। इस वैज्ञानिक युग में माइनर इरिगेशन पर जो आप खर्च करते हैं, वह दूसरों पर करें।

मुझे जहां तक मालूम है, मैं आठ कुओं के बारे में, आठ ट्यूबवैल्ज के बारे में आपको बता सकता हूं। वे वहां बेकार पड़े हुए हैं। और भी पड़े हुए होंगे लेकिन ये आठ तो मेरी जानकारी में हैं जो बेकार पड़े हुए हैं। एक का मैं आपको सारा हाल बता सकता हूं और आज ही आप जा कर जांच कर सकते हैं। आप मेरे साथ चल सकते हैं और मैं आपको दिखा सकता हूं। मेरपुर गांव के कंडासर स्थान में जहां के कांग्रेसी एम० एल० ए० है और जो गाजीपुर में हैं, एक ट्यूबवैल लगवाया गया। वह गुप्त जी की पार्टी के आदमी है। उनके कहने से वह लगवाया गया। इस आधार पर लगवाया गया कि वहां सिंचाई की जरूरत है। वह ट्यूबवैल कभी का वहां बन्द पड़ा है। पानी की वहां जरूरत ही नहीं है, इसलिए कि वहां सिंचाई के लायक जमीन ही नहीं है। यह मैंने आपको एक मिसाल दी है जिसका आप जा कर पता लगा सकते हैं, आया सही है या नहीं है।

मैं कहना चाहता हूं कि प्रोक्योरमेंट की जो आपकी पालिसी है इसको आप जबर्दस्ती लागू करेंगे तो किसानों का सहयोग आपको नहीं मिल सकता है। विरोधी पार्टी वालों से मिनिस्टर साहब ने अपील की है कि वे उनसे सहयोग करें। हम सब अन्न की समस्या को हल करने के लिए आपको सहयोग देने को तैयार हैं। विरोधी पार्टी वाले यहां केवल आलोचना की खातिर आलोचना करने के लिए नहीं बैठे हुए हैं। यह हमारा ध्येय नहीं है। लेकिन आप देखें कि सही मानों में कांग्रेस वाले क्या कहते हैं? वे भी वही बातें कहते हैं जोकि विरोधी दल वाले कहते हैं। सब से बढ़ कर आपकी आलोचना कांग्रेस वाले ही करते हैं। विरोधी पार्टियों का सहयोग आपको मिलेगा लेकिन अगर देश में अकाल और भुखमरी रहेगी तो विरोधी पार्टियों समेत सारी की सारी जनता के सामने दो ही रास्ते बच रहेंगे। एक तो यह है कि वह भूखों मरे या फिर आपके सिर पर चढ़े। तब आप खुद ही उसका मुकाबला करें। बिहार में क्या हुआ है। वहां विरोधी पार्टियां आन्दोलन करने के लिए नहीं गई थीं।

कुछ माननीय सदस्य: गई थीं।

श्री सरजू पाण्डेय : वहां पर चार हजार आदमियों को पकड़ कर आपने जेल में बन्द किया। आज भी वहां की जनता घास की जड़ें खा रही है। वहां विरोधी पार्टियां ने कोई आन्दोलन संगठित नहीं किया। आपको अच्छी तरह से मालूम है कि आपने चार हजार आदमियों को जेल खाने में डाल दिया केवल इसलिए कि वहां के आदमी ने रोटी की मांग की थी। एस० एस० पी० के लोग कम्युनिस्ट पार्टी के लोग, दूसरी पार्टियों के लोग सिर्फ यह कहने गये थे कि हमें खाना दो लेकिन वहां के मिनिस्टर ने उनसे मिलने से इन्कार कर दिया। यह क्या प्रजातंत्र है ? यह एटीट्यूड नहीं चल सकता है। क्यों नहीं लोगों के सामने आप मुंह दिखाते हैं ? क्यों आपमें हिम्मत नहीं होती है ?

मैं दो तीन बातें निवेदन करना चाहता हूं। पहला निवेदन तो यह है कि थोथे नारे आप बंद करें। अन्न खाने को लोगों को दें। दूसरी बात यह है कि इरिगेशन आप दीजिये। पानी आप दीजिये। आप नया एक्ट बनायें ताकि उन जमीनों पर कब्जा दिलाया जा सके जो वेस्ट लैंड्ज पड़ी हुई हैं और जहां पर खेती हो सकती है। पुराने एक्ट में आप तरमीम करें।

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) : कितनी वेस्ट लैंड पड़ी हुई है ?

श्री सरजू पाण्डेय : उत्तर प्रदेश में मैं जानता हूं कि वैस्ट लैंड है जो दी जा सकती है और जहां खेती हो सकती है।

तीसरी बात यह है कि जितने भी माइनर इरिगेशन के साधन हैं जितने भी आपके सिंचाई के साधन हैं उनको आप इस्तेमाल में लायें। नहरें बनी हुई हैं उन में पानी नहीं है इसकी तरफ आप देखें। जहां तक आपके अफसरों का सम्बन्ध है, जितना कहा जाए कम है। जो एग्जेक्टिव इंजीनियर है और जिस को आप खुदा समझते हैं वह सारे मुल्क को खा जाएगा। आपको भी खा जाएगा। हमें तो खा ही चुका है और अब आप ही की बारी है, आप ही का नम्बर है। वह महलों में बैठ कर आदेश देना ही जानता है। किसानों की आवाज वह नहीं सुनता है। अगर उसका इलाज नहीं किया गया तो हमें वह खा ही चुका है आपको भी खा जाएगा, हमें तो रात दिन वह तंग करता है इस वास्ते हम तो अपने घरों से निकलते ही नहीं हैं, कहीं जाते ही नहीं हैं लेकिन आप सावधान हो जायें। अगर कभी बड़ा रंज होता है तो असेंबली को बरखास्त कर देता है। जहां तक विकास खंडों का सम्बन्ध है, वहां जो रासतोला रचाई जाती है, इंडसभा होती है, उसको बन्द आप करें।

गाजीपुर में एक अफीम की फैक्ट्री थी जिस पर बहुत रुपया लगा हुआ था और जिस में दो ढाई हजार आदमी काम कर रहे थे, उसको अब नीमच ले जाने की तैयारियां हो रही हैं और वहां पर पांच लाख रुपया इसके लिए खर्च.

श्री उ० मू० त्रिवेदी : (मंदसौर) गाजीपुर और नीमच की यह बहुत ना-गवार बात कर रहे हैं।

श्री सरजू पाण्डेय : हमारा इलाका सब से गरीब है।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : हमारा इलाका भी बहुत गरीब है।

श्री सरजू पाण्डेय : आप ले जाइये, हम मना नहीं करते हैं। जब वहां बहुत पुराने जमाने से है तो उसको क्यों ले जाया जा रहा है। सरकार सिर्फ पौलिटिकल कंसिडरेशंज के आधार पर उसको वहां से हटाना चाहती है।

मैं यह भी चाहता हूं कि जहां तक पूर्वी उत्तर प्रदेश का सम्बन्ध है पटेल आयोग की सिफारिशों को आप लागू करें। वहां पर

सिचाई का प्रबन्ध करें, नहरें दीजिये लोगों को खाने को दीजिये । वेस्ट लैंड्ज पर ऐसे लोगों का कब्जा दिलाइये जो सही मानों में वहां खेती कर सकते हों । कोटा, परमिट, ठेका आदि पार्टों वालों से हटा कर उनके हाथों में दीजिये जो सही मानों में खेती करते हों, जो सही मानों में उसका इस्तेमाल खेती की उपज को बढ़ाने में कर सकते हों ।

Shri Manlyangadan (Kottayam): Mr. Chairman, the Minister has given a frank and objective assessment of the food situation in the country.

Mr. Chairman: I request the Congress Members to complete their speeches within 10 minutes so that I could call more Members.

Shri Manlyangadan: He has posed the problem before the country. According to me, this is not the time for criticism or fault-finding. There is a challenge and that challenge has to be met by the nation. There is drought on the one side and the difficulties of import on the other. What is needed is a changed outlook by all, leaders of public opinion, administration and the people as a whole. As the Minister rightly pointed out it is easy to make the present situation worse. Let not political ideologies be dragged in. Let there be no attempt to make capital out of the situation, whether it be political or monetary. Let that spirit of unity and national outlook which made us face the aggression on our frontiers prevail and enable the nation to face the challenge. Let us not forget that the enemies are watching what we are doing in the country. Whatever may be the outcome of the negotiations for import under PL 480, let us not forget that our honour is also involved in that.

Much has been said about this PL 480. I for one do not object to getting rice or wheat from America under PL 480, provided our honour is not sacrificed, and I am sure the honour of the country is safe in the hands of our Prime Minister and the Government. There is scarcity now and the prospects are that there is going to be more of it. The first and foremost thing to face the situation is to generate a feeling among the people that the people of one region are not suffering more than the people of another region. Whatever foodgrains are available in the country should be equitably distributed among the people, and they should be made available at reasonable cost. The distinction between the surplus and deficit States should go. India is deficit in food and the scarcity must be borne by the nation. If the so-called surplus States refuse to part with grains produced there, saying that they want a buffer stock of their own to meet future contingencies or create a situation by which their produce could be fetched only at a very exorbitant price, it is an anti-national act and that has to be condemned. Certain States are interested only in their own States and they ignore the national interests. I have only to say about them that little minds and great nations go ill together. What I say is that the impression of that kind should be removed. Otherwise, it will lead to the disintegration of the country. Whether true or not, the prevalance of the impression itself is bad and that has to be removed.

Kerala is a deficit State from the point of view of food. But it is not because the people there are idle or because any land is left waste or because no attempts are made in increase production there. Every inch of land is brought under cultivation The agricultural commodities produced there fetch valuable foreign exchange and the nation is benefited. Such people who serve the nation by producing commodities useful for the nation have every right to ask for food materials produced in other parts of the country. It is not asking for charity. The patronising attitude of leaders of the so-called surplus State should be given up. The Government of India have evolved a national policy for production, procurement

[Shri Maniyangadan]

and distribution. If that has not been properly implemented, I am not prepared to blame the Union Minister for that. The States are not sincerely co-operating and some remedy should be found for this. If there is a proper atmosphere, which could be created only by all concerned, we can make the scheme a success and the targets could be achieved.

The Government's policy covers both longer-range and short-term policies on the food front. Now, new targets have been fixed and schemes for achieving the same have been formulated. The only solution is, higher production. The Prime Minister has given a slogan to the nation: "Jai Jawan, Jai Kisan". If we accept that slogan, we can meet the challenge and successfully meet the situation.

In this connection, the price of food materials produced by the agriculturists is important. It is true that a Price Commission has been appointed but in fixing the price have they taken into consideration all factors that go to constitute the cost of production? The Minister yesterday said, intervening when my hon. friend Shri Sreekantam Nair, that the price of paddy in Kerala is Rs. 42 to Rs. 43 which is higher than that prevailing in Madras and Andhra States. It is true, but I have to ask, has he any idea of the cost of production in Kerala. I have direct knowledge of cultivation in one part of Kerala called the Kuttaned area, though I do not own any land there. The Minister visited that place last year in a helicopter and at that time the area was fully under water. So, he could not have any correct idea of that area. I request the Minister to believe me that the price now fixed is not commensurate with the cost of cultivation in that area. Apart from the cost and price relationship, I have also to ask the Government one thing: suppose if the same land could fetch better income by cultivating other cash crops, can you ask the peasants to under go this sacrifice and ask them to cultivate only paddy there? All these aspects have to be taken into consideration in fixing the price.

Regarding procurement also, it is not done, at least in my State, as far as I know, on any scientific basis. There has been criticism from all quarters regarding this. It must be based on the yield and not on an acreage basis. In Kerala, I know—and I am sure in other parts of the country as well the same conditions prevail—there are areas where the production is one-third or even one-fourth of what is produced in other areas of the same State. But the procurement policy is based now on the acreage; one must measure so much per acre and so on. This aspect of the yield of land has not been taken into consideration. I summit that this aspect should be taken into consideration, and procurement should be on a scientific basis. I am not against procurement, but what I say is, it should be on a scientific basis.

Then, coming to credit facilities available to the cultivators the interest on loans availed of by the agriculturists from the co-operative societies is too exorbitant. The State Bank gives money to the Central Co-operative Bank in a State; they in turn give it to the district banks and then it goes to the primary bank. When it reaches the actual cultivator, I am told that the present rate of interest is more than nine per cent and what the State Bank gives is at three or 3 1/2 per cent. So, this enormous rate of interest now realised from the agriculturists should be reduced. Some way must be found for that.

Another point regarding the co-operative societies that I have to mention is, in Kerala, there is a rule—I think that such a rule prevails in some other States as well—to the effect that if there is defaults in paying back the money to the district bank, then no

further money will be made available to that primary society for giving loans. In an area which is served by one co-operative society, there may be people, one or two people, who may make default and the society may not be in a position to pay back the loan in time, but because of the default of one or two agriculturists, all the people in that area who are served by that co-operative society are suffering because they do not get any loan. This is a problem which seriously affects cultivation. I submit that something must be done in regard to that.

Then, with regard to concessions, I submit that concessions to ryots who lose by the failure of crops must be given. There must be some security against risk, for the cultivators.

Mr. Chairman: The hon. Member's time is up.

Shri Maniyangadan: I shall finish in a minute. I also submit that tax concession should be given as an incentive to agriculturists.

Regarding rationing in Kerala, I must submit that it is now six ounces of rice and four ounces of wheat, but there is a suggestion in a pamphlet recently circulated that it is likely to be reduced. As I said earlier, we are prepared to bear any burden along with the rest of India. But to ask us to do more than what others are asked to do is too much. I am prepared to go to the people and ask them to be content with what is available, but please remove the feeling of being discriminated against both in the matter of price and also in the matter of quantum.

Some hon. Members rose—

Mr. Chairman: Shri Jashvant Mehta—I would request hon. Members who desire to speak to catch my eye. (*Interruption*).

Shri P. B. Patel: For the last two days we have been trying to catch your eye.

श्री हुकम चन्द कछवाय: अध्यक्ष महोदय, पिछली बार अपना निर्णय . . .

An hon. Member: You have to stand up on the bench.

Shri P. B. Patel: Unless you go to the Chair.....

Shri C. K. Bhattacharyya (Raiganj): Sir, let us be encouraged to feel that catching of eye will suffice.

Mr. Chairman: This is in addition to the other factors that will be taken into consideration.

Shri Jashvant Mehta (Bhavnagar): Mr. Chairman, Sir, yesterday the hon. Minister of Agriculture gave us a picture of scarcity in some parts of the country and how we are facing the food problem. In some States there is scarcity and the people are facing difficulty even in the matter of drinking water, and there is scarcity of fodder for the cattle.

Shri P. B. Patel: Looking to that picture it seems that 25 per cent of the people must die.

Shri Jashvant Mehta: The picture is a serious one and we have to face it, otherwise I am afraid the situation that was in Bengal will be repeated. We have to face it as we face our defence problem. Defence is the most important problem, and food is not less important than defence. We are talking of long-term and short-term policies for agricultural production. We have to face the present shortage, and also we have to face the deficit problem on a long-term basis.

Let us see how we are going to face this problem. Our main problem is of production, procurement and distribution. It demands the immediate attention of the Government. How are we going to face it?

First of all, the difficulty is, this problem is mixed up with politics—I mean politics of the States, party

[Shri Jashwant Mehta]

politics, politics of the politicians. In the beginning the emphasis was that we should not mix these problems with politics, but in reality the facts are different. Food should be free from politics. Even the States are bringing in politics in the matter of food. Surplus States are earning at the cost of deficit States. We must have a clear policy in this regard. Last year we were told that we are going to have farm-oriented policy, procurement policy. They were also discussed at the conference of the Chief Ministers. What we want is an implementation of these policies approved by Government. The difficulty is that the policy announced is not being implemented. The hon. Minister assured us that there will be farm-oriented policies, price support policies etc. He said that there will be procurement. But the States are not falling in line with the Centre. That is the politics that they are playing. Why should not the States fall in line with the Centre? I would request the hon. Prime Minister, when his stature has gone up as a result of our victory in the war against Pakistan, to compel the States to fall in line with the Centre. If the law does not permit it, if the Constitution does not permit it, we should change the Constitution. Otherwise, Sir, we will face a serious situation like what we had in Bengal and the people will die.

Shrimati Yasoda Reddy (Kurnool): The Minister stated that the States are co-operating with him. (*Interruption*).

Shri Jashvant Mehta: When we were faced with the Chinese aggression, when we were faced with the aggression from Pakistan, India rose as one man to fight them. Why we cannot rise as one man to tackle the food problem? Why should there be disparity in prices in different States, why should there be barriers and zones, why should there be surplus and deficit States and so on? There should be no surplus State and no deficit State; our approach should be, one country and one uniform policy for all.

Shrimati Yasoda Reddy: We should be Stateless, without any States.

Shri Jashvant Mehta: Compel the States to fall in line with the Centre. If we cannot do this, what is the use of having these policies. What we want is a national food policy in regard to procurement and distribution. Wholesale food trade all over the country should be abolished. No transport should be allowed to be utilised for foodgrains except with the sanction of the Government. No trucks, no trains, no ships should be allowed to be used by the profiteers and blackmarketeers in the country. There should be one uniform policy, and if the Government is serious about it they should implement this policy which should be considered as the national food policy.

If the Government accepts it in principle, what is the difficulty in implementing it? There should be efficiency in administration, at the State level and at the village level. We are told that we have organised the Food Corporation. Will the Government tell us in how many States the Food Corporation is functioning and how it is functioning? For the last twelve months we have been talking about the Food Corporation and State trading in food. Why is it that this Food Corporation has not been organised in the last twelve months in each State and in each district? What is the difficulty? When we have accepted in principle that there should be the Food Corporation, every village, every taluka and every State should have it and they should deal with the distribution of food and no other person should be allowed to interfere in distribution.

About production, the hon. Minister circulated a pamphlet. It gives idea of what the Government is doing

Even it has mentioned, what the Government has done in the last 15 years in the matter of irrigation, in the matter of better seeds, contour bunding and other things. All these things have been taken up by the Agriculture Ministry.

14.59 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

But where do we stand in respect of rural credit? Let us see the figures of the Reserve Bank of India. We have not been able to supply rural credit 15 per cent requirements of the agriculturists. If we want to take rural credit to the villages, we should revolutionise the rural credit system. Agriculture is the basic industry. We should fix the creditworthiness of the agriculturists on the basis of their land value. There should be integration in the long-term, short-term and medium-term credits scheme. If we fix creditworthiness on the basis of the price of the land owned by an agriculturist, he can get credit on the value of his land by a simple procedure and there is no room for any corruption and delay. If we revolutionise the rural credit system in this way, we will be able to take this credit to the farmers.

15 hrs.

Then comes fertiliser. We are facing foreign exchange difficulty. The Finance Minister and the Minister of Agriculture do not come to an agreement on the matter of import of fertiliser. We should import fertiliser at any cost and supply it. The major projects are delayed because of politics. Why is it that the Centre is not taking any steps to ensure that there is no delay? Take, for instance, the Narbada Valley Project. Though it has been in the office files for the last fifteen years, no final decision has been taken in the matter for its implementation. If the Narbada Valley Project scheme is implemented, Madhya Pradesh, Rajasthan, Maharashtra and Gujarat will be benefited. Yet, it has not been implemented. Similarly, an hon. lady Member was yesterday referring to another project in Andhra which has been also delayed. If the States are not taking up those projects because of political differences, the Centre should take up the responsibility of financing and implementing such projects. If such a step is taken I have no doubt that we will be able to tide over the shortage of food. Since we have adopted a farmer-oriented policy in order to become self-sufficient in the matter of foodgrains, I do not know what is standing in the way of Government implementing that policy which it has adopted in principle.

Lastly, I want to say something about co-ordination. There is no co-ordination between the Ministries and there is no co-ordination between the Centre and the States. What are we doing in this matter? If we cannot co-ordinate our own policy, then we will not be able to deliver the goods. Once a principle is accepted, once a policy is accepted, then there should be no delay in its implementation. If there is delay, we will not be able to achieve our objective. I have made three or four suggestions about the directions in which Government should work to solve this problem.

The Food Ministry have circulated a paper on the problem of scarcity in which they have suggested certain measures which they are taking to solve this problem. I want to stress only one thing. Government should declare a moratorium on the cooperative credit which the agriculturists have taken in the scarcity areas, at least for one year, so that there will not be any pressure on the agriculturists to pay their dues. Unless that is done, I do not think the agriculturists will be able to do their best to increase production even if we give them other facilities.

डा० राम मनोहर लोहिया (फर्रुखाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, अट्ठानवे करोड़ लोगों को भोजन मिले और भोजन न मिले और अकाल होता है तो इसकी जिम्मेदारी किस की है ?

एक माननीय सदस्य : वह आप के सामने बैठे हैं ।

डा० राम मनोहर लोहिया : नहीं, अगर वह अपनी जिम्मेदारी मान लें तो मामला आगे बढ़े । उनके मुहकमे ने नवम्बर 1965 को जो हुक्म को परचा भेजा गया है उसके अनुसार अकाल या दुर्भिक्ष संहिता में राज्यों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि अकाल की अवस्था में लोगों को खिलाएं पिलाएं । यह परचा हम लोगों को भेजा गया था । यह उस दुर्भिक्ष संहिता के अनुसार है जो कि अंग्रेजों ने बनायी थी, क्योंकि उस के अनुसार प्रदेशों की यह जिम्मेदारी होती थी । किन्तु हमारे संविधान की धारा 47 के अनुसार यह केन्द्रीय सरकार का प्राथमिक कर्तव्य हो जाता है । केवल फर्क इतना है कि अकाल संहिता जो अंग्रेजों ने बनायी थी उसमें "जिम्मेदारी" शब्द का इस्तेमाल किया गया है, और संविधान की धारा 47 में "कर्तव्य" शब्द का इस्तेमाल है वरना प्राथमिक कर्तव्य बिल्कुल इस सरकार का है, और ऐसा परचा भेज कर यह अपने कर्तव्य से भागना चाहते हैं । इसलिए पहली बात मुझे यह कहनी है कि अगर अकाल होता है, दुर्भिक्ष होता है, मौतें होती हैं, लोग नहीं बच पाते, तो यह केन्द्रीय सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी हो जाती है ।

उसी के साथ साथ मंत्री साहब ने सहयोग की अपील की । मैं भी चाहता हूं कि इस मामले में सब का सहयोग हो । लेकिन कैसे ? सब से पहले तो चीन पाकिस्तान की बात इस सहयोग से बिल्कुल निकाल देनी चाहिए, क्योंकि आप यह निश्चित समझ के रखें कि जब तक युद्ध चलता रहेगा उस समय अगर दुर्भिक्ष से लोग मरते हैं तो मेरे जैसे लोग गुस्सा करके दुर्भिक्ष का रहेंगे और समझेंगे कि जैसे कुछ-न-कुछ दुश्मन की लाशों से मरे वैसे ही ये लोग दुर्भिक्ष से मर गए हैं । लेकिन जिस वक्त चीन या पाकिस्तान से युद्ध नहीं चलता रहेगा और अकाल होगा तो उस वक्त कोई और कार्रवाई करनी होगी, अगर सरकार ने अपनी नीतियां ठीक न की । वह कार्रवाई क्या होगी आप जानते हैं, है, अगर आप ने जो दुर्भिक्ष को हटाने के रास्ते हैं उनको न अपनाया तो ।

सब से पहली बात तो यह है कि सरकारी पार्टी को बहुत ज्यादा सावधान रहना चाहिए अपने वचनों के ऊपर । 1962 में चुनाव किस बात से लड़कर आप जीते ? सब से बड़ी बात थी सहयोगी खेती । सहयोगी खेती कांग्रेस पार्टी का मंत्र था और कुछ विरुद्ध पार्टियों का सहयोगी खेती के खिलाफ मंत्र था । अब चार वर्ष का समय बीत चुका है । जिस आधार पर 1962 का चुनाव जीते उसका परिणाम कितना निकला है आज यह सोचने की बात है । आज सारे देश में कितनी खेती हो रही है । कभी कहते हैं कि 31 करोड़ एकड़ में होती है कभी कहते हैं कि 33 करोड़ एकड़ में होती है । तो समझिए कि 32 करोड़ एकड़ में देश में खेती होती है । और इस में से ढाई लाख एकड़ भूमि में सहयोगी खेती होती है । इसका परिणाम यह आया कि एक हजार में से एक हिस्सा जमीन पर आप सहयोगी खेती करवा सके हो । तो मैं ने हिसाब लगाया है कि जब तक आप हजार चुनाव इस तरह की बात पर जीतोगे तब कहीं जाकर सहयोगी खेती कर पाओगे । तो जिस चीज को ले कर आप चुनाव जीते उस में इतनी जबरदस्त कमी दिखाई है कि अगर हिन्दुस्तान की जनता खेती से खेती हुई होती तो आपको तो बिल्कुल हटा देती, क्योंकि जिस सिद्धान्त पर चुनाव जीता करते हो उसको अमल में लाने की कोशिश करनी चाहिये । मैं यह मान सकता हूं कि अगर अमल

में लाने में पचास प्रतिशत, चालीस प्रतिशत या साठ प्रतिशत की कमी रह जाए तो जनता माफ कर सकती है, लेकिन इस में तो उसका एक प्रतिशत भी आप हासिल नहीं कर पाए, हजार में एक हासिल कर पाए हो, तो ऐसी स्थिति में कैसे जनता माफ करेगी ?

Shri P. R. Patel: That was a small item in our election manifesto. Why are you referring to that?

डा० राम मनोहर लोहिया : कांग्रेसी हो कर ऐसी बात कर रहे हो । मालूम होता है अपनी पार्टी का मजाक उड़ा रहे हो वहां बैठे हुए । सहयोगी खेती को लेकर ही तो आपने चुनाव लड़ा था ।

दूसरी बात यह है कि इस समय रूस और अमरीका को लेकर यह सवाल बहुत ज्यादा गड़बड़ कर दिया जाता है । कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि सारी बहस पी. एल. 480 पर ही चली गयी । उस सम्बन्ध में मुझे कहना है कि मई-जून में जब श्री प्रधान मंत्री ने रूस को खुश कर दिया था कुछ बातों को कह कर के, तब मेरे पास रूसी और अमरीकी दोनों आते थे । रूसी बहुत खुश थे कि हिन्दुस्तान की नीति कुछ उन के अनुसार जा रही है । अमरीकी जरा दुखी और नाराज थे कि हिन्दुस्तान की नीति उनके खिलाफ जा रही है । वे लोग आए थे जुलाई के आस पास, जून में, और मुझ से मिले थे, तो मैंने कहा था कि इन्तिजार करो, नवम्बर-दिसम्बर आने दो । और रूसियों को मैंने कहा था कि जो इस वक्त खुशी दिखला रहे हो वह दुःख में परिणत हो जाएगी, और अमरीकियों से मैंने कहा कि, जो घबराए हुए थे, जब अनाज की कमी होगी और अनाज मांगने के दिन आएंगे तो आपकी हालत बदल जाएगी । तो इस लिए पहली बात मुझे यह कहनी है कि भारत सरकार को अपनी नीति कुछ मजबूत बनानी चाहिए और वक्त वक्त पर बदलते रहना और खास तौर से रूस और अमरीका के साथ, बहुत ही बुरा है ।

हमारे प्रधान मंत्री साहब अब कोसीजिन साहब से मिलेंगे और जानसन साहब से भी मिलेंगे । अगर इन दोनों साहबों को लोक-सभा के एक साधारण सदस्य की बात पहुंच सके तो मैं कहना चाहूंगा कि आप कोशिश मत करो कि भारत की विदेशी नीति आप में से किसी एक के पक्ष में और किसी दूसरे के खिलाफ जाए । यह बात मैं दोनों से कहता हूं । श्री कोसीजिन भी यही कोशिश करते हैं कि भारत की विदेश नीति रूस के पक्ष में अमरीका के खिलाफ जाये और श्री जानसन भी यही कोशिश करते हैं कि भारत की विदेश नीति अमरीका के पक्ष में रूस के खिलाफ़ जाये । दोनों की कोशिशें खराब हैं । उन को ये छोड़ देनी चाहिएं । क्योंकि अगर वे ऐसी ही कोशिश करते रहेंगे, तो उस का नतीजा यह होगा कि दुनिया की सब से गन्दी और भूखी बस्ती हिन्दुस्तान बन जायेगा, क्योंकि यहां के लोगों में अब वह दम नहीं रह गया है कि किसी नीति पर अड़ कर के चल सकें—वे हवा के झोके के साथ पलटते जायेंगे ।

इसलिए मैं इन दोनों को —अमरीका और रूस के सबल और सफल राजनीतिज्ञों को—कहना चाहता हूं कि अगर भारत के साथ और दुनिया के साथ कोई भी भलाई करना चाहते हो, तो दो-तीन काम करो । जहां तक अनाज देने का सवाल है, मैं यहां पर पी० एल० 480 या रूस की सहायता-योजना का जो कोई नाम होगा, उस के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं । जितना वे दे सकते हैं, दें । मैं यह जरूर कहूंगा कि हिन्दुस्तान के लिए यह शोभा नहीं देता कि वह ऐसे भिखमंगे की तरह मांगता रहे, जो जब तक मिले, तब तक कहे "अन्नदाता" और न मिले, तो गाली देना शुरू कर दे । यह बात अच्छी नहीं रहा करती है । मिले, तो अच्छा न मिले, तो भी ठीक तरह से चला जाये । लेकिन एक जरूरी बात है कि ये दोनों देश फ़ैसला करें कि भारत में सिंचाई के लिए पानी का इन्तजाम पूरी तरह से करना है । जितना भी हो सके, रूस और अमरीका

[डा० राम मनोहर लोहिया]

करें । मैं खाली रूस से नहीं, बल्कि रूस और अमरीका दोनों के लिए कह रहा हूं।

जैसे वहां से गेहूं मंगाया जाता है, वैसे नल, या मिट्टी काटने की मशीनें, कुएं बनाने की मशीनें, बिजली बनाने की मशीनें अगर पर्याप्त संख्या में रूस और अमरीका वाले हम को दें, तो ये अलबत्ता दुनिया का भला करेंगे और भारत को दुनिया की सब से बड़ी गन्दी बस्ती बनने से रोकेंगे । अगले सात बरस के अन्दर-अन्दर भारत की खेती को सिंचाई का पानी पूरी तरह से मिल जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि अभी 32 करोड़ एकड़ में से 25 या 26 करोड़ एकड़ स्वर्ग-आसरे खेती है इस स्वर्ग-आसरे खेती को सिंची खेती बनाना रूस और अमरीका का प्रथम कर्त्तव्य है । यह बात मैं जानसन साहब और कोसीजिन साहब को कहना चाहता हूं, क्योंकि शास्त्री जी को कहते-कहते मैं थक गया हूं—उन पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है ।

उर्वरक के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि उर्वरक अच्छे हैं—जितने हों, ठीक है, लेकिन पानी नम्बर एक है, जिस पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए । उसके अलावा जो कुछ भी पी० एल० 480 या रूस वाला हो, वह चलता रहे ।

लेकिन ये सारी बातें हो इसलिये नहीं पाती हैं कि इस समय भारत में सरकार नहीं है ।

श्री शिव नारायण (बांसी) : और क्या है ?

डा० राम मनोहर लोहिया : सरकार नहीं है ।

एक माननीय सदस्य : सामने है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : मैं समझता हूं कि माननीय सदस्यों का दल, कांग्रेस पार्टी, कहीं ज्यादा जीवित है, क्योंकि मैंने सुना है कि लड़ाई के दिनों में कांग्रेस दल की कार्यकारिणी की प्रायः रोज बैठक हुआ करती थी और यह जो सरकार पन्द्रह आदमियों की है, इन की बैठक कहीं मुश्किल से हफ्ते में एक बार हो जाया करती थी । यह लड़ाई के दिनों की बात मैं कह रहा हूं । आप सब जानते हैं कि क्या हालत थी ? सरकार कहां है ? तब भी नहीं थी, इस वक्त भी नहीं है । लड़ाई के दिनों में सरकार संचालन नहीं कर रही थी । जो भी संचालन हो रहा था, बुरा या अच्छा, वह पल्टन के हाथों में था ।

उसी तरह इस समय कहना मुश्किल है कि अन्न के मामले का संचालन सुब्रह्मण्यम साहब कर रहे हैं या पाटिल साहब कर रहे हैं । क्या कभी सरकार की कोई बैठक होती है, जहां पर इस बारे में अच्छी तरह से बहस हो पाती हो ? मैं जानता हूं कि कई बार कार्बीना के सदस्य बाहर आपस में बात नहीं किया करते हैं । लेकिन कार्बीना के अन्दर बैठ कर कसम खानी चाहिए कि चाहे जितनी भी दुश्मनी हो, हम लोग आपस में बात करेंगे और नीतियां सिद्धान्त के आधार पर बनायेंगे । इस सम्बन्ध में मैं खाली रेम्जे मैकडानल्ड और स्नोडन का उदाहरण देना चाहता हूं, जो बिल्कुल जानी दुश्मन थे, लेकिन कार्बीना में बैठ कर न सिर्फ एक दूसरे के साथ बात करते थे, बल्कि एक नीति के साथ चला करते थे ।

सरकार नहीं है, नीति नहीं है और जब तक सरकार और नीति नहीं रहेंगे, तब तक यह अनाज का मसला हल नहीं हो पायेगा । यही कारण है कि जब कभी यहां बहस होती है—यह रोग हम में, उन में, सब में आ गया है—, तो हम दो गिरोहों में बट जाते हैं । एक गिरोह है, जो अन्न निगम और दूसरी तरह की बातें करता है । अन्न निगम के लिए एक कसौटी मैं रखना चाहता हूं ।

हम जितने यहां लोक-सभा के सदस्य हैं, केवल एक किसी बात में, चाहे जमीन में, चाहे मकान में, चाहे कारखानों में, अपने लिए और अपने एक पीढ़ी तक के रिश्तेदारों के लिये राष्ट्रीयकरण का सिद्धान्त अपना लें, तब जितनी बातें यहां पर अन्न निगम की और राज्य के व्यापार की कही जाती हैं, वे कोई मतलब रखेंगी । यहां जितने लोक-सभा के सदस्य हैं, उनके और उनके एक पीढ़ी तक के रिश्तेदारों की सम्पत्ति है, जमीन की सम्पत्ति है, मकान की सम्पत्ति है या कारखानों की सम्पत्ति है, जब तक कोई एक श्रेणी की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण इस लोक-सभा के सदस्यों द्वारा अपने और अपने एक पीढ़ी तक के रिश्तेदारों के लिए नहीं होता है, तब तक यह अन्न निगम वगैरह की बात करना बिल्कुल फ़िजूल हो जाता है ।

यहां पर राज्य-व्यापार के बारे में चर्चा की जाती है । मैं आपको बताऊं कि एक राज्य सरकार ने फरवरी से अगस्त, 1965 तक 42 रुपये तथा 52 रुपये क्विंटल के हिसाब से चना खरीदा और उसे 84 से 105 रुपये क्विंटल के हिसाब से बेचा । दूने दाम पर, 42 रुपये में खरीदा और 84 रुपये में बेचा । इतना मुनाफ़ा ! अगर आप चाहें, तो इस राज्य के ऊपर बिगड़ सकते हैं । यहां पर कई लोग बिगड़े भी । लेकिन जरा इस बात पर भी ध्यान दिया जाये कि यह मामला इतना गहरा है कि अपने देश में सब गरीब—मैं तो कहूंगा महा-गरीब— होते हुए भी उनमें कुछ ज्यादा गरीब हैं और कुछ कम गरीब हैं ।

यहां पर अन्न मंत्री साहब ने मद्रास और बंगाल की तारीफ की उन की नीति के सम्बन्ध में । मैं उनसे एक अर्ज करना चाहता हूं । एक तो वह थोड़ा राजनीतिक गुट को इस मामले में न लायें और दूसरे, जहां तक गरीबी का सवाल है, एक आंकड़ा मैं अभी उन को दे रहा हूं । अगर यह देखा जाये कि एक आदमी पीछे पिछले महीनों में लोगों ने कितनी चीनी खाई, तो आन्ध्र, उत्तर प्रदेश और बिहार में—मैं समझता हूं कि उड़ीसा भी इसमें होगा, क्योंकि उड़ीसा का अंक यहां पर मेरे पास नहीं है—वह चार किलो प्रति-व्यक्ति के नीचे है, बल्कि कुछ का तो तीन किलो है, जब कि गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और बंगाल का अंक सात किलो से बारह किलो तक है ।

तो जब इन राज्यों की चर्चा हुआ करे और मंत्री साहब सचमुच कोई नीति बनाना चाहते हैं, तो वह याद रखें कि हिन्दुस्तान पूरे का पूरा गरीब है, लेकिन कुछ राज्य केवल खेती की अमीरी पर निर्भर करते हैं और थोड़ा बहुत पैसा इधर से उधर उनको मिल जाया करता है । अब आन्ध्र वाले को अगर आप कहेंगे कि तुम आ जाओ अन्न निगम में, तो वह कहेगा कि तुम तामिलनाड वाले तो बहुत ज्यादा पैसा मार रहे हो कारखानों में, हम आन्ध्र वालों को लूटना चाहते हैं । इस तरह की झंझट पैदा हो जाया करती है । उस तरफ़ भी मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिए ।

जब राज्यों की चर्चा होती है, तो यह इस बात पर भी ध्यान दें कि 42 रुपये का निकला हुआ चना जब 84 रुपये में बिकता है, तो उसमें कुछ लोगों को घूस और चन्दे का मौका मिल जाया करता है और जब तक चुनाव इस ढंग के होंगे, जैसे आज हैं, तब तक सरकारी पार्टी के सामने हमेशा यह बड़ा प्रलोभन रहेगा कि पैसा इकट्ठा करो, नहीं तो अगली दफ़ा खत्म । तो मंत्री महोदय की नीति नहीं चल पायेगी । यह जो इतनी जबर्दस्त लूट हो रही है—42 रुपये में खरीद कर 84 रुपये में बेचना—उसका एक मुख्य कारण घूस और चन्दा है ।

श्री क० ना० तिवारी : यह तो सब पार्टियों पर लागू है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : हम सरकारी नहीं हैं । जब हम सरकारी हो जायेंगे, तब हमारे लिए कहना । अभी तो नहीं है । अभी तो हम किसी को कुछ दे नहीं सकते । तो हमको कोई क्यों देगा ? अभी तो आपको देगा, मुख्यमन्त्री साहब को देगा, चोरों को देगा । हम को क्यों देगा ?

आप इस बात पर फैसला करवाइये कि क्या भारत में आजकल—और प्राय: हमेशा—मृत्यु भोजन के न मिलने के कारण होती है या नहीं । इसके ऊपर हमेशा बहस चला करती है । सरकार हमेशा यह कह कर हट जाती है कि कोई मरा नहीं है । मैं आपको याद दिलाऊं कि जब बंगाल में चालीस, पचास लाख आदमी मरे थे, तब अंग्रेजों ने जो कमीशन बिठाया था, उसमें भी यह बात लिखी गई थी कि किसी एक डाक्टर ने नहीं कहा कि एक आदमी भी बिना खाये मरा है, क्योंकि ऐसा कोई डाक्टर है ही नहीं, जो ऐसा कह सकता है । जो मरता है, वह या बुखार से मरता है, या पेचिश से मरता है, या और किसी कारण से मरता है, लेकिन वे सब बिना खाये मरते हैं । मैं आपसे विनय के साथ कहना चाहता हूं कि हमारे यहां हर साल करीब चालीस लाख आदमी असमय मरा करते हैं । चालीस लाख आदमी कैसे कह रहा हूं । आप देखें कि यूरोपीय देशों में हजार पीछे दस आदमियों की मृत्यु होती है साल भर में । हमारे यहां हजार पीछे 19 और 20 आदमियों की मृत्यु होती है । चालीस लाख की असमय मृत्यु होती है । वे समय के पहले मर जाते हैं । अगर आप चाहते हैं कि यूरोपीय मृत्यु की दर हमारे देश में रहे तो आपको उनके जैसा खाना, उनके जैसा भोजन, उनकी जैसी तन्दुरुस्ती और स्वास्थ्य यहां के लोगों को देना होगा । अगर ऐसा होता तो यहां पर चालीस लाख आदमी जो ज्यादा मर जाते हैं हर साल वे न मरते । ये आदमी बिना खाये या कम खाए मरते हैं । यह एक विषय है जिसको मैं आपको थोड़ा सा विस्तार में बतलाना चाहता हूं । आप समझते हैं कि यहां एक भी नहीं मरता है इस कारण से । आप समझते हैं कि अगर कोई मरता है तो लोगों उपवास से मरता है । उसी को आप मौत समझते हैं । अकाल मृत्यु उसी की होती है जो आदमी खाना छोड़ दे, जैसे जैन मुनि लोग खाना छोड़ देते हैं या कोई आदमी व्रत रख लेता है और खाना छोड़ देता है और उसके कारण से उसकी मृत्यु हो जाती है । यह बिल्कुल अलग चीज है । भोजन के अभाव से जो मृत्यु होती है वह दूसरी किस्म की है । एक तो होती है कम खाये और एक होती है बिन खाये । जहां तक कम खाए का सम्बन्ध है मैं समझता हूं कि करीब-करीब छ:, सात लाख आदमी हर साल कम खाए मर जाते हैं और बिन खाए मरते हैं और आज भी मर रहे हैं, दो, चार पांच लाख । हो सकता है कि कभी-कभी इनकी तादाद बीस-पच्चीस लाख तक चली जाती हो या चली जाए या और भी ज्यादा हो जाए । इसमें ऐसा होता है कि दो दिन खाने को नहीं मिला, फिर चार, छ: छटांक मिल गया, एक दिन नहीं मिला, फिर एक या दो या तीन या चार छटांक मिल गया । ऐसे आदमी चार, पांच महीनों के अन्दर मर कर रहेंगे । ऐसे आदमियों को आप कहेंगे कि वे बिन खाए नहीं मरे तो मैं कहूंगा कि वे बिना खाए मर गए हैं । ऐसे लोगों की मृत्यु की तादाद अपने देश में बढ़ती चली जा रही है । मृत्यु को तो आप छोड़ दें लेकिन अब लोग इस कारण से आत्म हत्यायें तक करने लग गये हैं । अपने बीवी-बच्चों को लेकर जबर्दस्त तादाद में आत्म-हत्यायें उनकी बढ़ रही हैं, क्योंकि खाना नहीं मिल रहा है । खाने के मामले में आप मेहरबानी करके एक मेरी और बात पर ध्यान दें ।

इस वक्त आप समझते हो कि साढ़े सात छटांक औसत पड़ता है । जब तक इस औसत को और आबादी को विभिन्न वर्गों में अलग-अलग आप नहीं बांटेंगे कोई नतीजा

नहीं निकल पाएगा । पंचवर्षीय योजनाओं के आधार ऐसे है कि कुछ लोगों का भोजन तो बढ़ेगा और कुछ का भोजन घटेगा । इसका कारण यह है कि औसत तो बढ़ नहीं रही है जिस तरह से आबादी बढ़ती रही है । उसी आबादी में हो रही बढ़ोतरी के हिसाब से आप अपनी जमीन को बढ़ा पाते है, उस से अधिक नहीं । उससे अधिक पैदावार भी नहीं बढ़ रही है । इस वास्ते औसत ज्यों का त्यों रहता है । वही साढ़े सात छटांक प्रति व्यक्ति औसत रहता है । नतीजा होता है कि पंचवर्षीय योजना के कारण जो उद्योगीकरण होता है, जो लोग मजदूर बनते हैं, जो लोग रिक्शा चलाते हैं, जो लोग फैक्टरों में भरती होते है उनकी तादाद जब बढ़ती है तो वे 6-7 छटांक से 8-10 छटांक चाहते हैं । फिर जो लोग दो, चार या पांच छटांक वाले होते है व घट कर तीन, साढ़े तीन छटांक खाना शुरू कर देते हैं ।

आपके डिप्टी स्टर साहब जब दो, चार दिन पहले मुझे मिले तो उन्होंने मुझ से पूछा कि कैसे जान गये थे कि नवम्बर-दिसम्बर में अकाल होगा । तब मैंने उनसे कहा था कि नवम्बर-दिसम्बर में अकाल होगा या जून-जुलाई में होगा यह तो हर एक आदमी कह सकता है जो थोड़ा-बहुत अर्थ शास्त्र जानता है । हालांकि मैं आपसे कहूं सुबह्मण्यम् साहब कि अगर आपका भाषण मैंने दिया होता तो शायद् मैं भारत सुरक्षा नियमों पकड़ कर जेलखाने में बन्द कर दिया गया होता कि तुमने मुल्क में बड़ी घबराहट फैलाई है, चारों तरफ तुमने अकाल की बात कह कर लोगों को एक दम से घबरा दिया है । लेकिन अच्छा हुआ आपने अपने भाषण में यह बात बता दी । इस वक्त मैं बता रहा हूं कि जब तक आपका मौजूदा आधार बना रहेगा तब तक इस पंचवर्षीय योजनाकाल में पांच, दस करोड़ लोग तो आपके पाव-छ: या सात छटांक से नौ-दस छटांक पर पहुंचेंगे और 38 करोड़ लोग घट कर चार छटांक या पांच छटांक या तीन, साढ़े तीन छटांक तक पहुंचेंगे । इसलिए यह मेरी पेशीनगोई है कि जब तक आपकी सरकार की मौजूदा नीति चलती रहती है तब तक इस देश में दुर्भिक्ष प्रतिवर्ष हुआ करेंगे । खासी फर्क यह है कि उसमें दस लाख मरते हैं या एक लाख मरते हैं या पांच लाख मरते है ।

कल से मैं जिससे भी मिला हूं वह सवाल पूछ रहा है कि अगर आप अन्न मंत्री होते तो क्या करते । अपने मित्रों से, साधारण आदमियों से, प्रोफेसरों से, सभी से मैं यह सवाल पूछ रहा हूं कि तुम अन्न मंत्री होते तो क्या करते । कुछ का जवाब होता कि हम सब नियंत्रण हटा लेते, जितने भी प्रान्त से प्रान्त में अन्न की लाने-ले जाने के नियम है उन सबको खत्म कर देते, अनाज को बिल्कुल मुक्त कर देते । कुछ का जवाब होता कि हम उगाही (री करते, पूरी तरह से वसूली करते, पूरी तरह से राशनिंग चलाते । ये दो तरह के जवाब मुझे मिले । कुछ जरूर ऐसे थे जोकि पुरिषा वाले थे । इन दोनों के जवाब मैं कल से सुन रहा हूं । इन दोनों जवाबों में आज देश बंट गया है । इसका नतीजा होता है कि बुनियादी बात सामने नहीं आ पा रही है । इनदो समूहों की एक बुनियादी बात आप पकड़ कर रखो, कि कोई भी तरीका सफल नहीं हुआ अब तक कि जेल और दंड की भी उसी के साथ-साथ व्यवस्था आप नहीं रखेंगे किसी न कि किसी रूप में । मैं फांसी वाले आदमियों में से नहीं हूं जो यह कहूं कि फांसी पर चढ़ा दो फिर चाहे व्यापार मुक्त करो या सरकार के हाथ में व्यापार ले लो । दो बातें निहायत जरूरी हैं । एक तो दीर्घकालीन सिंचाई जो अभी मैंने कही कि मुफ्त सिंचाई पूरी 26 करोड़ एकड़ के लिए । हमारे देश के प्रधान मंत्री जी महाराज ने अपने कुछ दिन पहले के एक भाषण में कुछ बातें कही थीं । लेकिन वह भाषण थोथा है, कमजोर नहीं है । दूसरी बात है कि अनाज और कारखानों के दामों में सन्तुलन कायम किया जाए और उस दाम के

[डा० राम मनोहर लोहिया]

संतुलन को जो तोड़ता है उसको सजा दी जाए, फिर चाहे वह सरकारी आदमी हो, मंत्री हो या व्यापारी हो ।

एक आखिरी बात मैं कहना चाहता हूं । यह जो मैं कहने जा रहा हूं बिल्कुल निश्चित बात है । आप समझ कर रख लें । इस में छिपाने की कोई बात नहीं है और न मैं आपको कोई धमकी दे रहा हूं । बहुत मुसीबत में हम लोग हैं । कई जगह बगावत हो रही है किसान से । जिस किसान ने धान बोया तक नहीं है उस किसान से धान की मांग की जा रही है । कई जगहों पर जबर्दस्ती हो रही है । एक तो यह जबर्दस्ती और दूसरी तरफ अगर दुर्भिक्ष और अकाल पड़ा, तो वैसे मौके पर चुप बैठे रहना हमारा काम नहीं होगा । जब तक सरकार अपनी नीतियां नहीं बदलती है तब तक यह निश्चित बात है कि अगर कोई इस सच्ची नीतियों के ऊपर चलना चाहता है तो उसका यह धर्म हो जाता है कि वह इस सरकार को खत्म करे और लोगों को कहे कि अकाल पड़ने से पहले, भूख से मरने के पहले जाओ मंत्री और अफसर के घर और उनसे कहो कि हमें खाने को दो, तब तुम खाओ । जब लोगों को खाने को नहीं मिलेगा तो यह बात होकर रहेगी । इसमें जरूर शक है । मेरे पास कुछ लोग अभी आए और उन्होंने कहा कि देखो हमारी बात उठाओ । मैंने पूछा, आपका नाम क्या है, तो उन्होंने नाम नहीं बताया । डर के मारे नहीं बताया । सरकारी नौकर हैं, बहुत जबरदस्त डर है । शायद उसी डर की बुनियाद पर आप लोगों को इतना घमंड है । यह घमंड न करो । भारत की जनता का डर भी कभी टूट सकता है, जैसे उसका धीरज टूट रहा है और उस वक्त जो मैंने कहा है अभी, डलवा होकर रहेगा ।

श्री अ० लि० सहगल (जंजगीर) : खाद्य पदार्थों को लेकर आज जो स्थिति हमारे देश में पैदा हो गई है, उस पर आज यहां चर्चा हो रही है । मैं मध्य प्रदेश की इस सम्बन्ध में कुछ चर्चा करना चाहूंगा । मध्य प्रदेश को सालाना विभिन्न प्रकार के अन्नों की किस मात्रा में जरूरत है, उसका थोड़ा सा विवरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । इससे हाउस को पता चल जायेगा कि दरअसल में मध्य प्रदेश सरप्लस है या डिफिसिट है । डोमेस्टिक कंजम्पशन के लिए बीज के साथ-साथ चावल और गेहूं की करीब-करीब 19 लाख मेट्रिक टन की हमें जरूरत पड़ती है । इसके साथ-साथ जब नार्मल इयर हमारा होता है, जिस साल स्थिति अच्छी होती है, पानी की व्यवस्था ठीक होती है, पानी बराबर पड़ता है, तब हम बराबर सप्लस रहते हैं । इस में दो राय नहीं हैं । आज हमारे मध्य प्रदेश में हालत यह है कि वहां चौबीस जिले ऐसे हैं जहां पर अकाल है, और उन में से दो कमिश्नरियां ऐसी हैं छत्तीसगढ़ में, रायपुर और बिलासपुर, जहां से हम लाखों टन अन्न भेजा करते थे बाहर को । लेकिन हमारे यहां के आंकड़े मंत्री महोदय के पास हैं उन से मालूम होता है कि बहुत सी जगहों पर तो रुपये में चार आना कांप भी हमें नहीं मिलेगी । इसलिये इन चीजों को देखते हुए मैं आप से कहूंगा आप हमारे यहां के प्रोडक्शन के फिगर्स को देखें । वह फिगर्स मैं आप के सामने रख रहा हूं जो कि सन् 1962–63, 1963–64 और 1964–65 के हैं और लाख मीट्रिक टन्स में हैं :

	1962–63	1963–64	1964–65
चावल	23.56	33.31	34.26
गेहूं	21.53	16.74	14.28
ज्वार	15.24	13.30	17.24
मेज	4.66	6.03	5.51
बाजरा	1.35	1.26	1.40
धान	8.34	7.85	6.81

इन सारी चीजों को देखते हुए मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि हमारी स्टेट को जरूरत कितनी है । स्टेट के लिये चाहे हम राशनिंग करें चाहे फेयर प्राइस शाप्स खोलें, मध्य प्रदेश को करीब-करीब । लाख मीट्रिक टन इम्पोर्टेड व्हीट की जरूरत होगी और 1 लाख मीट्रिक चावल की जरूरत होगी ।

अब मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि हमें मिला क्या । हमें 1964 में 1 लाख 57,000 मीट्रिक टन इम्पोर्टेड व्हीट मिला । इसके अलावा 1965 में 35,000 मीट्रिक टन इम्पोर्टेड व्हीट मिला । इसी तरह से 1964 में हमें चावल मिला 9,000 मीट्रिक टन और 1965 में मिला 2,000 मीट्रिक टन ।

इसके बाद आप देखिये कि सेंट्रल गवर्नमेंट ने जो प्रोक्योरमेंट किया है वह कितना है । उसने 1963–64 में 1.88 लाख मीट्रिक टन चावल प्रोक्योर किया । 1964–65 में उन्होंने करीब 4.2 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदा । इन सारी चीजों को देखने के बाद आप देखिये कि गवर्नमेंट आफ इंडिया की तरफ से सन् 1963–64 में 1.29 लाख मीट्रिक टन चावल का प्रोक्योरमेंट लेवी के तौर पर हुआ और उसके बाद 2.49 लाख मीट्रिक टन महाराष्ट्र और गुजरात को व्यापार बताने की दृष्टि से भेजा गया । इस तरह से यह सब मिला कर 3.77 लाख मीट्रिक टन हो गया ।

हमारे यहां 1678 फेयर प्राइस शाप्स हैं । यदि उनके होते हुए हम से कहा जाता है पूरे स्टेट के सम्बन्ध में कि हम सप्लस है तो मैं ज्वार के बारे में भी आप को बतलाना चाहूंगा । हमारे यहां जब फसल अच्छी होती है तब हम ज्वार और चने में थोड़ा सप्लस हो जाते हैं । जब हमारे यहां गेहूं कम होता है तब यही ज्वार और चना अधिक मात्रा में खर्च होता है । उस को इस्तेमाल करने के बाद जो एक्स्ट्रा ज्वार बच जाती है उस को हम उन जगहों में भेज देते हैं जो कि डेफिशिट होती हैं । हमारे स्टेट के हिसाब-किताब को देखने से पता चलेगा कि हम ने कुल 54,000 मीट्रिक टन खरीदा । उसमें से केन्द्र के हुक्म के मुताबिक हम ने 10 हजार टन महाराष्ट्र को भेज दिया और 40 हजार टन गुजरात को भेज दिया ।

इन सारी चीजों को बतलाने के बाद अब मैं कुल भावों के सम्बन्ध में बतलाना चाहूंगा । गवर्नमेंट आफ इंडिया के हुक्म के मुताबिक स्टेट गवर्नमेंट ने व्हीट, पैडी ज्वार, बाजरा और मेज कोर्जो भाव 1964–65 के लिये मुकर्रर किये वह इस प्रकार से :

(1) पैडी :

कोर्स	35.00 रु० पर क्विंटल
मीडियम (2)	36.75 रु० पर क्विंटल
मीडियम (1)	38.15 रु० पर क्विंटल

(2) व्हीट :

रेड वेराइटी	45.50 रु० पर क्विंटल
कामन वेराइटी	49.50 रु० पर क्विंटल
सुपीरियर वेराइटी	53.50 रु० पर क्विंटल

(3) कोर्स ग्रेन :

ज्वार	38.00 रु० पर क्विंटल
बाजरा	40.00 रु० पर क्विंटल
मेज	36.00 रु० पर क्विंटल

इन सब बातों को देखते हुए मैं इरिगेशन मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि वह जरा गौर करें । आज हमारी प्रोजेक्ट से आप लोगों को पानी नहीं देते हैं । मैं कहता हूं कि अगर आप पानी की व्यवस्था कर दीजिये तो जो हमारी सप्लस डिस्ट्रिक्ट्स हैं वहां से हम बराबर उसी भी शार्टेज वाली स्टेट्स है उन को अन्न दे सकते हैं । इस के लिये हम नहीं, नहीं करेंगे । लेकिन जब तक इरिगेशन फैसिलिटीज नहीं होती है तब तक कुछ नहीं हो सकता है । हमारे इरिगेशन मिनिस्टर साहब ने बहुत सी

[श्री प० सिंह सहगल]

जगहों पर जा कर देखने के बाद इरिगेशन की व्यवस्था की । इसके लिये मैं उन को बधाई देता हूं लेकिन बधाई देने के साथ साथ उन से यह अर्ज करूंगा कि आप हमारे हरदी प्रोजेक्ट को पहला दर्जा क्यों नहीं देना चाहते हैं । आखिर हम से आप चाहते हैं कि हम देश को अन्न दें तो उस अन्न के लिये आप को पानी की व्यवस्था भी करनी चाहिये । आप की जो दूसरी प्रोजेक्ट्स हैं वह मल्टी परपज प्रोजेक्ट्स है । वह सिंचाई के उतने ही काम आ सकती है ।

इसी तरह से अगर आप चाहते है कि बिलासपुर तहसील में ज्यादा पैदावार हो तो आप को अपनी प्रोजेक्ट की भी हाथ लेना चाहिये । इसी तरह से बिलासपुर अगर हाफ प्रोजेक्ट पर भी गौर कीजिये। हमारे प्रदेश के दक्षिण में जो जो भी स्टेट्स है वहां चूंकि पानी की व्यवस्था है इसलिये वह हम से दूनी और तिगुनी काप्स ले रहे हैं । क्या अगर हमारे यहां पानी की व्यवस्था हो जाये तो हम भी उसी तरह से अच्छी काप्स आप को नहीं दे सकते हैं । जरूर दे सकते है । लेकिन इसके लिये जरूरी है कि हमारे यहां जो फैमीन कंडिशन्स इस वक्त बनी हुई हैं उन में रिलीफ वर्क्स को खोला जाये । रिलीफ वर्क्स के साथ वहां पर आप आदमियों को खाना दें । साथ में जो तकावी लोन्स आप ने दिये है जो बेचारे काश्तकार उन को वापस नहीं दे सकते है उन के ऊपर हमें सहानुभूति से और मनुष्य के नाते विचार करना पड़ेगा और व्यवहार करना पड़ेगा । ताकि वहां के लोगों के साथ हम कोई किसी किस्म की जोर जबरदस्ती न करें और हमारा कार्य हो । हमारी स्थिति आज कर्ज लेने से बहुत ही भयानक है, हमारे काश्तकार भाइयों को और इसलिए काश्तकार हरदम साहूकार के पास जाता है । मैं अपने कृषि मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि आप इस बात को सोचिये कि जो बड़े बड़े बैंक्स हैं, उन बैंकों के जरिये से, जो कोआपरेटिव बैंक्स है उनके जरिये से आप इंडिविजुअल लोन्स दें । आज तो बात असल यह है कि सहकारिता के आधार पर हम जितने भी लोग है वह नामिल हों तभी पया पा सकते हैं । इसलिए इंडिविजुअल लोन पर भी आप को विचार करना है ।

आखरी शब्द में यह कहूंगा कि यह जो स्मार्ट हॉल्डिंग्स है, मैं एक खुद काश्तकार हूं और मैं खुद 150 एकड़ में खेती करता हूं लेकिन आज मेरी यह हालत है कि मेरे पास में कोई भी ऐसी चीज नहीं है । क्योंकि मेरे यहां अन्न नहीं हुआ है तो बीज के लिए भी मेरे पास कुछ नहीं है, तो वह क्या कर सकेंगे यह तो हम लोगों की हालत है जो कि खेती करते हैं। इसलिए खाद के बारे में फर्टिलाइजर्स कोरखा में लगाना चाहते है जिससे कि छत्तीसगढ़ को ही फायदा नहीं होगा सारे प्रान्त को फायदा होगा, लेकिन वह भी पता नहीं कब लगेगा, इसका निर्णय आप लेंगे ।

मैं आप से यह भी कहूंगा कि अनुसन्धान का जो कार्य आप कर रहे हैं, आपको जो फाइंडिंग्स है, उसको देखकर के हमें देखना पड़ेगा कि किस तरह से हम आगे बढ़ सकते हैं । अन्त में एक शब्द कह कर बन्द करता हूं कि आप के जो डिपार्टमेंट है, कम्यूनिटी डेवलपमेंट है, इरिगेशन है, फूड डिपार्टमेंट है, इनको तो आप इस तरह से बांधिये जिसमें एक दूसरे से कन्धा मिला कर चल सकें । यदि हम अलग अलग रास्ते जायेंगे तो कामयाबी नहीं कर सकते । इसलिए मैं आग्रह करूंगा कि आप इस चीज के बारे में जरूर गंभीरता के साथ विचार करके काम करें और इसी में हमारी कामयाबी है ।

Shri Hanumanthaiya (Bangalore City): Sir, today, I am not making a speech formulating proposals to relieve the great crisis that has arisen in this country. That requires probably longer time and greater seriousness of approach. Today I feel like speaking after I heard on the

rushing the necessary amount of foodstuffs to Mysore to help people who are affected by scarcity conditions; I felt very happy and I felt like thanking the Government of India. It is therefore that I have summoned courage enough to speak today. The southern part of Mysore from which I hail never knew what scarcity conditions were in human memory. In fact when other parts of the country suffered from famine we had plenty of rain and food crops. My grandfather used to narrate that about ninety years ago there was a famine and lot of people died. Sir M. Visvesvarayya has written a biography of his. He mentions this famine. It seems there a number of people died and bodies were scattered in the streets, in the villages and the towns. Similar things would have happened today. But the world conscience is such today that it has evolved to a certain level, certain height, I suppose, that no country will look on with equanimity when people in other countries die of hunger. Whatever our leaders may say, that we want aid with strings or without strings, these are irritating phrases; these are phrases that emanate from haughty hearts. This is the time when we have to feel humble, when we have to make the other nations of the world feel that here is a country which needs their sympathy, help and assistance. It is not a question of a beggar laying down conditions. Whether our leaders formulate phrases in this irritating manner or not, the world is bound to help us and it will help us. Therefore, there is no need for us to get frightened over these things. If there is no such help we are bound to lose, not 5,000 people or so—the casualties we suffered on the western front during our recent conflict with Pakistan—but 5 crores of people who will die of hunger in India. That is the position we are facing today. We have to so formulate our foreign policies that we have to give up this 18-year old repetition of those formal phrases which have brought more anger from many a nation against us than mellifluous attitude. All the time, we repeat the same words and phrases for the last 18 years, and it is time that we changed them. If we want aid or help without strings, we must be conscious in saying so; that we are having our own strings in getting help from others. This is a kind of perverse psychology. On the other hand, if you say that we need so much help and that people are dying, then, it appears as proper frame of mind. That is necessary. That will be of much help, in order to get help from abroad.

I shall make only two or three suggestions pertaining to the scarcity areas. Relief measures should be immediately taken up. My hon. friend the Minister of Irrigation knows that nearly two years ago, the Members of Parliament from Mysore sat in a conference, and the late Shri Dasappa, although he was a Cabinet Minister, was present at the meeting. All of us unanimously requested that a particular minor irrigation project may be taken up in the Bangalore district, the project called Manchanavele project. The Miniater also agreed, but it has not yet reached the stage of even administrative sanction. This is the way we are proceeding in our governmental work. The reason, I do not want to state here, because this is too serious a situation for us to accuse one another. I do not want to do it today.

This project will serve not only as a future protection against famine and scarcity conditions but it will immediately provide people with relief work. So, this work must be immediately taken up. That is my request to the hon. Minister for Irrigation and Power.

The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao): What is this project?

Shri Hanumanthaiya: It is in Bangalore district; Ramavaram Taluk. Your predecessor, Hafiz Muhammad Ibrahim, had sanctioned it.

radio that the Central government is

[Shri Hanumanthaiya]

Next, I make a personal appeal to the Food Minister to see how anomalous the position is regarding pulses. In Punjab and Rajasthan Bengal gram sells at about Rs. 50 per quintal. The same stuff is sold at about Rs. 200 in Mysore. I have received this letter from Shimoga. If there is free movement, if people are not able to get rice or ragi or other grains, they can at least eat these pulses.

The Minister of Food and Agriculture (Shri C. Subramaniam): There is no restraint on pulses.

Shri Hanumanthaiya: I am speaking subject to correction. The letter says, "Need for removal of movement restriction on pulses."

Shri C. Subramaniam: There is no restriction on the movement of pulses.

Shri Hanumanthaiya: If there is no restriction, I am very happy.

Shri Sinhasan Singh (Gorakhpur): On gram, there is restriction.

Shri C. Subramaniam: I agree that on gram there is movement restriction but not on pulses.

Shri Hanumanthaiya: That is a distinction without much difference.

Mr. Deputy-Speaker: Is not gram a pulse?

Shri C. Subramaniam: Because gram is used as a cereal in Uttar Pradesh, Bihar and Punjab and other places, they wanted it to be classified as a cereal and be left with them and be moved on a controlled basis, but as far as other pulses are concerned, there is absolutely no restriction.

Shri Hanumanthaiya: Therefore, the truth of my statement is partially admitted by the hon. Minister. Gram is a very substantial food in our part of the country. Many a time a kilogram of gram would be able to maintain a family for a day or two. There it is a substantial food, a nourishing food, and I want restriction to be removed throughout India so far as Bengal gram is concerned.

Shri K. N. Tiwary: Not only Bengal gram, Punjab gram also.

Shri Hanumanthaiya: All kinds of gram.

Another suggestion I could make is this. I have been watching this food problem being discussed, being evolved, being implemented for the last 18 years. I was a member of the Provisional Parliament also. Ever since that time the same proposals have been there. Whatever the present Minister has formulated and adumbrated in his speech here and elsewhere, the same suggestions have been made, discussed and approved before. It is only at the stage of implementation that it has failed. I am very happy, the hon. Food Minister has very frankly and very courageously pointed out the administrative deficiencies. It is, in fact, this administrative deficiency that is responsible for the present situation—it is not so much planning, it is not so much the formulation of policies. If, as they say, food has to be tackled on a war basis, do we really implement it—that very phrase, "tackling it on a war basis"? In the days when we were fighting with Pakistan every one of us was on his toes. The Cabinet formed a sub-committee. The Prime Minister was constantly in charge of day-to-day developments. If this food problem, the biggest problem which in the most tragic way is facing us to day is to be solved, the food portfolio should be taken by the Prime Minister and the food portfolios in the States must be taken by the Chief Ministers. Secondly, all the IAS and ICS people must be kept away from anything concerned with food and agriculture people who know about agriculture, namely, departmental people, engineers and technicians must be made responsible for

this work. A sweet-speaking Secretary in the Secretariat, either here or there, manages to become the Director in charge of food production. What incentive can these technical people have if a generalist comes and sits over their heads? He has neither the necessary knowledge the necessary psychology, nor the necessary vision in that particular field. The first and foremost thing that is to be done is to keep these IAS and ICS people away from the field in which they are not proficient. Then, the so-called Director of Agriculture—because he has that background of agriculture—must be made really responsible for agricultural production. If he is not able to deliver the goods within a particular period he must be dismissed. The psychology of "war basis" is that you go and lay down your life in the war front. It is only when you are prepared to lay down your life that you will be able to win a battle. You cannot keep your body intact and yet kill the enemy and win the war.

Shri C. Subramaniam: At least we should lay down our office!

Shri Hanumanthaiya: At least these people who are Directors of Agriculture and their subordinates and, even if it comes to that, the concerned ministers, must be told that they should lay down their offices, if they are not able to fulfil their pledge within three years or so.

श्री तन सिंह (बाड़मेर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मूल प्रस्ताव रखते हुए माननीय कृषि मंत्री महोदय ने बताया था कि हमारे यहां अन्नाभाव और अकाल का मुख्य कारण वर्षा का अभाव है। लेकिन मैं निवेदन करूंगा कि वर्षा कोई एक ऐसा नया कारण तो नहीं है। देश की जलवायु किसी पार्टीविशेष के कारण परिवर्तित हो गयी ऐसी भी बात नहीं है। जैसे हमारे देश की जलवायु पहले भी वैसी ही आज है और भविष्य में भी वैसी ही रहेगी, और यदि अन्न संकट के सम्बन्ध में इस वर्षा के अभाव के कारण को लेंगे तो उस का तो कोई अन्त ही नहीं होगा, विशेषतः हमारे आजादी प्राप्त करने के 18 साल बाद जब कि हम अपनी आर्थिक योजनायें बना रहे हैं। 15 वर्ष से हमारा आर्थिक नियोजन चल रहा है, फिर भी अगर वर्षा पर हम आधारित रहेंगे और तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद भी हम वर्षा और बाढ़ का कोई नियंत्रण न कर सकेंगे, तो हमारे योजना का कोई अर्थ नहीं है।

मैं तो यह कहूंगा कि 15 वर्षों से लगातार करीब करीब प्रति वर्ष लोक सभा में अन्न संकट पर और बाढ़ पर बहस ही हो जाया करती है। जब कभी भी ऐसी परिस्थितियां पैदा होती हैं उस समय हम कुछ अल्पायी कार्य अपने हाथ में लेते हैं और थोड़ी सी राहत मिलने के बाद बेखबर हो जाते हैं। नतीजा यह होता है कि इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं मिल पाता और प्रति वर्ष यह समस्या बढ़ती जा रही है।

हमारे देश में एक योजना आयोग का गठन हुआ, और उस के सम्बन्ध में बताया जाता है कि सारे देश का संतुलित विकास इस आयोग द्वारा हो रहा है। मुझे खेद है कि यह आयोग न तो इस देश की जनता के प्रति उत्तरदायी है, न इस लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है। आज तक 15 वर्षों के बाद भी यदि वह बाढ़ नियंत्रण न कर सका, अति वृष्टि के सामने को ठोक प्रकार से नियोजित न कर सका तो मैं नहीं जानता कि यह योजना आयोग क्या कर रहा है। केवल औद्योगिक उत्पादन के दृष्टिकोण से योजना आयोग ने यदि हजारों करोड़ रुपया खर्च कर दिया है और कृषि को बिल्कुल उपेक्षा की है, तो औद्योगिक उत्पादन पर भी उस का कुप्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा।

अभी अभी एक पूर्व वक्ता ने बताया था कि अन्न के मामले में राजनीति का

[श्री तन सिंह]

प्रयोग नहीं होना चाहिए । मैं निवेदन करूंगा कि संसार में बहुत से ऐसे देश हैं जैसे इजराइल, जहां की जलवायु और परिस्थितियां राजस्थान के समान हैं । लेकिन उस देश ने बहुत थोड़े समय में अपने तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक प्रयोगों से बहुत उन्नति की है । हम ने अरब राष्ट्रों को संतुष्ट करने के लिए ही इजराइल से दौत्य सम्बन्ध स्थापित नहीं किए हों, किन्तु हमारे देश की बहबूदी के लिए उन के इस प्रकार के तकनीकी सहयोग में क्या बाधा पड़ती है ? और यदि यह राजनीति नहीं है तो मैं नहीं जानता कि इस प्रकार के देशों से हम लाभ क्यों नहीं उठा पाते ।

और राजनीति का एक और उदाहरण दूंगा । सिंदरी में खाद का कारखाना बनाया गया है और उस के लिए जिप्सम आता है राजस्थान से । जो जिप्सम खान पर पांच रुपया और सात रुपया पर टन पड़ता है वह सिंदरी पहुंच कर 39 और 43 रुपया प्रति टन पड़ता है रेल भाड़े के कारण । सिंदरी कारखाने में वही खाद बन जाने के बाद वापस राजस्थान में लाया जाता है तो उस का मूल्य तीस और 35 रुपया प्रति टन और बढ़ जाता है । यदि यह राजनीति नहीं है तो यह योजना आयोग की कौन सी सूझ बूझ है कि कच्चा माल तो राजस्थान में हो रहा है और कारखाना बनाया जा रहा है बिहार में, कच्चे माल को वहां पहुंचाने और वापस तैयार माल को लाने में 60 रुपया प्रति टन उस पर उत्पादन का बोझ पड़ जाता है । मैं तो यही कहूंगा कि योजना आयोग की सूझ बूझ के कारण ऐसा हो रहा है, तो निश्चय ही उस की सूझ बूझ के पुर्जे ढीले है ।

यदि अनावृष्टि का हम स्थायी रूप से मुकाबला करना चाहते है तो हम को नहरों का जाल बिछाना पड़ेगा । अभी खेद है कि हमारी समूची भूमि में केवल 20 प्रति शत भूमि ऐसी है जहां सिंचाई होती है । राजस्थान नहर योजना के लिए बड़ा शोर मचा है । उस का स्वर कांडला तक पहुंच गया है लेकिन उस में पानी सूरतगढ़ तक भी नहीं आया है ।

16.00 hrs.

राजस्थान सरकार ने बहुत पूर्व भारत सरकार से निवेदन कर दिया था कि राजस्थान नहर का जो आर्थिक दबाव है वह उसे सहन नहीं कर सकती । उस के पास इतने आर्थिक साधन नहीं हैं, इसलिये भारत सरकार को इस कार्य को अपने हाथ में ले लेना चाहिये । न जाने भारत सरकार के किन विभागों में राजस्थान नहर योजना के लिये इतनी सुस्ती आई जिस के कारण इतने वर्ष इस का निर्णय करने में लग गये, और आज भी मुझे सन्देह होता है कि भारत सरकार के इस निर्णय के उपरान्त राजस्थान नहर परियोजना शीघ्रता से पूर्ण हो जायेगी । इस नहर का महत्व इतना ही नहीं है कि वहां अन्नोत्पादन की न्यूनतायें हट जायेंगी बल्कि इस का प्रतिरक्षा की दृष्टि से भी बड़ा महत्व है । आप जानते हैं कि अभी भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बीच, हम यह यदि मान भी लें कि हम लाहौर पर आक्रमण करना नहीं चाहते थे तथापि यह बात छिपी नहीं है कि उस के बीच में इच्छोगिल नहर ऐसी थी जिस को पार करना हमारे सैनिकों के लिए आसान काम नहीं था । यदि हम इस बारे में विचार करें तो राजस्थान और पाकिस्तान के बीच में लगभग 600 मील लम्बी एक ऐसी सीमा है जो प्राकृतिक सीमा रेखा नहीं है, और इस देश के बचाव के दृष्टिकोण से यदि इस नहर का युद्ध स्तर पर निर्माण किया जाये और जो कि रामगढ़ तक आने वाली है उस को कुछ और लम्बा किया जाये, सौ या सवा सौ मील और लम्बा किया जाये, और गहरा बनाया जाये, तो यह नहर केवल हमारे अन्नोत्पादन में ही योगदान नहीं दे सकती बल्कि हमारे देश

के लिये यह एक प्राकृतिक सीमा रेखा का भी काम कर सकती है और वहां के सारे साधनों का भी हम ठीक प्रकार से उपयोग कर सकते हैं ।

मेरा विश्वास है कि प्रतिरक्षा विभाग और कृषि विभाग के बीच समन्वय की बड़ी आवश्यकता है । शंकर समिति ने बहुत पहले यह दृढ़तापूर्वक सिफारिश की थी कि कृषि, सामुदायिक विकास और सिंचाई विभागों के लिए एक यूनिफाइड कमान्ड होनी चाहिये । जिस प्रकार रक्षा मंत्रालय में वायु सेना, जल सेना और स्थल सेना के अतिरिक्त उत्पादन और सम्भरण विभाग है, फिर भी वह स्वयं अपने अन्दर एक सेल्फ कंटेन्ड रक्षा मंत्रालय है, उसी प्रकार यदि हम स्थायी तौर पर अपने अन्न संकट को हल करना चाहते हैं तो इन विभागों के बीच में एक यूनिफाइड कमान्ड होनी चाहिए और उन में समन्वय और सन्तुलन होना चाहिये ।

राजस्थान में जब पिछले वर्ष अकाल पड़ा था उस समय कृषि मंत्री महोदय ने सदन को आश्वासन दिया था कि उसी वर्ष ढाई सौ नलकूप वहां खोदे जायेंगे, लेकिन मुझे खेद के साथ निवेदन करना पड़ रहा है कि उन ढाई सौ नलकूपों में से केवल 125 तक ही बन सके हैं । आप अनुमान चाहे जो बना लें और उस के वास्ते चाहे जितने व्यापक आंकड़े आदि दिखा दें, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि हम इन आश्वासनों, आशाओं और विश्वासों के आधार पर कितने अर्से तक लोगों को गुमराह कर सकते हैं । यदि यह कहा जाता है कि राजस्थान सरकार ने नलकूप योजनाओं के लिये स्थान निश्चित नहीं किये थे तो इस की जिम्मेदारी किस पर है, यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं ।

अभी बहुत सी बातें इस विषय में भी कही गई कि केन्द्रीय सरकार के पास कृषि विभाग होते हुए भी कृषि मूलतः राज्य सरकार का विषय है, और इस में राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार के बीच में पूरा समन्वय नहीं है । केन्द्रीय सरकार की नीतियों को राज्य सरकारें ठीक प्रकार से निभा नहीं पातीं, उस की नीतियों को वह ठीक प्रकार से आगे नहीं ला पातीं जिस के कारण इस समस्या के अच्छी तरह से हल होने में असुविधा रहती है । लेकिन यह जिम्मेदारी किस पर है । यह वक्तव्य उन्हें बजाय लोक सभा में देने के अपनी कांग्रेस पार्टी में देना चाहिये क्योंकि राज्य सरकारें अभी उसी पार्टी की हैं । यदि यह नहीं हो सकता है तो चाहे कुछ भी करना पड़े, चाहे संविधान में संशोधन ही करना हो या और किसी प्रकार की प्रक्रिया स्वीकार करनी हो, वह हमें करना चाहिये । हम यह नहीं चाहते कि हमारे देश में अन्न का संकट इसी प्रकार बना रहे और उस के मार्ग में राज्य सरकारें राजनीति के वश या अपनी स्वाभाविक आरामतलबी की वजह से रोड़ा बन कर खड़ी रहें ।

मैं आप को एक ऐसा दृष्टान्त देना चाहता हूं । हमारी केन्द्रीय सरकार ने राजस्थान के जेसलमेर क्षेत्र में नलकूप बनाये थे सन् 1954 में । उन नलकूपों में लगभग 50 हजार गैलन पानी प्रति घंटा आ सकता था । लेकिन आप को यह जान कर आश्चर्य होगा कि सन् 1964 तक उन नलकूपों के अन्तर्गत पड़ने वाली जमीन का आवंटन अथवा अलाटमेंट नहीं हुआ । यदि हम लाखों रुपये एक नलकूप पर खर्च कर सकते हैं और व्यापक रूप में हमारी सरकार नलकूप खुदवा सकती है और नौ वर्ष तक राजस्थान में नलकूपों का आवंटन रुका रहता है तो भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिये कि गड़बड़ी कहां है । या तो कानून में गड़बड़ी है या व्यवस्था में गड़बड़ी है । प्रशासनिक व्यवस्था जो है उस की आलोचना न करना ही ठीक है । मैं अब भी निवेदन करूंगा कि सन् 1954 में नलकूप खुदे जिन का आवंटन नहीं हुआ है । परन्तु अब भी नलकूप खोदे जा रहे हैं जहां जमीन का बटवारा नहीं हो रहा है और इस

[श्री तन सिंह]

लिये जो सिंचाई के साधन उपलब्ध किये जा रहे है उन का पूरी तरह से उपयोग नहीं हो रहा है। यदि सरकार यही कहती रहेगी कि यह जिम्मेदारी राज्य सरकार की है तो मैं निवेदन करूंगा कि केन्द्रीय सरकार भी इस उत्तरदायित्व से बरी नहीं हो सकती।

किसी देश के बड़े होने के कई लाभ हैं। उस का सब से बड़ा लाभ यह है कि देश के किसी कोने में यदि अतिवृष्टि हो या अनावृष्टि हो तो उस देश के दूसरे भागों में बचा हुआ धान्य उस जगह ले जा सकता है। इस दृष्टिकोण से हमारा देश सौभाग्यशाली है कि वह बहुत बड़ा देश है किन्तु दुर्भाग्य से सरकार की गलत नीतियों के कारण इस एक देश के कई टुकड़े हो गये है। देश में दो दो बड़े राज्यों को मिला कर के कुछ इस प्रकार की क्षेत्रीय व्यवस्थायें बना दी गई हैं जिस के कारण अन्न एक स्थान से दूसरे स्थान को वैधानिक रूप से नहीं ले जाया जा सकता। नतीजा यह होता है कि चोरबाजारी और छिपे छिपे अनाज के ले जाने की कार्यवाहियां हो रही हैं। हम चाहे जितने जागरूक हों, हमारी सरकार का पुलिस विभाग भी चाहे जितना जागरूक हो, लेकिन वह सब के सब चोरों को नहीं पकड़ सकता है। नतीजा यह होता है कि एक स्थान पर जहां बीच के और मझोले लोग ज्यादा नफा उठाते हैं उस में अन्न के भावों में आंशिक रूप से वृद्धि हो जाती है।

खेतों की खरीद के एकाधिकार का तरीका भी खतरे से खाली नहीं है क्योंकि, मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है, हमारे देश में औद्योगिक उत्पादन के लिये और औद्योगिक विकास के लिये जितना महत्व दिया जा रहा है उतना दुर्भाग्य से कृषि उत्पादन के लिये नहीं दिया जा रहा है। इस का परिणाम यह है कि किसान की हालत उत्तरोत्तर खस्ता होती जा रही है। यदि किसान को अपनी भूमि पर, अपनी कृषि पर उपयुक्त और पूरा लाभ नहीं मिलता तो उस की रुचि कृषि में नहीं रहेगी और उस का परिणाम सारे देश को भोगना पड़ेगा।

आप ने नीति निर्धारित की कि देश में भूमि की अधिकतम सीमा निश्चित कर दी जाये। राजस्थान में इस सीमा निर्धारण से पहले सरकार की ओर से एक इस प्रकार का सर्वेक्षण हुआ था जिस के द्वारा यह प्रतिवेदन प्रस्तुत हुआ कि राजस्थान में इस प्रकार के किसी भी अधिनियम की आवश्यकता नहीं है और भूमि की अधिकतम सीमा निश्चित करने की कोई आवश्यकता राजस्थान में नहीं है। लेकिन सरकार की ओर से यह बताया गया कि क्योंकि योजना आयोग ने इसे एक राष्ट्रीय नीति के रूप में निश्चित कर लिया है इसलिये अधिकतम सीमा का निर्धारण अनिवार्य है। श्रीमन्, जब किसी किसान पर भूमि की एक अधिकतम सीमा निर्धारित हो गई तब उस के बाद जो उस के स्वामित्व का बोझ उस जमीन पर पड़ेगा और दबाव पड़ेगा उस के कारण उस भूमि से उत्पादन की क्षमता बढ़ती जायेगी और भूमि से प्राप्त होने वाला लाभ धीरे धीरे बढ़ते हुए समाप्त हो जायगा। यदि खरीद का एकाधिकार सरकार को दिया जाता है तब उस समय किसान के पास में और कोई विकल्प नहीं है कि वह अपना एक निश्चित जो लाभ है उस निश्चित लाभ के अन्तर्गत अपने अन्न को बेच डाले। मैं यह निश्चय पूर्वक कहता हूं कि इस देश में नारे तो किसान के बारे में बहुत कुछ लगाये जाते हैं लेकिन किसान और कृषि इस देश में बहुत उपेक्षित रही है। मैं नहीं जानता कि अब इस तरह के अन्न संकट के बाद में यही स्थिति बनी रहेगी लेकिन अब तक किसान उपेक्षित रहा है और शहर और गांव का भेद इतना बढ़ गया है कि कोई भी आदमी गांव में रहना इतना पसन्द नहीं करता जितना कि शहर में रहना पसन्द करता है और उस का मुख्य कारण यह है कि भूमि से

होने वाली और रोजगार धन्धों से होने वाली आमदनी में या शहर में नौकरी या दूसरे व्यवसाय से जो आमदनी होती है उस में बड़ा अन्तर है। शहरों का आकर्षण इतना विलक्षण और इतना गहरा आकर्षण है कि जिस के कारण गांव एक तरह से खाली से हो रहे हैं, गांव एक तरह से अर्पा त से हो रहे हैं। उद्योग और कृषि का भेद ही वास्तव में इस के मूल में है और यदि सरकार इस समय अन्न के वितरण में भी, राशन में भी इसी भेद को जीवित रखना चाहती है तो बलिहारी है इस सरकार की। श्रीमन्, गांव का आदमी और शहर का आदमी एक ही देश का नागरिक होने के नाते अपने स्वभाव में, और अपने भोजन की पद्धति में कोई विशेष अन्तर नहीं रखता लेकिन हमारे प्रशासक ऐसे भी हैं और मैं विशेषकर अपने जिले का उदाहरण दूंगा कि जहां गांवों में गेहूं नहीं जाता केवल शहर के लिये ही गेहूं है। मैं मानता हूं कि गांवों में बहुत से लोग बिना गेहूं के चला सकते हैं किन्तु इस का अभिप्राय यह नहीं है कि गेहूं की बिल्कुल ही वहां आवश्यकता नहीं है। यदि हमारी राशन पद्धति में भी गांव और शहर का हम भेद बनाते हैं तो फिर हम किस बूते पर यह उम्मीद करते हैं कि हमारा कृषक इस देश को बलवान और मजबूत बनाने में सहयोग दे सकेगा।

श्रीमन्, अभी हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने बड़ा आकर्षक नारा दिया है—जय जवान, जय किसान का। अच्छा होता कि आज के समय में सिपाही को और किसान को एक बराबर स्थिति में रखते, नारे के रूप में नहीं बल्कि व्यावहारिक रूप में। एक उदाहरण मैं देना चाहता हूं। रिहन्द का एक सरकारी बिजलीघर है जहां से एल्यूमिनियम फैक्ट्री को उद्योगपति बिजली के एक यूनिट के लिये केवल तीन पैसे देता है जब कि हमारा किसान जिस के लिए हमारे प्रधान मंत्री जय जवान और जय किसान का नारा देते हैं, उस को 19 पैसे प्रतियूनिट देना पड़ता है। . . (व्यवधान) आज ही प्रश्नोत्तर के समय में सिंचाई मंत्री ने बताया था कि हम ने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया था कि उद्योगपतियों को दी जाने वाली बिजली और किसानों को दी जानेवाली बिजली की दर में समानता रखी जायेगी। आश्वासन नहीं दिया गया था तो भी कोई विशेष बात नहीं है और यह आश्वासन आज भी नहीं होगा, और भविष्य में भी नहीं होगा। केवल इतना सा बताया गया कि हम उन की सहायता कर सकते हैं। मेरी समझ में नहीं आता है कि औद्योगिक उत्पादन के लिये जब आप एक उद्योगपति को तीन पैसे प्रति यूनिट दे सकते हैं तो किसान को देने में क्या अड़चन पड़ती है और यदि अड़चन पड़ती है, नहीं दे सकते तो फिर किसान का नारा, जय जवान और जय किसान का नारा व्यावहारिक बातों पर खड़ा हुआ नहीं बल्कि यह केवल एक तरह का ऊपरी और दिखावा मात्र है।

श्रीमन्, समय के अभाव में मैं बहुत ही संक्षेप में अपनी अन्तिम बात कहता हूं। 1956 में हम ने पी० एल० 480 के मुताबिक 7 मिलियन टन का समझौता अस्थायी तौर पर इसलिए किया था कि हमारी निकट भविष्य में स्थिति सुधर जायेगी लेकिन सन् 56 के बाद से लगातार आज तक द्रौपदी के चीर की तरह से यह बढ़ता जा रहा है और इस के रुकने की कोई संभावना नहीं है। मेरा मतलब यह नहीं है कि इस को बन्द कर दिया जाय। परन्तु जब तक हम व्यापक रूप से काफी सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं करते तथा इस सम्बन्ध में बहुत महत्वशाली और प्रभावशाली कदम नहीं उठाते, जब तक किसान की हालत सुधारने के लिए भूमि पर उस के स्वामित्व का अधिकार संविधान के सत्रहवें संशोधन द्वारा जो कर दिया गया है, वह अधिकार उस को नहीं दिया जायगा, उस को सहायता और तरीकों से नहीं मिलेगी तथा हम चाहे जितना ही जोर लगायें अन्न की समस्या ठीक होने की सम्भावनायें हमारे यहां बहुत ही कम हैं।

श्री के० डी० मालवीय (बरगी) : मिस्टर डिप्टी स्पीकर, सर . . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय : हिन्दी अच्छी जानते हैं आप तो ?

श्री के० डी० मालवीय : उपाध्यक्ष जी, कल मैं ने बहुत गौर से अपने मित्र सुब्रह्मण्यम साहब का बयान यहां सुना। कई बार पहले भी पिछले सालों में ऐसी ही समस्या खाने की हमारे सामने रही। तब भी ऐसे ही सुनने का मौका मिलता था और हम सब को चाहिये भी कि हम उन के बयानों को बहुत गौर से सुनें । क्योंकि वह जिम्मेदार वक्तव्य है, सोचने समझने के बाद हमारे सामने इस भवन में रखा जाता है और उन के विशेषज्ञ उन्हें सही मानने की सलाह भी देते होंगे। उन्हों ने खाने की एक बड़ी खतरनाक तस्वीर हमारे सामने रखी है ।

Mr. Deputy-Speaker, the gloomy picture really has caused great concern to us, more especially because it has come from our Minister....

Dr. L. M. Singhvi (Jodhpur): It is unfair for him to draw applause when he speaks both in Hindi and in English alternately.

Mr. Deputy-Speaker: That is for the Members.

Shri K. D. Malaviya: Is there anything wrong in my speaking both in Hindi and in English?

श्री हुकम चन्द कछवाय : हिन्दी बड़ी मीठी लगती है आप की ।

उपाध्यक्ष महोदय : दोनों मीठी है ।

श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा : हिन्दी में ही कहिए न ।

Shri K. D. Malaviya: I have only ten minutes at my disposal. As I said, more especially when such statements have come from our able Minister, it should cause us great concern. He is one of our ablest Ministers and therefore, whatever comes from him, deserves our great consideration and attention.

Shrimati Lakshmikanthamma: When we are thinking of depending more and more on ourselves, why should he speak in English?

Shri K. D. Malaviya: I wish to assert my right to speak in English. I do not wish to underestimate or take a very light view of the situation that confronts us by referring to personal aspects of things. I told him yesterday that a report of a speech of mine made in Nagpur was incorrectly reported in the press where is said that if Shri Subramaniam was replaced by a man like me, I would perhaps solve the food problem I wish to inform my friend that I never made such a statement because I do not take a light view of the serious situation that confronts us. I know that we have come to a situation where it is no use our repeating details of implementations and the problem of irrigation, fragmentation of holdings, consolidation of land and this and that now. We have reached a stage when perhaps Shri Subramaniam, myself and some other friends who might think that we can solve the problem, all put together and circumscribed by the limitations of the framework under which our Government is working today, will not be able to solve this food problem.

Year in and year out we have been hearing the same arguments, the answers, charges and countercharges, complaints, allegations, of our inability to do a think and all that. Almost all these speeches could have been made ten years earlier, and the same replies could have been given ten years earlier. Therefore this effort to strike a middle course has proved a failure, is going to prove a failure, and will always meet with failure so long as we are not deeply conscious of the fact that we have to examine

and revise our working policies, and implementation, in a more basic way. I personally feel that the middle-course way will not do for us. Perhaps even Shri Masani, who represents an extreme view and is diametrically opposed to the views that are held by men like me, may have some relevant purposive directions to put before us.

Shri Shinkre (Marmagao): They advocated collective farming.

Shri K. D. Malaviya: He may not succeed, he will not succeed I know, but sometimes I feel that we are getting chances and losing time in following the middle course. State trading and private trading, procurement and no procurement, co-operatives and joint-stock companies, ceiling on land and no ceiling on land, concession charges of electricity to agriculturists versus concession charges of electricity to industrialists, community development is a good thing versus community development is a bad thing—all these things are going on, and I can multiply the examples and illustrations, and will have come to the conclusion that there is something seriously wrong in our thinking, and I should take courage to state this fact here that unless we revise our thinking, we are not likely to succeed.

Shri A. P. Sharma: Is it about food?

Shri K. D. Malaviya: I am referring to the question of food. I agree that there has to be no doctrinaire approach about the problem of food. On the question of import of foodgrains through the P. L. 480 arrangement I do not wish to say anything, except to refer to certain views expressed by some American friends who are well-wishers of this country, who are not particularly opposed to the socialistic pattern of society that some of us wish to propagate here, although they might be opposed to my own particular specimen of the socialist programme. Even they have come to the conclusion that, indefinitely, such sort of continuous aids are not likely to do good to the agricultural programme of production of this nation. Therefore, I feel that this dependence on PL 480 and the manner in which certain sections in the government are contemplating today is grossly unjust and inconsistent with the slogans raised recently after the Indo-Pakistan conflict-slogan of self-reliance. Either we wish to go ahead with the programme and strategy of self-reliance and take courage and face the better consequences of it for sometime in a transitional way or we do not repeat this slogan. There is generally no harm in the programme of importing foodgrains from abroad. I wish to state that we have failed to increase production in our country because of certain basic reasons. So long as our production per unit of land is lower than the lowest in the world, I object to the fundamental strategy of this nation to depend upon importing food through PL 480. Even the American friends will agree with us that this continuous and unlimited way of depending upon PL 480 to bridge over temporary difficulties is not good for us. Therefore, this slogan of self-reliance came to us at a very proper time. I regret to say that the statements made by certain sections of the government with regard to the import of food and the desire of certain ministers and certain sections of the Planning Commission are contrary to the spirit of self-reliance. It is time that we made up our minds on this. If we follow the socialist principles to which we are dedicated and committed in the great political party to which we all have the honour to belong, and if we implement these socialist principles, I have no doubt that this problem of food will be solved. But if we do not follow these principles and do not implement them and keep them before us as our targets and objectives to be followed at some more convenient time or think that we can do it when we are strong enough to do them, then to that extent our food production programme will be diluted

[Shri K. D. Malaviya]

and we will go on indefinitely trying to catch up with our objective, but we will never catch up with it. We are unprepared for the proper distribution of food and we shall continue to be like that so long as we leave the initiative to others. It is regretable that we are not prepared to take the lead to create an organisation for proper distribution. The statistics put before us will not help. My hon. friend said yesterday that rains have failed up very badly; according to him, perhaps never in living memories it was so. I do not know if the the situation is really so gloomy. With regard to the last kharif crop in the nothern part of India, the situation certainly does not appear to be gloomy from the facts that I have. In an entire district near my constituency responsible people have told me that they had produced maize in the last karif and have no recollection of such an abundant crop in living memory. I am referring to the district of Gonda where maize had been produced in an abnormally satisfactory way. In the western part of my State, I enquired from my colleagues here in Parliament, from Members of Parliament, and they tell me that the last rabi crop, was very good; maize was good; the kharif crop was good. Even in my own district which was considered to be poor, the earlier rice crop was very good. So, to maintain that the prospects are abnormally bad, black, and never as they were, is wrong and this assessment might have to be revised.

With regard to rainfall also, I do not think we are organisationally spread over in that satisfactory manner throughout the country, that we can get the correct assessment of rainfall. In the same State, in one region of the State, there are different reports coming about the satisfactory or the unsatisfactory nature of the rainfall. What is, therefore, necessary is to go deep into the basic reasons. For instance, as the Chief Minister of West Bengal has done, to which my hon. friend referred yesterday, which makes us very happy; that he has given preference to the tillers of the soil over the owners of the soil. According to the latest revised rates in West Bengal, the tillers of the soil will be getting 60 per cent share of the produce, even though they may not supply the bullocks or produce the seeds. So, land reform, and a proper and a better organisation for distribution, are the two big factors which can substantially take us ahead towards the objective that we have before us with regard to the increase of food production.

These 88 million tons of food may have been produced or may not have been produced. Even if you are going to import five to six million tons of food, it will not make much differnce. The problem of maldistribution will remain as it is, even if you import food. We have imported food in the past years more or less according to our satisfaction. But still, the prices were always going up. There are some other elements which should go to meet the challenge of this price rise and the scarcity of food. It is not only the lack of techniques which has come in the way, but our inability to follow the policy which has been declared by us.

I will refer to one more point. This is about the joint stock companies, which is the latest thinking of some of us in order to produce better seeds for dissemination. You know that there are thousands of State farms in this country. What are these thousands of State farms doing? And why have they not succeeded? There was no dearth of finance, there was no dearth of techinical assistance; there was no dearth of technicians and experts and no dearth of resources. I do not think there is any single unit which processes more power and influence than the unit of Government; if the Government did not succeed in producing better type of seeds, how do we think that a joint stock company, even though managed by a very big indus-

trialist, can do thia thing. Are we going to change our policy? If we are going to do this, why have you started by favouring the industrialist? Why do we not start from the revival of the old zamindari system? Let them come; let us trust those people who krow these things. A known enemy is easier to deal. Let us go back; I say this cynically; I admit. But I do not see any reason, any wisdom, in handing over our lands to a group of people who have no experience except of profiteering, evading income-tax and importing talents from abroad in order to make personal profit and earn selfish glory. It will be a thousand shame for a Government of this country—whether it is the State Government or the Central Government—if they are unable to produce better seeds from their own State farms, than to hand over the lands to the big peasant proprietors, to individual industrialists or joint stock companies in order to produce seeds. I think it is a wholly erroneous idea. I would warn the Government not to repeat those mistakes. Otherwise, we will not be able to do anything.

Only one word more, and I shall finish. My hon. friend Shri Hanumanthaiya referred to aid with or without strings. It is, I beg to state, wholly irrelevant to the issue before us. He talked of food production on a war footing. This is also a slogan, without understanding. It has been going on for years. If you implement the programme of production on a "war footing", you may have to take over land or you may have to expropriate land; you will have to introduce radical changes and transform your "means" in a big way, which you are not prepared to do; therefore, either we are to follow a socialist programme in a radical way, anticipating the crisis that confronts us, or, we go by this slogan of "food production on a war footing". We have to change ourselves including our thinking in a big way. We hesitate to it and then talk of "aid without strings", "aid with strings" and so on. It is wholly irrelevant. What is necessary is, if we are really serious about the self-reliant spirit which we want to spread, then we have to so adjust our national policy, international policy, as to be in tune with the socialist programme which we have set before us with regard to the ownership of land, ownership of property and management by public institutions. We have to change the whole condition and create a completely new complex of condition before us which will be the starting point for the realisation of all those dreams which we have been seeing from auch a long time.

श्री लहदम चौधरी (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में अनाज की दिक्कत है और इस लिए अनाज के उत्पादन को बढ़ाने की जो भी कोशिश आज सम्भव हो, यह करना है, इस में कोई राय नहीं है । मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इस के सम्बन्ध में जो सीरियसनेस ऊंचे स्तर पर है, वही सीरियसनेस सरकार के निचले स्तर पर भी आना जरूरी है । जो नीचे के स्तर के सरकारी कर्मचारी है, उन में भी दक्षता की आवश्यकता है, सीरियसनेस की आवश्यकता है, ताकि सामान समय पर मिल सके और जो पैसे इस काम के लिए दिये जाते है, उन का समय पर सही उपयोग हो सके । हमारा अनुभव है कि ब्लाकों में माइनर इरिगेशन के लिए जो पैसे दिये जाते हैं, उन का अधिकांश प्राय: सरेन्डर हुआ करता है, क्योंकि उन के यूटिलाइजेशन के लिए जो कुछ सीरियसनेस चाहिए, वह कहीं दीखती नहीं है । जब तक इन बातों में सुधार नहीं होता, तब तक केवल ऊपर के स्तर पर सीरियसनेस से काम नहीं चल सकता है ।

मैं मंत्री महोदय का ध्यान मूल्य निर्धारण और वितरण की नीति की तरफ दिलाना चाहता हूं । मैं ने हाल ही में कुछ आंकड़े कहीं से ले और मैं आज सदन में

[श्री लहटन चौधरी]

दे आंकड़े रखना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि फूड मिनिस्टर इस बात पर विचार करें कि यह स्थिति क्यों पैदा होती है ।

1961-62 का वर्ष रिकार्ड यीयर आफ प्राडक्शन माना जाता है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक बताया गया है कि 1962-63 में वह प्राडक्शन बहुत अंश तक गिर गया, लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1963-64 में 1961-62 से भी सीरियल्ज का उत्पादन ज्यादा हुआ । जहां तक 1962-63 का सवाल है, 1963-64 में उस से ढाई मिलियन टन बेशी सीरियल्ज की उपज हुई, यानी 1963-64 में 1962-63 से 4 प्रतिशत अधिक उपज हुई । जहां तक आयात का सवाल है, बाहर से आयात किये गए अनाज में 1963 की तुलना में 1964 में 38 परसेंट की वृद्धि हुई । मैं मानता हूं कि होल प्राडक्शन पर 38 परसेंट का इम्पैक्ट नहीं पड़ेगा, लेकिन जो भी इम्पैक्ट पड़े, यह बात सच है कि 38 परसेंट ज्यादा अनाज मंगाया गया । लेकिन प्राइस इन्डेक्स बिल्कुल विपरीत दिशा में गया है । प्राइस इन्डेक्स 1963 में 112 था और 1964 में वह 134 हो गया । हम यह उम्मीद कर सकते थे कि जब सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अनाज आयात ज्यादा हुआ और अनाज की उपज ज्यादा हुई, तो प्राइस इन्डेक्स घटना चाहिए था, या कम से कम उस जगह पर रहना चाहिए था, जहां वह 1963 में था, लेकिन उल्टे वह 20 परसेंट ज्यादा चला गया, यह क्यों ? मुझे याद है कि जो 1965 में सरकारी वक्तव्य हुआ था उपज के बारे में तो कहा गया था कि सन् 1961-62 के रेकार्ड इयर से ज्यादा होने की सम्भावना है । मैं कहना चाहता हूं कि कितने ही उस के आंकड़े क्यों न आये हों लेकिन सन् 1965 के सितम्बर का जो प्राइस इंडेक्स है वह 143 चला गया था यानी सन् 1964 से 30 परसेन्ट ज्यादा । मेरी समझ में नहीं आता कि ऐसा क्यों हुआ है । इस के दो ही कारण हो सकते हैं । या तो आंकड़ों का सिलसिला गलत है और हम गलत आंकड़ों पर कहीं पहुंचते हैं या तो यह मानना पड़ेगा कि होर्डिंग है, ब्लैक मार्केट है और सरकारी नीतियों में कहीं न कहीं गलतियां हैं वितरण के सिलसिले में और कंट्रोल के सिलसिले में जिस के कारण इस तरह की स्थिति पैदा होती है ।

मैं समझता हूं कि बहुत अंश तक हमारी नीति भी इस मामले में दखल देती है और इस के लिये वही जिम्मेदार है । उदाहरण के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि प्राइस सपोर्ट एक अच्छी चीज है और आवश्यकता है इस बात की कि किसानों को प्राइस सपोर्ट दिया जाये ताकि उसे इन्सेन्टिव मिले । इस में कोई शक की बात नहीं है । लेकिन मेरी मान्यता है कि सरकार ने उस वक्त प्राइस सपोर्ट की पालिसी शुरू की सन् 1964 में जब कि टेन्डेन्सी प्राइज राइज की थी । इस का नतीजा यह हुआ कि सन् 1965 के शुरू से ही जो प्राइस लेवल प्राइस सपोर्ट का तय किया था उसे नहीं रखा । उसे उसने छुआ ही नहीं, बहुत आगे आगे भागता गया । जब टेन्डेन्सी प्राइस नीचे गिरने की हो तब हम प्राइस सपोर्ट कर सकते हैं, लेकिन जब टेन्डेन्सी बढ़ने की हो और मूल्य ऊंचे हो रहे हों तब प्राइस निश्चित करते हुए हमारे लिये जरूरी होता है कि हम मक्सिमम प्राइस तय करें और उस पर अमल करें । सरकार ने उसे किया लेकिन हार मान ली, उस पर अमल नहीं किया । नतीजा यह हुआ कि देश को इस तरह का आभास मिला कि प्राइस ज्यादा बढ़ेंगे, बड़ी कमी है देश में सारी चीजों की और इस लिये

सरकार ने मिनिमम प्राइस ठीक किया, मैं ेसमम प्राइज लेवल सरकार ने छोड़ दिया इतना ही नहीं हुआ, जो सरकारी अनाज की सप्लाई होती थी उस के भाव भी बढ़ाये गये फेअर प्राइस शाप्स में। इस तरह से पैसे की बचत हुई लेकिन देश की मनोवृति क्या हुई। देश ने समझा कि सचमुच ही बड़ी मुसीबत आने वाली है क्योंकि देश की सरकार ने प्राइस को बढ़ाया है। नतीजा जो हुआ वह आप ने देख लिया कि प्राइस बढ़ती चली जा रही हैं।

एक बात और भी हुई जो कि दिल को चोट पहुंचाने वाली है। सरकार की नीति है कि बड़ी मिल्स या राइस हस्किंग मिल्स को चलाने की इजाजत सब जगह दी जाय, शहरों में भी और देहातों में भी। लेकिन जो छोटे हलर्स हैं उन पर हम ने रुकावट डाल दी। जो हलर्स छोटे हलिंग वाले होते हैं उन की इतनी कपैसिटी नहीं होती कि वह होर्ड कर सकें। वह दिन भर अपने अनाज की हलिंग करते हैं और शाम को उसे बेच देते हैं क्योंकि अगले दिन के लिये उन को कैपिटल चाहिये। लेकिन बड़े मिल वाले जो होर्ड कर सकते है, जो हम से छिपा कर रख सकते हैं उन्हें आप ने इजाजत दी कि वह अपनी मिल चलायें। छोटे हलर्स को हम ने बन्द किया। मैं मानता हूं कि इन दोनों तीनों चीजों ने एक कारण का रूप लिया है इस अनाज के भाव बढ़ने में। मैं आग्रह करूंगा कि हम को इस नीति पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिये।

इस सम्बन्ध में दो ही तरीके हो सकते हैं। या तो हम मैक्सिमम प्राइस तय करें और कह दें कि इस से ज्यादा हम नहीं चलने देंगे चाहे जो भी करना पड़े। लेकिन हम लोगों में यह हिम्मत नहीं है, या हम समझें कि हम इस को नहीं चला सकते हैं तो फिर दूसरा तरीका है कि हम अपना बफर स्टाक कायम करें जिस से हम बाजार को कन्ट्रोल करें। लेकिन जो तरीका बफर स्टाक का चल रहा है उस से काम नहीं चलेगा। इस में काफी गलतियां हो रही हैं। मैं इस के डिटल में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं ने कई स्टट्स में देखा है कि उन्होंने जो नीति अख्त्यार की है उस से काफी अनाज नहीं आ सकता है। मैं इस के भी उदाहरण दे सकता हूं। आज भी देहातों के बीच में दो बातें चल रही हैं। एक तरफ तो बड़े बड़े पूंजीपति, बड़े बड़े व्यापारी काफी भाव पर अनाज खरीद रहे हैं और आप ने छूट दी है कि जो जिस भाव पर चाहे खरीदे, दूसरी तरफ आप लेवी करते है कि इस भाव पर हमें दो। यह दोनों चीजें साथ साथ चलने वाली नहीं हैं, और अगर यह चलेंगी भी तो बहुत सीमित अंश में। आप का उद्देश्य कभी भी इस तरह से पूरा नहीं हो सकता है। इसके साथ ही हम देखते है कि जो गरीब लोग है, जिन के पास दो बीघा या चार बीघा धान है वह अपने धान को 12 रु० मन या 13 रु० मन के हिसाब से एडवान्स पर बचते चले जा रहे हैं। उन्हें पूंजीपति लोग थोड़े पैसे देते हैं पेशगी के तौर पर और सारा धान खरीद लेते हैं। सरकार ऐसा नहीं करती। न तो वह पेशगी दे कर धान खरीदने की कोशिश कर सकती है और न मैक्सिमम प्राइस दे कर दूसरा आदमी न खरीद सके ऐसा कायदा रख कर लेवी कर सकती है। दोनों में से कोई चीज नहीं हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप को अपना बफर स्टाक बढ़ाना है तो आप को यह स्पष्ट करना चाहिये कि या तो आप ओपन मार्केट में जाइये या फिर जो आप ने लेवी रखी है उसको पूरा कीजिये लेकिन रीजनेबल ढंग से कीजिये, दूसरों को खरीदने से रोकिये। अगर आप उन को नहीं रोकियेगा तो आप को कुछ मिलने वाला नहीं है।

इसके साथ ही साथ आप को एक और कोशिश करनी चाहिये। आप के पास

[श्री लहटन चौधरी]

बहुत बड़ी सेना है बी० डी० ओज० की और दूसरे लोगों की । आप उन को काम पर लगा दीजिये । लोगों को एडवान्स दीजिये स्टेन्डिंग क्राप्स के अमेन्स्ट में छोटे किसानों को और समय पर धान वसूल करने की कोशिश कीजिये । अगर आप ऐसा करेंगे तो मैं समझता हूं कि आप बहुत बड़ा बफर स्टाक कायम कर सकेंगे । इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

Dr. L. M. Singhvi: Sir, while we are glad for the speech that the hon. Member made, what intrigues us is the invisible way of the presiding eye, now the hon. Member sitting behind the pillar was able to catch your eye. I am not objecting to it.

श्री सू० ला० वर्मा (सीतापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार कृषि के मामले में बिल्कुल फेल हो चुकी है । सरकार ने केवल कागजी घोड़े ही दौड़ाये हैं और कभी भी इस समस्या पर ठीक से विचार नहीं किया । आज भी हमारी सरकार यह कहती है कि सिंचाई का प्रबन्ध किया जायेगा और बड़े बड़े तालाब और कुएं आदि खोदे जा रहे हैं । लेकिन सरकार की मशीनरी इसका सारा रुपया खा कर बैठ गई है । ऐसी हालत में मैं यह मानने के लिये तैयार नहीं हूं कि सरकार का इरादा बिल्कुल सही तौर से खर्च करने का है ।

जब अभी हाल में भारत ने पाकिस्तान से लड़ाई लड़ी थी तो उस के दर्म्यान में अमरीका ने भारत को धमकि दी थी । कि अगर भारत पाकिस्तान से लड़ाई करेगा तो वह फौरन भारत से अलग हो जावेगा और यहां तक कह डाला कि हम गेहूं नहीं देंगे । इसलिए सारा भारत भूखों मर सकता है । ऐसी हालत में हमारे देश की जनता ने यह निश्चय किया कि हम एक दाना भी अमेरिका से लेने के लिए तैयार नहीं हैं बल्कि यहां तक तय किया कि हम उधर देखने को भी तैयार नहीं है जबकि हमारी सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है और अमेरिका के सामने हाथ फैलाया । अमरीकी सरकार के अधिकारियों ने यह कहा कि हमारी एक शर्त है । यह शर्त अगर आप मानें तो हम गेहूं देने के लिए फौरन तैयार हैं । हमारे खाद्य मंत्री वह शर्त मानने के लिए तैयार हो गये हैं । ऐसी हालत में जबकि अमेरिका यह जानता है कि भारत अब अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और खड़ा होगा । उसमें यह शर्त रखी गई है कि भारतीय जो योजना है वह अमेरिका के योजना आयोग के सामने लायी जाय, इसकी वह जांच करे, ऐसा बताया जाता है । हमें डर है कि कहीं ऐसा है कि हमारे खाद्य मंत्री महोदय ने यह बात मान ली । अब हमें इस बात के लिए भय है कि अमेरिका हमारे देश को बंजर न बना दे जिससे देश की हालत और बिगड़ जाय और दूसरे देशों के सामने हाथ फैलाना पड़े । इससे देश तबाह हो सकता है जैसे कि एक भेड़िये को बकरी सौंपना हो जाय । मैं यह नहीं चाहता और मैं खाद्य मंत्री जी से और प्रधान मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह यह बात न मानें ।

दूसरी बात यह है कि हमारे देश में खास तौर से तीन चीजों की बड़ी कमी है जो आज तक सरकार पूरी नहीं कर पाती है । एक तो है बेरोजगारी, दूसरी है गल्ले की कमी और तीसरी है सेना, सेना की भी कमी है । ऐसा है कि हमारे देश की जनसंख्या बहुत बढ़ती जा रही है और किसान जो खेतिहर किसान है जो अपने हाथ से खेती करते हैं उनकी संख्या बहुत ही कम होती जा रही है । इसका मतलब यह है कि देश के सभी किसान और मजदूरों के बच्चे, हर आदमी के बच्चे स्कूलों में पढ़ने जाते हैं और वहां खास तौर से किसान के बच्चे 70 फीसदी, ज्यादा पढ़ नहीं पाते, आठवीं नवीं, दसवीं फेल होकर बैठ जाते हैं और वे कुछ नेतागीरी के चक्कर में पड़ते हैं और कुछ दफ्तरों और आफिसों के चक्कर लगाने

लग जाते हैं कि उन्हें कहीं नौकरी मिल जाय। ऐसी हालत में नौकरी तो मिल नहीं पाती क्योंकि वह पढ़े लिखे नहीं हैं। इसलिए वह अपने घर की भी पूंजी खत्म करके बिलकुल बेकार हो जाते हैं। ऐसी दशा में मैं सरकार को यह बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अन्दर प्रान्तों में तथा जिलों में जो ग्राम समाज की सकड़ों क्या हजारों एकड़ जमीन बेकार पड़ी हुई है, बंजर पड़ी हुई है, उनको खेती के काम में लाये और उसके लिए एक योजना बनावे जिसमें कि वह किसान के नवजवान बच्चे, मजदूर के बच्चे, उनको लाकर उनसे खेती करायी जाय, उनको सेना की ट्रेनिंग दी जाय। वह ट्रेन्ड होंगे तो हमारे देश की रक्षा करेंगे। खाद्य की स्थिति भी इससे सम्हलेगी और बेकारी भी दूर हो सकती है। इसलिए मेरा सरकार से नम्र निवेदन है कि वह खास तौर से इस पर गौर करे। हमारे देश में अभी तक सरकार ने न अच्छे बीज का इन्तजाम किया है और न समय पर पानी देती है। बल्कि पानी की बड़ी ही कमी है। खाद की समस्या है। खाद भी नहीं दे पाते। अभी हाल में पिछले वर्षों फसल बहुत ही अच्छी हुई थी। गेहूं बहुत अच्छा हुआ। लेकिन बीज की खास तौर से देखभाल न करने के कारण हमारे उत्तर प्रदेश में पंजाब का बीज दिया गया जिसकी देखभाल नहीं की गई। जो बीज दिया गया उसका उत्पादन किया गया। गेहूं की फसल बड़ी अच्छी हुई। लेकिन उसमें जब गेहूं की बाली निकली तो बालियों के अन्दर एक महीन महीन से छोटे छोटे से दाने काले रंग के पैदा हुए जिनको हमारे यहां जहर कहा जाता था। मैंने वह बालियों सहित लाकर के प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के सामने पेश की थी और उन से प्रार्थना की थी कि यह बालियां आप जांच के लिए भेज दें। हमारे यहां के लोग इसको जहर कहते हैं। उसमें मुझे पता नहीं क्या हुआ।

पानी की खास समस्या है। पानी समय पर नहीं मिल पाता और खड़ी फसलें, तैयार फसलें, बगर पानी के सूख जाती हैं। जहां पर पानी है वहां भी पानी नहीं मिल पाता। सरकार की मशीनरी बिलकुल फेल हो चुकी है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं और खास तौर से खाद्य मंत्री महोदय से कि सरकार की कौन सी ऐसी मशीनरी है जो कि सही ढंग से काम कर रही है?

तीसरी बात यह है कि खाद भी नहीं मिल पाती। खाद ब्लाक से मिलती है और ग्राम प्रधान के रेकमेंडेशन के ऊपर मिलती है। हर आदमी को पता है कि गांव गांव में आज खास तौर से पार्टीबन्दी है। इसलिए पार्टीबन्दी या दुश्मनी के कारण या पैसे के लालच से खाद भी किसान को सही ढंग से नहीं मिल पाती।

हमारे उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार ने खेती बढ़ाने के लिए या यों समझ लीजिये कि किसानों को नेस्तनाबूद करने के लिए लगान बढ़ाया है और सरकार अपनी मशीनरी पर काबू नहीं पा रही है। लगान बढ़ा कर गल्ला अधिक उपजाओ योजना ऐसे वक्त पर नहीं चल सकती। यह लगान बढ़ा कर किसानों की आत्महत्या करना है। जबकि ऐसे संकट के समय में, ऐसे गिरानी के समय में हर चीज के बड़े ऊंचे दाम चढ़ते जा रहे हैं और सरकार उनको रोकने में असफल हो चुकी है तो ऐसी हालत में यह लगान बढ़ाना अनुचित होगा। जब हम यहां यह बात लाते हैं तो हमारी सरकार यही कहती है कि यह राज्य सरकारों का काम है, यहां से केन्द्र से कुछ नहीं हो सकता। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि ऐसे समय में जब यह प्रश्न आता है तो वह भागने की कोशिश करती है, सरकार को चाहिए कि वह राज्य सरकारों को इस बात के लिए बाध्य करे और हिदायत करे कि वह ऐसे संकट के समय में टैक्स या लगान कतई न बढ़ाये और वसूली न करे। अभी हाल में मैंने उत्तर प्रदेश में देखा है कि धान पर 60 प्रतिशत गवर्नमेंट ने मांग की है

[श्री सहटन चौधरी]

और 60 प्रतिशत लेने के लिए भी कानून बनाया है । लेकिन मैं देखता हूं कि ब्लैक मार्केटिंग करने वाले ही सब धान उठाकर रातों रात चावल बनाकर इधर उधर बिहार साइड में और बाहर भी इस तरह से भेज देते हैं लेकिन वहां सरकार की मशीनरी उनको पकड़ने में बिलकुल असमर्थ हो चुकी है । ऐसी हालत में मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा और कहूंगा कि इन बातों पर थोड़ा विचार करे जिससे कि हमारे देश की खाद्य स्थिति, सेना की कमी और गरीबी दूर हो सके । यही मुझे कहना है ।

श्री हुकम चन्द कछवाय : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह खाद्य समस्या इतने महत्व का विषय है कि इसको ध्यान में रखते हुए इस पर एक घंटा समय और बढ़ा दें । एक घंटे तक हम और बैठेंगे . . . (व्यवधान) मैं प्रस्ताव रखता हूं कि 1 घंटा समय बढ़ा दिया जाय ।

Mr. Deputy-Speaker: Now, we shall have to take up the half-an-hour discussion. If the Members are here and keep the quorum, we can sit for one hour more after the half-an-hour discussion is over.

Shri C. Subramaniam: I would like to submit that there is a Cabinet meeting today which I have to attend.

Shri A. P. Sharma: We are prepared to sit late. We want that more time should be given. We have approached the Speaker in a joint petition for the allotment of more time. We have also approached the Minister of Parliamentary Affairs. We are prepared to sit late, because the problem is so serious. If still you do not extend the time, we cannot understand.

Mr. Deputy-Speaker: The Food Minister has a Cabinet meeting to attend. If the House does not insist upon the presence of the Food Minister and his Deputy can remain here, we can continue for one hour more after 5.30 p.m.

Some hon. Members: Yes.

Shri Sonavane: This extra one hour may not be counted in the 18 hours allotted.

Mr. Deputy-Speaker: It will be counted.

---

17 hrs.

KERALA CULTIVATORS*

Shri Vasudevan Nair (Ambalapuzha): I have sought to raise this half-hour discussion on certain points arising out of a question on 24 November regarding the sorrowful plight of a few hundred families resettled in a place far away from their original place of residence. They are peasant families. The hon. Minister gave me a reply as follows:

> "Government have received representations from the settlers pointing out their difficulties and asking for further concessions.
>
> Proposals to give more bamboos and cadjan leaves, free supply of banana suckers, vegetable seeds etc. are under consideration of Government".

Through this half-hour discussion, I would like to highlight the tragic and sorrowful story of a few hundreds of our cultivator families in Kerala State. It has a background. I do not wish to take much time to elaborate all the details as far as the background is concerned. But I may briefly point out that this is not just a question of a few hundred families who are immediately involved. As a

*Half-An-Hour Discussion.

matter of fact, this problem poses very important questions concerning the future of tens of thousands of cultivator families in Kerala State. In 1961, there was eviction of, I think, more than 2,000 families of peasants from the high ranges in our State in the name of a project; I say 'in the name of a project' because it turned out afterwards that actually the evictions were carried out under the pretext of a project only because that particular area, 8,000 acres of land from which these people were evicted, was never used for any purpose of the project. On the other hand, that particular area is now turned into tea plantations. Anyway that is past history. Even today, of course, we have our own doubts, that the government authorities are trying to play a trick in this way that even from areas which are not really meant for any project, they propose to evict people in the name of projects. As far as the ordinary cultivators are concerned, they do not know what is what. Afterwards, such areas may be turned into forests or used for other purposes.

Now, these families were evicted at the time of the monsoon. There is the story of the Amravati struggle, agitation. I do not, again, want to go into details of that. All our people, irrespective of party affiliations, irrespective of communities, at that time felt that the then Government had done something criminal, had done something which could never be pardoned because 2,000 families, nearly 10,000 people, men, women and children, young and old, were just brought from a particular place in transport—of course it was provided —and they were almost taken to hell. They were almost taken to hell, put to many difficulties. Many people died in the place. There was an uproar, an upheaval in the State, and ultimately only because of that upheaval and uproar in which all people took part, at least they sympathised, the Government came forward with certain proposals for resettlement of such families, and it was agreed at that time that such families would be given one acre of land, alternative land, in some place, of course supposed to be good for cultivation, and that each family would be given Rs. 100. This is the provision for alternative resettlement as far as thousands of families evicted from these lands are concerned.

I agree that there is a point to be considered in this particular case because Government pleads that the Government has practically no responsibility in this matter formally and technically because these people have occupied Government lands. If it is their own land, they will get compensation according to the existing law, but Government has a case that they are encroachers. There, again, it is a long story, but at least one fact is very clear that many of these families went to the forests, fought with the natural difficulties of mountainlife, fought with elephants and wild animals. In Kerala, of course, you know the population outburst is there and land is so little, and so people will go to any place. Send them to the moon, to any place, provided you have got land. We have got such fine cultivators, they will take any risk. So, when they were told in 1942, at a time of food crisis, perhaps worse than one that we are facing today, that they could go to the mountains and cultivate and produce more food, they went. There was the Grow More Food campaign, Government itself had initiated it, and then people were allotted five acres of land. It was in that way that this cultivation of our hills and mountains and forest areas started.

The people who have been there right from 1942, many thousands of families, simply because technically they are not owners of the land, simply because the Government and the officials failed in time to give them the *pattas*, they are now thrown to the winds, thrown on the streets, they are treated even worse than cattle, and people have died because

[Shri Vasudevan Nair]

of such treatment. Now I should like the Minister and the Government to tackle this problem on humanitarian grounds, not just answer me on technical and legal grounds, formal grounds. That is my first request to the Minister. I am sure the Minister will consider this problem on that basis.

These people, 183 families, who were given some land in 1961, which was absolutely useless, had to leave the land. They were wandering about so to say, many of them became beggars, you could see them in the best of times, but some of them were working in the estates. They were given other alternative sites, of course nearly 2,000 miles away from their old place of residence. Government had promised that in that new place which is called Manjapara, Government would give them minimum facilities. Nearly 600 people are there in these 183 families. Newspaper reports have appeared, several people visited the place and they have issued statements saying that the condition of these people is really very pitiable. I may say, for example, that for 600 people, 183 families—it is an area which is not inhabited by other people—there are only three wells for drinking water, I do not know why. What is the difficulty for the Government to have more wells. It is a very simple matter. After all, is it necessary for us to raise such an issue in Parliament for the Government to act?

Another problem was posed—the question of a dispensary—because there is practically no medical facility round about. The government, I understand, had a temporary dispensary there but that was closed down after a week. What was the difficulty in continuing it for a few months? Similarly, the government promised that they would give some free rations. The food situation is very difficult. What can they do, each family with Rs. 100 in a new place with one acre of land. They are really between the devil and the deep sea. And it is only proper and humane that these people are given free rations for at least a month or two. I am told that they got free rations only for two meals, and I will be very happy if the minister were to correct me and say that it is untrue. In spite of the promise of the government that they will be given free rations for a few days, they got it only for two meals. It is unpardonable. Why did the Government do that? Similarly, there are other aspects also about the day-to-day difficulties of these people. They have no work. I do not know how they will live. I am glad that there is a project for the construction of a road with an investment of nearly Rs. 22 lakhs. If that project can be taken up at this time, I am sure it will be a great help to these people. These are some of the concrete problems concerning these people. I should like to pose in the little time at my disposal the wider question to the Minister when he decides to tackle this problem in the future. Of course we are going to consider that problem in a special committee of the consultative committee and I am a member in that committee, but I should like the minister to consider the question of resettlement of such helpless people. 99 per cent of them are the poorest of the poor. There may of course be scoundrels among them, not among these people, but in the hills who might have taken land and may be making all sorts of transactions. I am not at all pleading for such people; you must take action against them. But these 99 per cent of the people are the poorest of the poor. Why should we not consider their question from a wider point of view? We are tackling the question of resettlement of refugees, and I am glad that the government has done so much for the refugees, but they should do much more. In Dandakaranya for example we resettle people. What is the situation there? A family is given 5:5 acres for cultivation besides 0.5 acre for homestead,

an agricultural loan of Rs. 850-1015, a housing loan of Rs. 1700 and subsidised income loan of Rs. 300 and a loan of Rs. 150 for sinking wells, and then a maintenance grant of Rs. 30 per month for one person for a continuous period of at least one year. If there are more persons then the amount is more. This is a very aimilar project. We have invested millions of rupees. Now poor cultivators are affected because they are evicted from project sites. This is not only a Kerala problem. In Maharashtra also it is assuming auch proportions and there is a big agitation going on. All kinds of people are coming in. In such cases, the project authorities should make sufficient provision for the people affected. It is true that these people do not own the land; it is government land. But they should take into consideration the fact that many of them were sent there by the Government for grow more food campaign. Then, I should think that there should be a better scheme of resettling these people and treating them as human beings and not allowing them sometimes even to die because of the privations that they have to suffer from in the new conditions where they are to be resettled. I should like the Government specially to consider the immediate problems of the settlers at Manjapara, and at the same time, I should like the Government to give consideration to the suggestion of having a permanent and better worked-out scheme, a scheme based on human considerations as far as the future resettlement of Kerala cultivators is concerned.

Shri Shinkre (Marmagoa): I want to put a question. I did not see any member of the Watch and Ward Staff or messengers, and therefore, I was keeping quiet; I had the chit prepared much before the discussion started.

Mr. Deputy-Speaker: I will allow him.

Shri Manjyangadan (Kottayam): I want to know the position of some of the families in Valanjanganam who were residing there a few months back when the question of shifting them to Manjapara came up, and there was some dismantling of their houses, thinking that they would have to go, or that the Government will compel them to go to Manjapara from Valanjanganam. At the time of the resettlement there, the Collector promised that only such people who desire to go to Manjapara need go. So, some of those people who were not actually living in the plots allotted to them formerly have got to remain there. Now, neither the plots originally allotted to them are given, nor are they allotted plots in the new settlement. I want to know what is the position of those agriculturists and whether the Government will do something to see that these people also are given some land.

Shri Shinkre: I want to know from the Government whether they have evolved or are likely to evolve in the near future a policy, a nation-wide policy, comprehending all the future projects for the resettlement of people who are likely to be ejected or evicted from the plant locations and make this resettlement a priority condition in all future public sector undertakings. I want also to know from the hon. Minister whether they have evolved a similar policy regarding the compensation payable to all the landowners whose lands have been acquired under the Defence of India Rules or any other rules because I have seen that several years are allowed to pass before any compensation is paid to them.

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Nathi): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I need not go into the past history, as Shri Vasudevan Nair has said that this is after all a question which has to be looked at and treated from a humanitarian point of view, and he wanted that I should not simply deal with it on any technical or legal grounds. I am not

[Shri Hathi]

going to consider this question on the technical or legal ground but we will look at it from a humanitarian point of view. As he said, these families had encroached upon the land and they had no legal title to the land. They have no legal right. It was an encroachment. Therefore, the question of compensation does not arise. At the same time, when they are shifted to a place other than where they had settled, we cannot but consider this question from a humanitarian point of view. Whatever may be the history, after all they are there, they were there, whether they were encroachers, unauthorised people or whoever they may be, one thing is there that they are being asked to vacate and whatever possible could be done should be done within the limitation of this fact that they were not owners of the land and therefore the question of giving compensation would not arise.

But although this is only a particular question, he has referred to a major question and that question also has to be tackled with. As he said, we have heard the members with as much attention as is possible and have given as much consideration as could be given to them. We have also appointed a committee on which the hon. Member himself is a member. We await the report of that committee and we will consider the recommendations of the committee, again I should say, from a humanitarian point of view. How much of it may be accepted is a matter for further consideration, but I can assure the hon. Member that we shall consider the report of the committee on the larger question, on the general policy. Therefore, the hon. Member need not be worried on that account. Whenever such a question has arisen he has been kind enough to convey to me and wherever it has been possible I have been able to take action. In this case also he complained of medical facilities. The arrangement that we have now made is that there is a medical officer who has to go daily to those arreas or at least on alternate days. The medical facility will be there and people will be given medical aid. One medical officer and staff have been directed to visit the area daily or alternate days. Therefore, on that account also there should be no difficulty.

Then he mentioned about free rations. What was agreed to originally was Rs. 25 as grant. They demanded Rs. 50 extra in lieu of free rations. It is not a fact that free ration was given for two days or even for a day. But Rs. 25 extra to the original grant has been sanctioned in lieu of free rations. In that way, that demand has been conceded.

He asked, what about work for these people. I quite appreciate that. If new roads or new projects are feasible in that area I shall certainly direct the Kerala Government to start some work in that area--either roads or canals or whatever could be done—so that these people can be given employment.

I am saying this because, as he said, I do not want to stand on this matter on a purely legal and technical ground and simply reject the idea saying that they were unauthorised people, they had occupied land in an unauthorised way, if we allow forest land to be occupied so many people will go and occupy and when we go to eject them they will ask for compensation. On that ground we could have rejected this. But having regard to the fact that they have been there for a long time and they are to be resettled, I do not want to reject it or totally say that the Government has no responsibility. I am, however, thankful that he himself appreciated this argument and said that the Government may take this stand. I am not going to take this technical stand because, after all, if we can we should help them, whoever they are. If we cannot, it is a different matter. But our aim should be to help them, as much as it could be done, with this limitation that in future again we are not called upon to give all that assist-

ance to anybody who goes and encroaches on Government land and claims all those facilities which we have given to these people when they are asked to evict. We want to avoid that precedent because, after all, they are encroaching on Government land which is not authorised. If we treat it as a precedent, then people will start on encroaching on Government land. Because, in Kerala land is very limited. So, if anybody goes and occupies a forest land we are asked to give the same treatment when they are evicted, it will be rather difficult. But, in this case, having regard to the fact that they have been there since 1942, I am not taking that attitude.

Shri Vasudevan Nair: The Government sent them there.

Shri Hathi: Whatever it be, I am not taking that legal or technical stand. So far as free ration is concerned, we have given them Rs. 25 extra. Regarding dispensaries, we have already directed a medical officer to visit the area daily and, if it is not possible, on alternate days. Then, I shall instruct the Kerala Government that, if possible, some works may be opened so that they may get employment. I think these are the main demands.

I am sorry, in the question he simply asked whether Government are aware of the sufferings of those people. I said "yes". If he had asked what their demands were etc. I would have given the information, because I do not want to hide anything from him or from the House. But the question was whether the Government is aware of this and so I said "yes". We have received representation and we would have given the details if they had been asked for. As these are the difficulties that have been experienced by them I would certainly look into them. I will also look into the question of giving them some employment.

One of the items which I find here is that three wells are sanctioned. If instead of three more wells are necessary I will ask them to have five wells, because these are the facilities which we have to look into from the humanitarian point of view.

17.28 hrs.

MOTIONS *RE*: (i) FOOD SITUATION AND (ii) SITUATION ARISING OUT OF DROUGHT CONDITIONS--contd.

श्री तुलशीदास जाधव (लातेड़) : उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर दो दिनों से जो डिबेट हो रहा है वह देश के अन्दर अकाल पड़ने से जो तकलीफ हो रही है उसके लिये हो रहा है । मैं जहां से आया हूं, अर्थात् महाराष्ट्र में खरीफ और रबी के लिये बरसात न होने से दिक्कत पैदा हो रही है । एक तो वहां अनाज की दिक्कत है उसके साथ ही पीने के लिये पानी मिलना भी मुश्किल हो गया है, जानवरों का चारा भी नहीं मिल रहा है । यह ठीक है कि बरसात का पानी हमारे हाथ में नहीं है, सरकार के हाथ में बरसात का लाना या बन्द करना नहीं है । लेकिन जिस नदी में पानी होता है हर वक्त वहां से पानी पीने के लिये हम नहीं जाते है । वहां से घड़े भर कर घर में ला कर रखते है और एक दो दिन इस का इस्तेमाल करते हैं ।

17.29 hrs.

[SHRI SONAVANE *in the Chair*]

उसी तरह से जब जब बरसात हो रही थी ईमस वगैरह तैयार कर के हम को पानी सम्भाल कर रखना चाहिये था और परिषद वगैरह कर के इस्तेमाल करना चाहिये था । लेकिन वह शुरू से लेकर पन्द्रह वर्षों में जितना होना था नहीं हुआ । और उसका नतीजा यह हुआ है कि हमारे यहां सिंचाई नहीं हो सकी ।

इसके साथ साथ हम अमरीका से जो अनाज मंगवाते थे उसका भी बहुत भारी परिणाम उत्पादन पर पड़ा है । चूंकि अनाज पैदा करने वाले को उस की कीमत पूरी नहीं मिल रही है इस लिये वह कैश क्राप की ओर चला गया और कैश क्राप के होने से अनाज कम हुआ । इस के अन्दर यह भी एक फैक्टर है ।

[श्री तुलशी दास जाधव]

तो इसीलिए जो पहले बातें हुई, जिस बाबत में अपनी गलती हुई वह सुधारने का एक मौका है। अभी इस वक्त यह अकाल पड़ने से जो तरीके या जो प्रयत्न करने हैं वह ऐसे प्रयत्न करने चाहिए कि जिससे आगे कभी ऐसा मौका आ जाय कि बरसात न हो तो भी अपने को तकलीफ न हो।

अभी मैं महाराष्ट्र की बात कहता हूं। वहां 26 डिस्ट्रिक्ट्स हैं जिन में से एक दो डिस्ट्रिक्ट्स को छोड़ दिया जाय तो महाराष्ट्र में बड़ी दिक्कत और बड़ा धोखा है। इस समय 1 हजार रुपये और 12 सौ रुपये के जानवर की कीमत बाजार में 100 रुपये या 200 रुपये तक है और वह भी खरीदी करने वाले जो लोग हैं वह कसाई लोग हैं। मैंने अभी चार दिन पहले शोलापुर में देखा तो वहां बकरी का या भेड़ का या मुर्गी का जो मांस है उसकी कीमत 4 रुपये और 3 रुपये सेर है लेकिन जानवरों के मांस की कीमत 1 रुपये और 12 आने हो गई है। इसके माने यह हैं कि ये सब जानवर कट रहे हैं और यह ज्यादा कटने के बाद अगले मौसम के लिए जानवर मिलने मुश्किल हैं। इसलिए मेरी यह रिक्वेस्ट है सेंट्रल गवर्नमेंट से और स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से भी करें, कि जल्दी से जल्दी जानवरों को सम्हालने की कोशिश करें।

दूसरी बात—आज महाराष्ट्र के बाजार जो जवारी का एरिया है, उसमें तो जवारी का भाव डेढ़ रुपये से 2 रुपये किलो तक है और बाजरे का भी सवा रुपये से डेढ़ रुपये किलो तक है। गेहूं तो दो रुपये से ढाई रुपये तक है और जो खाद्य तेल है सरसों का उसका भाव 4 रुपये किलो तक है। सीरिअल्स जो हैं उनका भी दाम डेढ़ रुपये किलो है। आजकल जो वहां लोग काम करने जाते हैं वह पैसे पर नहीं जाते हैं, वह तो कहते हैं कि हम को अनाज दीजिये तब हम काम पर जायेंगे। काश्तकार के काम के लिए वह नहीं जाते हैं। इसीलिए मेरा कहना है कि किसी भी हालत में सेंट्रल गवर्नमेंट को महाराष्ट्र को ज्यादा से ज्यादा अनाज देने की कोशिश करनी चाहिए। देश में गये हुए सोलह सत्रह वर्षों में 40 परसेंट खेती का उत्पादन बढ़ गया है और 35 करोड़ से 47 करोड़ तक लोक संख्या बढ़ गई, रोजाना पचास हजार लोग बढ़ते हैं और उनकी उम्र भी बढ़ गई, यह सब ख्याल में रख कर गवर्नमेंट का काम था कि पिछले सत्रह वर्षों में या दस बारह वर्षों में अनाज की इस रीति से बढ़ती करे जिससे उसकी कमी न पड़े। लेकिन वह अनाज की बढ़ती करने वाले जो काश्तकार है, मेरी यह राय है और मैंने बहुत दफा बोलते हुए कहा कि काश्तकारों की तरफ जिस रीति से देखने की गरज थी उस रीति से देखा नहीं। छोटे छोटे जो धन्धे हैं उनके अन्दर जो कैपिटल है, जो भंडार हैं, उसमें कभी किसी धन्धे के अन्दर अगर कभी मुनाफा न हो तो धन्धा बन्द हो जाता है। इसी रीति से अगर काश्तकारी का जो धन्धा है, खेती का धन्धा है उसको देखा जाय तो उसमें हमेशा वह नुकसान में है और सरकार ने कभी उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। मेरी तो यह राय है कि इस वक्त सरकार को ऐसी योजना करनी चाहिए कि जिससे काश्तकार खेती को एक बड़ा धन्धा समझ कर उसके पीछे पड़े और काश्तकार को जो कचहरी वगैरह में बार बार जाना पड़ता है उसके बजाय सब चीज बीज खाद वगैरह सब की सब चीजें उसके मकान पर जाकर उसको दी जायं और इस तरह उससे मेहनत करवाकर खेती की उपज को बढ़ाना चाहिए। मेरी विनती है सरकार से कि इस देश के जितने

पढ़े लिखे लोग हैं, जितने ज्ञानी लोग हैं ज्यादा से ज्यादा वह खेती से दूर रहते हैं और बाहर जाकर ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाते हैं। एक प्यून जैसा आदमी भी डेढ़ सौ रुपये कमाता है। लेकिन खेती इतनी बड़ी चीज होते हुए भी, उस पर काफी लोग रहते हुए भी, हिन्दुस्तान के 47 करोड़ लोगों का जीवन होते हुए भी, उसकी तरफ कोई देखने वाला नहीं है, ऐसी हालत है। इसलिए मेरी रिक्वेस्ट यह है कि उसकी तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाय।

महाराष्ट्र के लिए 16 लाख टन धान या अनाज और 6 लाख टन बाकी सब दाल वगैरह कम पड़ता था। लेकिन अब की हालत यह है कि 55 से 60 लाख टन तक कम पड़ने वाला है इससे ज्यादा से ज्यादा वहां दिक्कत है। इस देश में सब लोग साथ रहते हुए भी अनाज के भाव देखने से मालूम होता है कि यहां पंजाब में गेहूं का भाव 40 से 50 रुपये क्विंटल तक है और महाराष्ट्र में 175 से 180 रुपये क्विंटल है। मेरी समझ में नहीं आता कि कोई दूसरा देश है या क्या है ? पाकिस्तान बाजू और यहां की हद के अन्दर उसका रेट देखा जाय तो उसमें इतना डिफरेंस नहीं है, बहुत थोड़ा डिफरेंस है, लेकिन यहां एक देश के होते हुए भी इतना ज्यादा से ज्यादा फर्क है। इसलिए मेरी विनती है कि सरकार को बेसिकली, बुनियादी विचार इस पर करना चाहिए। इसमें डेढ़ दो साल से पैदा नहीं हो सकता। तीन या साढ़े तीन हाथ कुंआ है और पांच हाथ लम्बा आदमी है तो जब नीचे कम पड़ता है तो ऊपर से खींचे और जब ऊपर कम पड़े तो नीचे से खींचे, इस तरह की पालिसी करने से यह काम नहीं चलेगा। नतीजा क्या होता है ? अभी तक बहुत नुकसान नहीं हुआ है। जब मैंने आंकड़े देखा तो 20 लाख 50 हजार टन कम पड़ता है, हम बाहर से इम्पोर्ट करते हैं और हम ने देखा कि इम्पोर्ट ज्यादा से ज्यादा 40 लाख या 60 लाख टन तक 63 और 64 साल में किया है। मेरी समझ में नहीं आता कि 5 परसेंट इम्पोर्ट हम करते हैं। पांच परसेंट भी हम दस बारह वर्षों में अपनी पैदावार नहीं बढ़ा सके तो हम ने क्या किया यह सवाल पैदा होता है। 88 मिलियन टन हमारे यहां पैदा होता है और कम पड़ता है 5 परसेंट। तो 17 वर्ष के अन्दर दूसरे इतने बड़े बड़े धन्धे बढ़ गये, सभी बातों में बढ़ोत्तरी हो गया लेकिन 5 परसेंट अनाज नहीं बढ़ा सकते तो यह पालिसी गवर्नमेंट की जो है वह बेसिकली काश्तकारों की नहीं है बल्कि भांडारदारों की है, वकालत करने वालों की है या डाक्टर लोग या शहरी लोग जो हैं, जो कि ज्यादा बोलते हैं, लिखते हैं, उनके लिए गवर्नमेंट ज्यादा करती है लेकिन प्रामाणिक तौर से आनेस्टली जो गरीब हैं, जो सूखी रोटी खाकर खेत में काम करते हैं उनके लिए गवर्नमेंट की दृष्टि बिलकुल नहीं है। जो थोड़ी बहुत होती है तो जो कैच क्रॉप करके अनाज पैदा नहीं करते हैं, हम फिर उसके दरवाजे पर जाते हैं। यह पालिसी बिलकुल बदलने की जरूरत है। जैसा पहले कहते थे, हमारे यहां मराठी में एक पुरानी कहावत है कि "कळाने पेरावे न मळाने व्यावे" यानी कण कण में बोना और मन मन से लेना, ऐसी कहावत थी। लेकिन अब जो कहावत है वह यह है कि मणाने पेरावे व कणाने व्यावे, मन मन बोना तो कोई कण मिलता है। ऐसी हालत हो गई है। तो ऐसी देश की हालत हो जाने के बाद और फिर अमेरिका से लाने में फॉरेन एक्सचेंज पैदा होता है। इसलिए इसके ऊपर ज्यादा से ज्यादा ख्याल देने की जरूरत है। कितना कम पड़ता है, यह आंकड़ों में मैं बताता हूं। 1962 साल में फेयर ग्राइम साप से 40 लाख 30 हजार टन खपत हुई है। 1963 साल में 80 लाख 10 हजार टन और 1964 साल में

[श्री तुलसीदास जाधव]

80 लाख टन तथा 1965 में 90 लाख 60 हजार टन, यह फेयर प्राइस शाप से लोगों के पास गया और प्रोक्योरमेंट कितना हुआ : 1960-61 में 5 लाख 50 हजार टन और 1964-65 में 30 लाख टन प्रोक्योरमेंट किया । यानी 30 लाख 64 हजार टन का 1962 में इम्पोर्ट हुआ, 40 लाख 56 हजार टन 1963 में इम्पोर्ट हुआ, 60 लाख टन 1964 में और 60 लाख टन 1965 में इम्पोर्ट हुआ । 60 लाख टन मंगाया हुआ और 30 लाख टन प्रोक्योर किया हुआ अनाज इन दुकानों से बांटा गया । तीस लाख का प्रोक्योरमेंट हुआ और खाली पचास या साठ लाख टन की कमी पड़ती है । मेरी प्रार्थना है कि हम को अन्य योजनाओं को छोड़ कर ऐसा प्रयत्न करना चाहिए कि बरस दो बरस में अन्न के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएं । हमारे महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर ने ऐसी प्रतिज्ञा की है कि दो बरस में महाराष्ट्र स्वावलम्बी हो जायेगा । ऐसी ही प्रतिज्ञा केन्द्रीय सरकार को करनी चाहिए । कई वक्ताओं ने कहा वैसे श्री मालवीय जी ने कहा और हनुमन्तैया जी ने कहा कि यहां भाषण करने से कोई लाभ नहीं होगा, प्लान का इम्प्लीमेंटेशन होना चाहिए ।

मेरा कहना है कि आप देहात के यूनिट को पकड़ो, यह देखो कि कहां कितनी जमीन है और उस जमीन का कितना मकद्दर है, फिर प्लान करके अनाज का उत्पादन बढ़ाने की कोशिश करो । केवल यह कहने से कि इतना फर्टीलाइजर हो गया और इतना पानी हो गया इसलिए इतना उत्पादन हो जायेगा, कोई लाभ नहीं होगा । इन आंकड़ों से कोई फायदा नहीं हो सकता ।

मेरी महाराष्ट्र के लिए सरकार से बार बार प्रार्थना है और खास कर के जो हमारे डिप्टी मिनिस्टर साहब हैं, जो कि काश्तकार के घर से आये हैं और जो काश्तकार के जीवन के बारे में जानते हैं, उनसे प्रार्थना है कि हमारे महाराष्ट्र को ज्यादा से ज्यादा अनाज और अधिक उत्पादन करने के लिए प्रयत्न करें ।

Mr. Chairman: I would request hon. Members to stick to ten minutes each, so that we shall be able to accommodate as many Members as possible. If hon. Members are going to encroach upon that time to be given to others, then our sitting for one hour more after 5.30 p.m. will have no meaning. So, I would request hon. Members again to co-operate with me, and if necessary, if the House so desires, we shall sit even later than that. But let hon. Members see that they stick to ten minutes strictly.

Shrimati Lakshmikanthamma: Every year, the Food and Agriculture Minister used to give a rosy picture on the agricultural front, but this year, the very fact that he has said that we cannot dispense with the imports and for the present we cannot think of suspending imports, shows the gravity of the situation on the food front.

Yesterday, the hon. Minister had explained that the States had co-operated with him fully, and yet, due to the failure of the monsoons and other bad conditions—it was not so much the failure on the agricultural front as such—the present situation has come about; the food situation today is more a God-made one than the result of folly or failure of the human elements.

My hon. friend Shri Jashvant Mehta was saying that the States did no co-operate. But I would like to say that the States were enthusiastic and rather over-enthusiastic in the matter. As far as my State of Andhra Pradesh is concerned, the procurement order was issued in October, 1965 itself, and efforts have been going on in that direction. But, recently, as I have already said, nature has been very cruel to us.

I had visited by constituency on the 15th of this month again to study the conditions in my district I may submit that my district is the worst hit in the whole of Andhra Pradesh. Even the surplus States like Andhra Pradesh and Madhya Pradesh are talking as if they are going to be deficit States to the extent of many lakhs tons of rice and other millets. The report of the Andhra Pradesh Government says that in my district of Khammam even 10 per cent of last year's production of millets would not materialise. Nearly 17 districts out of 20 are in this conditions. According to Government reports, there will be a deficit of 5½ laks tonnes in rice production during the kharif season, that is, there will be a production of 30 lakh tonnes as against 35.5 lakh tonnes last year. The fall in rice production during the rabi crop is also estimated to be 6 lakh tonnes. There has been no rain in the last week of September, in the whole October and November.

When I visited my constituency, it was a very painful sight to see the crops. In some places, the crops were not sown. Some were near tanks; but at the watering stage, the ryots are not able to water the crop at that crucial stage with the result that the plants are withering away. It has a most agonising sight to see.

The hon. Minister also mentioned about scarcity of fodder. We can at least talk about scarcity of food. But the dumb animals when they do not get fodder cannot even do that. How we are to meet this situation is also another problem before us.

Yesterday I was told in a friend's house that in Delhi the price of meat has come down very much because people from the villages are bringing these animals and selling them because they do not have fodder to feed them. When I visited by constituency last time, the Panchayat Minister of Andhra Pradesh was also there. He said that the Chittor district in Rayalaseema was in the worst drought condition. He went to a panchayat samiti to give them certain old he could. There they give him Rs. 1 lakh for the defence fund. Another panchayat samiti gave him Rs. 80,000 for the defence fund. He asked them: 'How' is it that with this condition, you are giving Rs. 1 lakh and Rs. 80,000 for the defence fund?' They replied, 'We will rather starved and die but we will defend our freedom'. This is the spirit of the people.

For becoming really self-reliant, there bes to be a three-pronged drive to achieve self-sufficiency. It should be based on more production, equitable distribution and a voluntary cut in consumption. This is the only way to preserve our self-respect in the international field.

The Minister has rightly asked for the co-operation of all political parties since we are facing two enemies on our borders, and at the same time there is this situation. I hope all political parties will surely give him that co-operation necessary in this respect.

In a way, this situation has engendered is us a mood of self-reliance in so far as our requirements on the defence front and on the food front are concerned. If some people outside are taking advantage of the situation in which we are placed externally and internally and if they think that they can mix politics with food and can apply political pressure, they must understand that Indian public opinion is very sensitive. All freedom loving democracies must realise that India alone can counter the Chinese menace and save democracy in South East Asia. They must realise that it is advantageous and essential from the point of view of the preservation of democracy in this region that Kashmir should be with India rather than with Pakistan. The wall of Ladakh, the bulwark of defence against China will disappear if Kashmir goes to Pakistan. So even if they had been thinking on these lines, they must now rethink about this matter.

[Shrimati Lakshmikanthamma]

After so much discussion and the determined stand taken by us, the US Ambassador has now made it clear that PL 480 will not be used to shape our political thinking. But still, may be sometimes as friends, they think we are depending too much on them and therefore we should concentrate more and more attention on our own agricultural production and increase it to become self-sufficient. That may also be one of their ideas. Still, this misunderstanding is there that since a longterm agreement is replaced by a short-term one, this kind of doubt is still left in the public mind in India. Even some of the leaders in the United States also feel that they should continue this pipeline of supplies of foodgrains and even to the extent of 10 million tons a year, but still, as the Minister yesterday has pointed out, there is uncertainty and we do not know when the pipeline will break. So, our aim should be more to rely on ourselves.

Mr. Chairman: Please conclude within one minute.

Shrimati Lakshmikanthamma: Already a national tempo has been created that we should prefer to starve rather than accept any national humiliation in anyway. Our jawans have vindicated our national honour at the front, we should not spoil the picture that has been created by suffering any humiliation at the hands of any other country.

Mr. Chairman: Ten minutes are over. Swamiji.

श्री रामानन्द शास्त्री (अमलनेरीघाट) : सभापति महोदय, खाद्य समस्या के बारे में अपने विचार प्रकट करने का जो अवसर आपने मुझे दिया है, उस के लिए मैं आप को धन्यवाद करता हूं ।

माननीय सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के विचार सदन के सामने रखे हैं मैं इस विषय में केवल समालोचना नहीं करूंगा बल्कि मैं कुछ सुझाव देना चाहूंगा । सब से पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर पालिसी में आमूल परिवर्तन नहीं किया जायेगा, तो खाद्य समस्या हल नहीं होगी ।

हमारे देश में बहुत से कारखाने ऐसे हैं, जिन्होंने हजारों बीघा जमीन घेरी हुई है, जो कई सालों से बेकार पड़ी हुई है जब तक वहां पर कोई काम शुरू नहीं होता है, तब तक के लिए उन जमीनों को जोतने वाले के लिए दे दिया जाए । उन्हीं जमीनों में हजारों मन गल्ला पैदा हो सकता है ।

कई ऐसे कारखाने भी हैं, जिनके लिए सरकार ने जमीन एलाट की है, लेकिन वह जमीन ऐसे ही पड़ी हुई है और उस में न तो कोई काम हो रहा है और न कोई पैदावार हो रही है, जब कि वह अच्छी उपजाऊ जमीन है । ऐसी जमीनों को भी खेती के काम में लाया जाना चाहिए । इसी प्रकार रेलवे की भी हजारों बीघे जमीन पड़ी हुई है । वह जमीन काश्तकारों को जोतने के लिए इस शर्त पर दे दी जाए कि जब आवश्यकता होगी उनको ले लिया जायेगा । बड़े बड़े काश्तकारों के पास भी हजारों बीघे जमीन है, जो बंजर पड़ी हुई है जो गरीब मजदूर काम करने वाले हैं, जो अन्न पैदा करने में सक्षम हैं वे मेहनत करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी उनको ऐसी जमीनें नहीं दी जाती हैं और वे बेकार पड़ी हुई हैं जब तक सरकार इस प्रकार की पालिसी में परिवर्तन नहीं करेगी, तब तक केवल लेक्चर देने से काम नहीं चलेगा ।

सरकार जो रुपया देती है, उस की वितरण-व्यवस्था में भी बड़ी गलतियां हैं । मैं ज्यादातर देहात में भ्रमण करता हूं । मुझे अनुभव है कि सरकार के द्वारा ब्लाकों में किसानों को बीज के लिए या दूसरे रूप में जितना रुपया दिया जाता है, उस का

दुरुपयोग होता है। आधी रकम तो सरकारी कर्मचारियों की जेब में चली जाती है अगर किसी गरीब किसान को गड्ढा खोदने के लिए दस रुपये मिलते हैं, तो उस में से पांच रुपये तो बी० डी० ओ० या ब्लाक के किसी सरकारी कर्मचारी की जेब में चले जाते हैं और बाकी पांच रुपये किसान वैसे खा जाता है। तो पांच रुपये में गड्ढा कैसे खोदा जाये और कम्पोस्ट खाद कैसे बने।

मैं सरकार को सुझाव देना चाहता हूं कि वह एक विधेयक लाये, या वर्तमान कानून में संशोधन करे कि कोई भी किसान बिना पक्का गड्ढा बनाए कम्पोस्ट खाद न रखे और सरकार की तरफ से इसके लिए किसानों को पैसा दिया जाये।

चूंकि मैं खाद्य समस्या पर बोल रहा हूं, इसलिये मैं भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से नहीं कहूंगा। मुझे दो चार सुझाव देने हैं। एक कानून बनाया जाये, जिसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य रूप से कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए बाध्य किया जाये। आज पशुओं के रखने की ठीक व्यवस्था नहीं है, इसलिये उनके पेशाब और गोबर को जला दिया जाता है। अगर गांव-गांव में गोबर-गैस प्लांट लगा दिया जाये, तो उससे कम्पोस्ट खाद भी मिल जायेगी और लोगों को खाना पकाने के लिये ईंधन भी मिल जायेगा। कम्पोस्ट खाद के गड्ढों के लिए सरकार की ओर से जो पैसा दिया जाता है, वह पड़ा रहता है। चूंकि रिश्वत दिये बिना किसानों को वह पैसा नहीं दिया जाता है, इसलिए वह लेप्स हो जाता है।

जहां तक खाद का सम्बन्ध है, को-आपरेटिव सोसाइटियों के सुपरवाइजर बहुत से फर्जी नाम भर लेते हैं और उस खाद को ब्लैक मार्केट में बेच देते हैं सरकारी कर्मचारी भी एजेंट से मिल जाते हैं और यह दिखला देते हैं कि खाद बांट दिया गया है वह खाद ब्लैक मार्केट में बिकता है। गवर्नमेंट के द्वारा खाद का जो दाम निश्चित किया गया है, किसान को उस पर खाद नहीं मिलता है। यद्यपि मैं खेती नहीं करता हूं, लेकिन मैं भी चालीस एकड़ का काश्तकार हूं। मुझे अनुभव है कि हमें खाद नहीं मिला, लेकिन दूसरों को दे दिया गया। पूछने पर मालूम हुआ कि उन्होंने ब्लैक में खरीद है।

मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि ब्लाकों में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उसमें सरकारी कर्मचारी शामिल हैं और सरकार इस बात को जानती है, लेकिन फिर भी कुछ नहीं किया जाता है। आज स्थिति यह है कि आज ब्लाकों में विलेज वर्कर और ग्राम सेवक आदि अफसर बन कर जाते हैं लेकिन लोगों की कोई सहायता नहीं करते हैं और न ही उनको कुछ सिखाते हैं। मैं ने एक विलेज वर्कर को अपने मकान में साल भर मुफ्त रखा हुआ था। उस की हरकतों को देख कर मैं ने कहा कि तुम सब गड़बड़ करते हो, जब तुम स्वयं गोबर को लाकर जलाते हो, तो तुम प्रचार क्या करोगे। जब मैं ने उसको अपने यहां से हटने के लिए कहा, तो उसने मेरी शिकायत कर दी। मेरे यहां ट्यूबवैल बना हुआ है और मैं उससे सिंचाई करता हूं, लेकिन उस ने यह शिकायत कर दी कि स्वामी जी ने कोई कुआं नहीं बनाया है, इस लिये सब रुपया एक ही बार सूद के साथ इनसे वसूल कर लिया जाये मैं ने इस बारे में कलेक्टर को लिखा। उन्होंने जब देखा कि सचमुच कुआं बना हुआ है, तो उस विलेज वर्कर को हटा दिया गया। यह सरकारी कर्मचारियों का हाल है।

ये जो भ्रष्टाचारी लोग हैं, इन को सरकार कोई दण्ड नहीं देती है। दुनिया में जो काम नहीं होता है, वह रिश्वत से हो जाता है और जो रिश्वत लेते पकड़ा जाता है, वह फिर रिश्वत से छूट जाता है। हमारे नन्दा जी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध इतना आन्दोलन किया, लेकिन मेरी निगाह में भ्रष्टाचार घटा नहीं है, बल्कि बढ़ गया है।

[श्री रामानन्द शास्त्री]

इसका कारण हम ही लोग हैं—मिनिस्टर है, सरकारी अफसरान हैं और हम भी हैं. मैं इस बात को मानता हूं। हम सब भ्रष्टाचार के बारे में चिल्लाते हैं, लेकिन वास्तव में दिये गये अन्धेरा होता है। हमारे डिप्टी फूड मिनिस्टर के पास मेरा काम है। अगर मैं उनके बारे में कहूं, तो दूसरी चीज पैदा हो जायेगी, लेकिन मैं कहना नहीं चाहता हूं। भ्रष्टाचार तो हमारे अन्दर से चल रहा है। जब तक हम उनको यहां से नहीं निटायेंगे, तब तक भ्रष्टाचार दूर नहीं होगा।

18 hrs.

सरकार दूसरी खाद के लिए कहांहो बाबा दे रही है। अगर वह किसानों को अतिरिक्त रूप से कम्पोस्ट खाद के लिए गड्ढा खोदने के लिए कहे और इस प्रकार ज्यादा से ज्यादा कम्पोस्ट खाद की व्यवस्था की जाये, तो खाद संकट को हल करने में सहायता मिल सकती है। किसानों के पशुओं को बांधने के लिए सीमेंट के पक्के फर्श बनाए जाएं, ताकि उनके पेशाब और गोबर आदि को इकट्ठा करके गड्ढे में खाद की व्यवस्था की जा सके। आखिर ये ब्लाक किस लिए है ? क्या ये ब्लाक विलासिता के केन्द्र बनने के लिए है ? मैं ने हरिद्वार के पास एक बी० डी० ओ० को देखा है, जो रेजाना मर्सीडीज लेकर इधर की पहाड़ी पर पहुंच जाते हैं। जब दिखाया गया तब पता चला। उन को काम कुछ है नहीं। इस तरह की समाज चीजें हो रही हैं और इन सारी की सारी चीजों के लिये गरीबी हमें जानी पड़ती है या सरकार को जानी पड़ती है। लेकिन सरकार के सामने हम जाते हैं तो वह भी कुछ कार्रवाई नहीं करती। जिस आदमी की हम शिकायत करते हैं उसी के सामने सारे कागजात ले जाकर रख दिये जाते हैं। यह नहीं कि किसी दूसरे आदमी से एन्क्वायरी कराई जाये और न्याय किया जाये। अगर नीचे वाले लोगों के कहने के अनुसार सारा काम करना है तो मोटे मोटे अफसरों को हजारों रुपये तनख्वाह देकर क्यों देश के ऊपर बार डाल रहे हैं। जिस आदमी के भ्रष्टाचार की शिकायत हम करते हैं उसी के पास सारे कागज पहुंच जाते हैं। इस तरह से आप कैसे काम कर सकेंगे। इस लिये मैं आप से कहना चाहता हूं कि बड़े बड़े फार्म पब्लिक को दिये जायें और पब्लिक को सरकार हर प्रकार की ज्यादा से ज्यादा सहायता दे। तभी आप गल्ला पैदा कर सकते हैं। आज जो गांव के मजदूर हैं जो खेत में हल चलाते हैं उनके लिये कुछ नहीं किया जाता है और वकील, डाक्टर, और शहरों के रहने वाले लोगों के बड़े-बड़े दस-दस एकड़, पांच एकड़ के फार्म खड़े हुए हैं जो कि रंडे के नीचे बैठते हैं। मजदूरों को आज भरपेट खाना नहीं मिलता तो वह कैसे खेत में काम करेंगे। अगर बड़े-बड़े फार्म छोटे-छोटे काश्तकारों को दिये जायें और काश्तकारों की मदद की जाये तो वह आपका काम पूरा कर सकते हैं लेकिन जो मजदूर है जब उनको भर पेट रोटी नहीं मिलती है तो वे उल्टे काम करते हैं और दुनिया भर में हमें बदनाम करते हैं और कहते हैं कि उनको खाना नहीं मिलता। इस वक्त महंगाई इतनी है कि जिसका ठिकाना नहीं है। मैं जानता हूं कि इस समय भी मजदूरों को छः आने रोज मिलते हैं। अतः उन छः आनों में वह पांच आदमियों का पालन कैसे कर सकेगा। हम को विचार करना पड़ेगा कि जो लोग इतना कम देते हैं वे सब भ्रष्टाचार के दोषी हैं।

इन शब्दों के साथ मैं अनुरोध करता कि जो बातें मैं ने बतलाई हैं उनके ऊपर मंत्री महोदय गौर करें क्योंकि यह देश के उत्थान में सहायक होगा।

श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती (अम्बर) : सभापति महोदय, मेरा समय समाप्त होने से दो मिनट पहले मुझे बतला दीजियेगा।

इस समय सूखे के कारण जो अन्न का संकट है उसके लिये मैं दस्तावेज पेश करूंगा। मैं छोटे-छोटे सुझाव दूंगा और वे सुझाव हैं दो प्रकार के। एक तो जो अभी करने के हैं जिन से दुर्भिक्ष का मोकाबला हो जायेगा और हमें विदेशों से अन्न नहीं मंगाना पड़ेगा। दूसरे कुछ आगे के लिये हैं।

पहले हमें यह काम करना चाहिये कि चावल पर जो पालिश की जाती है, जो चावल का बाहर का भाग उतारा जाता है, वह बन्द कर दिया जाये। इससे चावल में जो तत्व होता है उसका 10 प्रतिशत नष्ट हो जाता है। इस तरह से गेहूं और दालों के ऊपर जो छिलका-चोकर होता है उसको भी नहीं हटाना चाहिये। गेहूं चक्की में पीसा जाये, अन्न साफ हो लेकिन उस चोकर को न हटाया जाये। उसमें विटामिन आदि के तत्व अधिक होते हैं इस लिये उस के साथ ही अन्न खाया जाये। इस तरह से 10 या 15 प्रतिशत अन्न बचेगा।

एक मानवीय सुझाव : चावल का तुष भी ले लिया जाये।

श्री जादेव सिंह सिद्धांती : उसे भी ले लो। क्यों बदनाते हो। इसी तरह से दालों की चूरी है। दाल को छानो मत, जिसका अन्न उठाओ। इसी के साथ हम इन चीजों को जैसी उपाधा करें जैसे आलू, शकरकन्द, पालक, हरी सब्जियां, कद्दू फूल, केले आदि कच्चे, जो कि खेत में बहुतायत उपजते हैं और अन्न को बचाने में सहायता पहुंचायेंगे। मुझे विश्वास है कि भगवान की दया से अगर हम इस तरह से करेंगे तो हम अन्न का संकट दूर कर सकेंगे।

अगली चीज यह है कि नदी और नहरों पर बहुत बल मत दो। बल्कि तालाबों में सिंचाई शुरू करो। वे कच्चे भी बनाये जायेंगे, पक्के भी बनाये जायेंगे, मिठाई भी बन जायेगी और आटा भी बनेगा। सब चीजें इस से हो सकती है।

एक और चीज है जोपा जिस को गोला या कोकोनट कहते हैं उस में से तेल या घी जो चाहें निकाल लें, लेकिन बाकी जो चीज रह जाती है उसके आप बिस्कुट बनवा लें। इस तरह से वह भी अन्न का काम देंगे। यह हमारे बिल्कुल क्रियात्मक सुझाव हैं।

अब मैं आप से निवेदन करूं कि आप किसानों को सुविधा दीजिये, जिससे वह दौड़ा और आगे चल सकें। इस से हमारा आज का संकट दूर हो जायेगा और हमें बाहर से अन्न नहीं मंगाना पड़ेगा। जो आप की नहरें और नदियां हैं उनके किनारे पर आप जगह जगह पर झीलें बनायें ताकि जो बाढ़ का पानी आये वह इन झीलों में रुके। इसी तरह से नहरों के पास जो बर्षा का पानी ज्यादा आता है वह भी रुकेगा अगर उनके पास आप बड़े बड़े तालाब और झीलें बना दें। तो इस पानी को हम सिंचाई के काम में ला सकते हैं।

आप ट्यूबवैल लगायें लेकिन साथ में देसी कुएं भी बनायें। ट्यूबवैल वहां भी लगायें जहां पर खादर हो, पानी ज्यादा हो जाता हो नेम आता हो। वहां से आप उसे निकाल कर बाहर लेवें जिस से खादर में कमी आयेगी और वहां खेती अच्छी होती रहेगी।

इसी तरह से जो किसान हैं उन को आप प्रेरणा दीजिये। मान लीजिये किसी के पास पचास बीघे जमीन है तो उस पचास बीघे जमीन में पांच बीघे जमीन वह छोड़ दे और वहां लकड़ी पैदा की जाये। लकड़ी उस में हो, घास हो और उस के बीच के जोहड़ बना दिया जाये, कच्चा ही सही, ताकि बरसात का पानी भी उस में रुके। इस से सब्जी बाग आदि होने के सम्बन्ध में आप सोच सकते हैं।

[श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती]

चौथी बात यह है कि गुड़ पर जोर दिया जाये, चीनी पर नहीं। क्योंकि गुड़ में एक फायदा है। उसे दूध के साथ भी खाया जा सकता है और छाछ के साथ खाया जा सकता है। जो मजदूर कोल्हू वगैरह में काम करते हैं, उन को जा कर आप देखिये, वह रस भी पीते रहते हैं और छाछ ला कर उसके साथ भी कास में लाते हैं। छाछ गांव में मोल तो मिलता नहीं है इसलिये उन मजदूरों को मिल जाता है। गुड़ पकता रहता है उस को खा कर वह एक-एक दो-दो समय अन्न खाने की आवश्यकता नहीं समझते हैं। इसलिये सरकार को गुड़ पर ज्यादा जोर देना चाहिये।

हमारे यहां चीनी बनती है तो उसके सम्बन्ध में एक बात की याद दिला देना चाहता हूं। अभी मैं जिला मेरठ में गया था। वहां दो मिलें हैं। जो बीच का हिस्सा है वहां से एक मिल नजदीक पड़ती है, लेकिन उस में गन्ने को जाने नहीं दिया जाता। जो मिल दूर पड़ती है वहां किसानों को मजबूर किया जाता है कि वहां अपना गन्ना भेजें क्योंकि जिन का इंटरेस्ट है वे लोग सरकारी लोगों से मिले हुए हैं। सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए और ऐसी सुविधा देनी चाहिये कि किसानों के नजदीक जो मिल हो उस में वह गन्ना ले जायें।

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बा० रा० चड्ढा) : मिलों का नाम बतलाइये।

श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती : नाम बता देता हूं। एक दौराला है और एक बागपत। मेरठ जिले में ये दोनों मिलें हैं। किठौली गांव वाले दौराला मिल को भेजें इस की मंजूरी भी दे दी गई लेकिन लोग केन कमिश्नर के पास पहुंचते हैं या मिनिस्टर के पास पहुंचते हैं, और वे लोग मजबूर करते हैं कि नहीं तुम बागपत ले जाओ, यद्यपि बागपत दूर पड़ता है। इससे किसानों का हर्ज होता है। मैं गांव का नाम भी बतला रहा हूं कि किठौली है और मेरठ जिले में दोनों मिलें हैं। मैं ने दोनों का नाम ले दिया है।

मिलों के साथ में एक बीज किसानों के लिए और बहुत आवश्यक है। कुछ लोग ट्रैक्टर वगैरह रखते हैं और साथ में ट्रालियां भी रखते हैं। ट्रालियों में गन्ना वे ले जाते हैं और मिल में पहुंचाते हैं। जिस समय खेत में खाद भेजनी होती है उस समय उस को भी उसमें ले जाते हैं, मंडी में अनाज और गुड़ ले जाते हैं तो भी ट्रालियों में भर कर ले जाते हैं। इस से खाद मंत्री का काम तो ठीक होता है क्योंकि उन्हें सुविधा है, लेकिन ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री वाले उन पर टैक्स लगा रहे हैं। इस से वे तंग और मजबूर हो जाते हैं। मैं ने एक गाड़ी को स्वयं देखा। एक थाना है उसके बाहर उसको रोका गया और कहा गया कि इस का टैक्स दो। अगर नहीं देते तो अदालत में ले जा कर उन पर जुर्माना किया जाता है। इसलिये ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री को यह कहना चाहिये कि खेती के काम में जो ट्रालियां लाई जायें उस पर टैक्स न लिया जाये।

तम्बाकू वगैरह के जो खेत हैं उनको कुछ समय के लिये तो बन्द कर ही दिया जाये। यह काम मैं जरूरी समझता हूं। जहर बोयें और अनाज न बोयें, यह बात मेरी समझ में नहीं आती।

सड़कों के ऊपर और नहर की पटरियों पर कुछ फलदार पेड़ लगाये जायें, जैसे आम है, जामुन है। यह पेड़ लकड़ी भी देते हैं और फल भी देते हैं। इस तरह के पेड़ लगाने से राष्ट्र की अनाज की समस्या भी हल होगी और लकड़ी भी बराबर मिलती रहेगी। इसी के साथ किसानों के पास गोचर भूमि है। उस में से पांच बीघे छोड़ें जिस में जो डंगर हैं गाय वगैरह वह भी चरती रहें।

इस से हमें गायों से भी दूध मिलेगा और जितना भी दूध खाया जायेगा उतना अन्न कम लगेगा और उसकी बचत होगी और पौष्टिक पदार्थ भी मिलेंगे । और गौ आदि की रक्षा भी होगी जिसके ऊपर कि हमारा राष्ट्र निर्भर है । गौ के ऊपर हमारी सारी खेती निर्भर होती है ।

इसी तरह जैसे कि सरसों वगैरह की खली है, इसको बाहर भेजने से आप को 25 करोड़ रुपये सालाना मिलते हैं । लेकिन अगर यह न भेजी जाय और खेतों में डाल दी जाय तो एक अरब रुपये का अन्न ज्यादा पैदा होगा । इसलिए खली बाहर भेजना बन्द कर दें । और बिजली का, जो रक्षा के काम है या खेती के काम हैं उनमें बिजली का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए । ट्यूबवेल में मैंने देखा, ट्यूबवेल आपरेटर एक घंटा ट्यूबवेल चलाने के लिए दो रुपये रिश्वत मांगते हैं और एक और खराबी है, जो ट्यूबवेल चार साल पहले बना हुआ था, जब सरकार से कहा जाता है कि और ट्यूबवेल लगाओ तो वह बोर्ड हटाकर के नया बोर्ड लगा देते हैं और कह देते हैं कि हम ने नया बनाया । मैं खुद चलकर के दिखा सकता हूं । जो बिजली के और नहर के कर्मचारी हैं उनको कम से कम किसानों का हितैषी होना चाहिए, वह समझें कि कब पानी चाहिए, कितनी सिंचाई चाहिए । लेकिन वह बेचारे ऐसे भेजे जाते हैं कि सात पीढ़ी तक जिनके यहां खेती न हुई हो, उनको लाकर वहां बैठा देते हैं । छोटी छोटी भूमि का बटवारा बन्द कर दीजिये और एक हद मुकर्रर कर दीजिये । गांवों में प्रचार का जो आपका साधन है, अंग्रेजी का तो कोई जानता ही नहीं और हिन्दी में भी जो जाता है तो उससे भी बड़ी मुश्किल होती है । तो आप डी० सी० को कहिये कि वह हर गांव में खेती के जो साधन हैं उनकी मुनादी करवावें कि किसानो तुम्हारा इसमें फायदा है । इससे तात्कालिक भी लाभ होगा और आगे के लिए भी लाभ होगा ।

श्री अ० प्र० शर्मा : सभापति जी, आज देश के सामने दो बड़ी समस्यायें हैं । एक देश की सुरक्षा की तैयारी करना और दूसरे देश के अन्दर अधिक से अधिक अन्न पैदा करना । जहां तक देश की सुरक्षा का सवाल है सभी लोग इसके लिए एक राय होकर तैयारी कर रहे हैं और लोगों ने इसका परिचय भी दिया है जब पिछले दिनों में पाकिस्तान ने देश के ऊपर आक्रमण किया । लेकिन देश की सुरक्षा के काम में सफल होने के लिए भी यह जरूरी है कि देश के अन्दर जो अन्न उत्पादन का काम है उसमें हम अधिक से अधिक सफल हो सकें । मैं यह कहना चाहता हूं कि आज तक सरकार के काम करने का जो तरीका रहा है, सरकार की जो खाद्य नीति है खास तौर से अन्न उत्पादन करने की जो नीति है अगर यह पुरानी नीति कायम रही तो जैसा हमारे भाई काश्मीर के श्री मल्होत्रा ने कल ठीक ही कहा कि 1971 तक भी हम सेल्फ सफिश्येंट यानी अपने देश के अन्दर जो अन्न उत्पादन किया जायगा उसके ऊपर अपने को निर्भर कर सकें, यह आशा कभी पूरी होने वाली नहीं है । मैं तो यह कहना चाहता हूं कि 1971 तक ही नहीं बल्कि उससे दो चार पांच वर्ष आगे का समय भी अगर कहा जाय तो उसमें भी कोई अत्युक्ति नहीं होगी ।

मैं इसके सम्बन्ध में यह कहना चाहता हूं कि अधिक से अधिक अन्न उपजाने के लिए सबसे जो जरूरी चीज है वह है सिंचाई का प्रबन्ध, सिंचाई की व्यवस्था । लेकिन देश के अन्दर करोड़ों एकड़ जमीन सूखी पड़ी हुई है । खास तौर से गंगा के किनारे जिसको गैंजेटिक वैली कहते हैं जहां पर थोड़ी सी सिंचाई की व्यवस्था होने से वहां पर दुगुना अन्न पैदा हो सकता है । सरकार यह कहती है कि कुछ राज्य हमारे देश के अन्दर ऐसे हैं जहां पर अधिक अन्न उत्पन्न होता है जिसको सरप्लस स्टेट कहते हैं और कुछ ऐसे राज्य हैं जहां अन्न उत्पादन की कमी है, उसको

[श्री ग० प्र० अर्मा]

डेफिसिट स्टेट कहते है । मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि यह सरप्लस और डेफिसिट स्टेट कैसे बने, क्यों बने ? इसके लिये कौन जिम्मेदार हैं ? सिवाय प्रथम पंचवर्षीय योजना के हम ने सिंचाई के लिए कौन से काम किये हैं जिससे कि देश के अन्दर अधिक से अधिक अन्न का उत्पादन हो सके । पिछले दस वर्ष में हम ने बराबर जोर एक ही बात पर दिया और वह दिया देश के औद्योगीकरण पर, इंडस्ट्रियलाइजेशन पर ज्यादा जोर दिया। लेकिन आज जो अन्न की कमी इतनी बड़ी विकट समस्या हमारे सामने खड़ी हुई है, मैं समझता हूं कि अगर पिछली दो योजनाओं में द्वितीय और तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं में पहली पंचवर्षीय योजना की तरह अगर अन्न उत्पादन करने के ऊपर जोर दिया गया होता तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती । इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं, कि सरकार सिंचाई की सुविधा देने का जो सवाल है उसकी नीति में परिवर्तन करे और खास तौर से उन सूबों के अन्दर जो कि डेफिसिट स्टेट कहे जाते है वहां पर अधिक से अधिक सिंचाई की व्यवस्था करे । इस सम्बन्ध में खास तौर से मैं अपने सूबे के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । मेरे पास आंकड़े हैं, मैं उनको सदन के टेबल पर रखना चाहूंगा । इनको देखने से आश्चर्य होगा कि यू० पी० जो इस देश का सबसे बड़ा राज्य है उसके बाद बिहार है या और दूसरे राज्य हैं । यू० पी० में करीब करीब 1 । हजार ट्यूबवेल लग गये हैं और इसी तरह से बिहार में 5 हजार लगाये गये हैं । लेकिन अगर मद्रास को देखें तो वहां पर 1 लाख 35 हजार ट्यूबवेल लगाये गये है । तो अब ये (यू० पी० और बिहार) स्टेट डेफिसिट नहीं होने तो क्या होंगे । जहां पर सिंचाई की ऐसी सुविधा है, वहां पर अधिक अन्न कैसे पैदा हो सकता है । इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं सभापति महोदय कि दो वर्ष हो गये, दो वर्ष से मैं कोशिश कर रहा हूं कि मेरे क्षेत्र (बक्सर संसदीय क्षेत्र) में जो गंगा के किनारे की बड़ी उपजाऊ भूमि है मैंने सर्वे कराकर दिया है, प्रधान मंत्री को भी लिखा है और खाद्य मंत्री को भी लिखा है, कांग्रेस की कार्यकारिणी समिति में भी रखा है, और मैंने एक चैलेंज दिया है कि उस 1 लाख 35 हजार एकड़ जमीन में वहां पर कोई सिंचाई की व्यवस्था नहीं है, वहां अगर सिंचाई की व्यवस्था कर दी जाय, दो सौ ट्यूबवेल लग जायें जिनकी कीमत । करोड़ 20 लाख रुपये होगी तो वहां पर 35 से 40 हजार टन तक अधिक अन्न का उत्पादन हो सकता है । मेरे सूबे के अन्दर आज जो अन्न की कमी है, वह 11 से 13 लाख टन सालाना है जो बिहार की राज्य सरकार केन्द्र से देने की मांग करती है और केन्द्रीय सरकार प्रति मास 35 से 40 हजार टन से अधिक बिहार सरकार को अन्न नहीं दे पाती हैं । तो इस तरह से मैंने सरकार को बतलाया है कि अगर उस क्षेत्र को बाढ़ से छुटकारा दिया जाय, वहां पर सिंचाई की व्यवस्था की जाय तो 35 से 40 हजार टन अधिक अन्न एक फसल में, दो फसल में नहीं, पैदा हो सकता है जो कि बिहार सरकार के एक महीने के डेफिसिट को पूरा कर सकता है । इस तरह से जहां जहां भी सिंचाई की व्यवस्था नहीं है वहां सिंचाई की व्यवस्था करनी चाहिए ।

खाद्य मंत्री की जो यह पत्रिका निकली है इन्क्रीजिंग फूड प्रोडक्शन इन दिस कन्ट्री, मैं उससे बिल्कुल असहमत हूं । उनके कहने के मुताबिक खाद या फर्टिलाइजर यह अधिक से अधिक लोगों को देना चाहते हैं । उसका नतीजा क्या होगा ? फर्टिलाइजर उसी जगह में उपयोगी हो सकेगा जहां सिंचाई की व्यवस्था है । मैं यह कहना चाहता हूं कि आज फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं है, किसानों को कोई भी ऐसी चीज देने की जरूरत नहीं है । जब हम लोग गांवों में जाते हैं तो किसान की एक ही मांग होती है कि हमारी सूखी

जमीन में तुम पानी दो, हम जानते है कि हम कैसे अधिक अनाज पैदा कर सकते हैं। हर किसान इस बात को जानता है। प्रधान मंत्री ने देश को आश्वासन दिया इस सदन के जरिये से कि जहां तक खेती का काम है उसमें रुपये की कमी नहीं होगी। तो मैं चाहूंगा कि खाद्य मंत्री और सरकार, आज की जो अन्न उत्पादन करने की उनकी नीति है उस में परिवर्तन करें और सब से पहले सारा काम बन्द करके जहां जहां पानी की व्यवस्था नहीं है, किसानों को पानी दें और इस देश का किसान अन्न उत्पादन करेगा, तभी जो अन्न का अभाव है वह पूरा हो सकता है।

मैं वितरण वगैरह के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना चाहता। वितरण के अन्दर जो परेशानी और दिक्कत होती है वह इस लिये होती है कि अन्न का अभाव है। जिस चीज की कमी होती है उसी के वितरण का भी सवाल पैदा होता है। अगर चीज अधिक से अधिक पैदा हो तो वितरण का सवाल हमारे सामने नहीं आ सकता। इसलिए मैं बड़े अदब के साथ अपने खाद्य मंत्री से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जिस बात का मैंने जिक्र किया है उस पर ध्यान दें और अगर चाहें तो उसको चल कर देख लें।

एक बात और अन्त में कहना चाहता हूं कि हमारे देश में जो लघु सिंचाई योजना है वह तो कृषि मंत्रालय के अधीन है जैसे ट्यूब वेल इत्यादि, जिनको माइनर इरीगेशन भी कहते हैं। और बाकी जो सिंचाई का काम है वह सिंचाई विभाग के अधीन है। नतीजा यह होता है कि कृषि विभाग की तरफ से अगर ट्यूबवेल लगाया जाता है तो उस ट्यूबवेल में बिजली का कनेक्शन पावर और इरीगेशन विभाग द्वारा देर में लगाया जाता है क्योंकि बिजली उनके अधीन है। इसका नतीजा यह होता है कि जो ट्यूबवेल लग जाते हैं उन में से बहुत से बिजली न मिलने के कारण बेकार पड़े रहते हैं। इसलिए आखिर में मेरा यही सुझाव है कि जो भी सिंचाई का काम है उसको एक ही मंत्रालय के अधीन कर दिया जाए, माइनर इरीगेशन को भी अगर ऐसा नहीं होता है तो कृषि मंत्रालय माइनर इरीगेशन के काम को सब से पहले ले, इसके बाद फर्टिलाइजर आदि की बात करे।

मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे मौका दिया। आज का यह मौका मैं अपने लिए नहीं लेना चाहता था लेकिन मैं इस बात को साबित करना चाहता था कि पार्लियामेंट के सदस्य खास तौर से कांग्रेस पार्टी के सदस्य देश की हालत से इतने ज्यादा चिन्तित है कि अधिक समय में बैठ कर भी सरकार को सुझाव देने को तैयार है। देश की खाद्य समस्या सुरक्षा समस्या के ऊपर सब से महत्वपूर्ण समस्या है और इस कारण इसका समाधान होना चाहिए।

Mr. Chairman: I think I can accommodate only one or two more within the time extended by the House If it is the desire of the House to sit some time more, I am prepared. What is the desire of the House?

श्री तुलसी दास कपूर : अगर इस समय को उसमें न जोड़ा जाए तो हम सात बजे तक बैठने के लिए तैयार हैं।

Mr. Chairman: So we sit for some time more. We sit upto 7.00 p.m.

श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह (छपरा) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मुझे भय था कि कहीं ऐसा न हो कि आज भी मुझे बिना बोले चला जाना पड़े।

कल मैं माननीय खाद्य मंत्री महोदय का भाषण बड़े ध्यान से सुनता रहा। । जब कभी खाद्य स्थिति पर यहां बहस प्रारम्भ होती है तो मैं खाद्य मंत्री महोदय का भाषण बड़े ध्यान से सुनता हूं। लेकिन हर बार मैं इस बार मैंने उनके भाषण में अन्तर देखा। अभी तक बिहार को वह एक डेफिसिट स्टेट

[श्री राम सेवक प्रसाद सिंह]

बताते थे और इस वक्त जब कि सारे देश में और इस सदन के सारे कोनों से यह आवाज आ रही है कि यह स्थिति संकट की है, और सारे देश में अकाल की परिस्थिति हो गई है, उस समय उन्होंने ऐसा एलान किया कि बिहार में खाद्य की स्थिति संतोषजनक है। इस ऐलान से मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ, इसलिये कि जिस प्रकार उन्होंने आज पिछले दो वर्षों में अन्न की कमी के समय बिहार में ठीक समय पर अन्न नहीं पहुंचाया, और जो अन्न उसको देने का कमिटमेंट किया था उसको भी नहीं पहुंचाया, उस पृष्ठ भूमि में मुझे सन्देह हो रहा है कि क्या सारे बिहार को भूखा मारने का उन के मन में षड्यंत्र है। इसलिये मैं उनके भाषण को सन्देह की निगाह से देखता हूं और आपके मारफत प्रधान मंत्री महोदय से अपना यह सन्देह जाहिर करना चाहता हूं, और कहना चाहता हूं कि वह ऐसा न समझें कि बिहार में खाद्य की स्थिति अच्छी है। बिहार की भी स्थिति वैसी ही है जैसी कि सारे देश की है। यह बात सच है कि मकई के वक्त में उत्तर बिहार में मकई जरूर हुई थी।

मैं आपसे निहायत अदब से कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के सभी राज्य हिन्दुस्तान के बराबर के भागी हैं और एक प्रदेश में अगर कोई चीज पैदा होती है तो उस चीज का उपभोग करने का दूसरे प्रदेश को भी बराबर अधिकार है। लेकिन खाद्य मंत्री महोदय ने पहले जोनल सिस्टम बनाया और देश में एक जगह से दूसरी जगह अनाज ले जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया। इससे राष्ट्रीयता की भावना पर कुठाराघात होता है। मैं ऐसा मानता हूं कि किसी प्रदेश में कोयला पैदा होता है, लोहा पैदा होता है, अबरक पैदा होता है, सोमेंट पैदा होता है या और ऐसी चीजें पैदा होती हैं तो उनको दूसरे राज्यों में पहुंचा कर उसी दाम पर उनका उपभोग करने का अधिकार अन्य सभी को भी दिया जाता है। लेकिन उन राज्यों में जिन में ये चीजें दूसरे राज्यों को भेजी जाती हैं, अन्न न भेजना राष्ट्रीय भावना के विरुद्ध है। ऐसा होने से उस राज्य के लोगों के दिलों में यह भावना पैदा होती है कि हमारे साथ भारत सरकार अन्याय कर रही है, हमारी चीज तो ले जाती है पर हमको अन्न नहीं पहुंचा रही है। आज जब कि सारे देश की परिस्थिति एक समान हो गयी है, मैं समझता हूं कि इस वक्त तो सद्-बुद्धि जाग्रती चाहिए और जोनल सिस्टम को तोड़ देना चाहिए।

मैं आपसे निहायत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री महोदय ने ऐलान किया है "जय जवान" "जय किसान"। मैं इस स्लोगन को कोई दो बात नहीं समझता, क्योंकि जो आदमी किसानी करते हैं वही आदमी जवान बन कर युद्ध मोर्चे पर जाते हैं। आप मानेंगे कि देश में आज 80 प्रतिशत लोग किसानी करते हैं और ज्यादातर इन्हीं के बच्चे आज जवान बन कर खून देकर देश की रक्षा करते हैं। खून देने वाले खून दे कर रक्षा करते हैं और उनके माता पिता घर में रह कर किसानी करते हैं और देश को अन्न देते हैं जो कि आपको और हमको खाने को मिलता है।

आपने पहले बड़े शहरों में राशन देने की बात कही है। जो आपका सरकुलर गया है देहातों में हमने उसको देखा है। उस में ऐसा है कि जिस आदमी के पास पांच या पांच एकड़ से अधिक भूमि हो उसको अन्न नहीं मिलेगा। यह कितनी अन्यायपूर्ण बात है कि जो अन्न पैदा करते हैं उन्हीं को अन्न नहीं दिया जायेगा। अगर किसी कारण उस आदमी के पास अन्न नहीं रहे तो उसे आप अन्न नहीं देंगे जब उससे ले कर शहर के लोगों को दिया जाता है, क्योंकि वे शहर में रहते हैं और शहर वालों की जो म्युनिसिपल एरिया के बाहर जमीन है उसको पैदा देख कर वे पैसा कमाते हैं। मैं निहायत

अदब के साथ अपने मंत्री महोदय के पास देहात के गरीबों का संदेश पहुंचाना चाहता हूं कि जो गरीब किसान हैं उनके साथ भी उचित व्यवहार कीजिए । आप अन्न देना चाहते हैं तो सब को दीजिए, और अगर आपके पास अन्न की प्रचुरता नहीं है तो छोड़ दीजिए सारे लोग अपना इन्तजाम कर लेंगे । जो अन्न आप देते भी हैं वह उनको पूरा नहीं देते हैं ।

वसूली की जो नीति आपने अपनायी है वह भी न्यायपूर्ण नहीं है । अभी हमारे दोस्त सरजू पांडेय ने सदन में कहा, बिहार की स्थिति बताते हुए, कि वहां कहा गया है कि तीन एकड़ से ज्यादा जिन लोगों के पास जमीन है उनके यहां पैदा हो या न हो उनको धान देना होगा । जिस व्यक्ति के पास धान नहीं भी है उसको भी धान देना पड़ता है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसी योजनाओं को ऊपर के लोग बनाते हैं और वे नीचे तक चली जाती हैं । जो लोग इन योजनाओं को बनाते हैं वे ग्राम लोगों की दिक्कतों को नहीं समझते । इसी कारण वे ऐसे लोगों से जबरदस्ती अन्न वसूल करने की बात करते हैं । मैं आप से कहना चाहता हूं कि अगर मालपानी कीजिए तो सारा सामान सरकार खरीदे, नहीं तो रैयतवार चैनल व्यापार का चलने दें ।

मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि खेती के काम को दो प्रकार के लोग करते हैं, एक किसान और दूसरे नेकेटेरियट में एयरकंडीशन्ड कमरों में बैठने वाले बाबू । लेकिन किसान के दृष्टिकोण में और बाबू के दृष्टिकोण में बड़ा फर्क पड़ता है । वह फर्क इस तरह पड़ता है । अभी मैं अपने प्रदेश में गया था एक तरफ तो प्रधान मंत्री महोदय कहते हैं कि अन्न बढ़ाओ । मैं आपको बताता हूं कि हर किसान अपनी पूरी मेहनत से और अपने सारे साधन लगा कर पैदा करने की कोशिश करता है । लेकिन हर किसान के पास उतनी शक्ति नहीं है जिसका उपयोग करके वह आपको ज्यादा अन्न दे सके । जो भी शक्ति, जो भी साधन सरकार के पास हैं, उन्हीं को दे कर सरकार पैदावार बढ़ा सकती है ।

एक ओर तो सरकार कहती है कि अधिक अन्न पैदा किया जाय और दूसरी ओर प्लानिंग कमीशन की तरफ से एक बेवकूफ को रहनुमाई मजदूरी है । प्लानिंग कमीशन ने राज्य सरकारों को लिखा है कि पानी, बिजली और लगान की दर बढ़ाई जायें । आपने अभी देखा कि रूस का ट्रैक्टर, जो कि चौदह हार्स पावर का है, छ हजार रुपये में बिकता था, लेकिन उसके दाम में चार हजार रुपये और बढ़ा दिये गए हैं । इस लिए आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इस प्रकार की अव्यावहारिक नीतियों को न अपनाये ।

पानी के लिए माननीय सदस्य, शर्मा जी, ने बहुत जोर से कहा है । मैं उन के साथ सहमत हूं । मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बिहार में गंडक योजना एक सिंचाई योजना है । राजेन्द्र बाबू जब खाद्य मंत्री थे, तब उन्होंने उस को प्रारम्भ किया था । मरने से पहले राजेन्द्र बाबू ने अपनी आंखों से पूरे बिहार के हमारे प्रदेश के मंत्री श्री दीप नारायण सिंह से कहा, "दीप बाबू, का हमरा जिन्दगी में गंडक योजना न बनी"? इस भावना को लिए वह चले गए । मैं समझता हूं कि दीप बाबू भी चले जायेंगे, लेकिन गंडक योजना को कोई देख नहीं सकेगा ।

गंडक योजना में केवल 52 करोड़ रुपये लगेंगे और उस के द्वारा 2.50 करोड़ मन पैदावार बढ़ा होगी । गंडक योजना सब से कम दाम में सब से ज्यादा खाद्य देने वाली योजना है । मैं सिंचाई विभाग से निवेदन करूंगा कि गंडक योजना को भी पूरा करने का प्रयास किया जाये । इस से मुजफ्फरपुर, चम्पारन, दरभंगा और सारन जिलों को फायदा होगा, नेपाल की भूमि की सिंचाई होगी और गोरखपुर और देवरिया को भी फायदा होगा ।

मैं एक छोटा सा निवेदन और करना चाहता हूं । राजेन्द्र बाबू भारत के प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम कृषि मंत्री थे । बिहार में कोई भी कृषि विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी

[श्री एम० गेश्वर प्रसाद सिंह]

नहीं है। इस लिए छपरा जिला में उन के जन्मस्थान में उन के नाम पर एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया जाये। यह उन के प्रति श्रद्धांजलि भी होगी और कृषि के काम में भी उन्नति होगी। चूंकि कल उनका जन्म-दिन है, इस लिए इस अवसर का लाभ उठा कर वहां पर एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना का एलान कर दिया जाये।

Shri Kappen (Muvattupuzha): Mr. Chairman, grim as the food situation today is, it has led to suggestions, amateurish suggestions, which if put into practice, would ruin this country. Following the broadcast by the Prime Minister on the food situation, many amateurish suggestions like diverting land from cash crops, ploughing up gardens and road margins for cultivation of vegetables have been put forward. It shows a confusion of thinking. In a crisis, it is but natural that there is some confusion. But we here who are responsible for formulating national policies should have clear thinking on these matters. Our thinking must be clear, constructive and divorced from all slogans and petty ideologies to which we are accustommed.

There is no purpose in finding fault with each other. On the other hand, the problem can be solved only by clear thinking and dynamic action. The Prime Minister has given us a slogan, 'Jai kisan, jai jawan'. This, according to me, epitomises in two words what our entire approach should be to the problem. In railway stations, I have found stalls being erected for catering to the jawans. But I was not able to see even one stall for the kisans. Here I am not pleading for stalls for the farmers. But I want this House and the country to have an awareness of the importance of the farmer in any programme of agricultural production. The difficulty in India about agricultural production is that it has to come from millions of tiny farms in the far-flung villages of India and during these 18 years we have not been able to reach the farmer properly and energise him and make him understand the necessity of producing more in this country. It is only by energising the farmer that we can succeed in any scheme of increased production.

I speak of energising the farmer, but why should the farmer alone make a sacrifice for the country? What are the benefits that he is going to derive? When it is a question of fixing the price for agricultural commodities, we forget that the farmer is also a person who consumes many of the commodities that are produced in the country, that the farmer is also entitled to share in the prosperity of the nation. When you want the farmer to use more fertilisers, better methods of cultivation, better instruments of production, you must remember that his cost of production is increasing thereby, and unless you are prepared to give a remunerative price to him and improve his social status, you are not going to succeed in your drive for more production. Give the farmer a better status, give him the assurance of a better remuneration, then you simply sit quiet here, and you will see that wonders are worked in this country. But we have never cared for the farmer, we have never understood that his cost of production is increasing, over and above the heavy taxes to which he is subject. He has to pay the betterment levy. If you have given him irrigation facilities, he has to pay the water cess. So, his cost is increased.

I am myself a farmer. I have got an acre of paddy land. I am producing one crop on that. I can produce probably one more crop, but then the rest will be double that of producing one. Who is going to pay me if I produce one more crop? The distribution officer will come and cut my ration by so much. If I am producing 100 measures today, he will collect 150 that is what is being done in Kerala today. Which farmer is going to produce more?

Again, my land is subject to submersion by floods and in summer it is subject to drought. Suppose I am

to produce another crop, that may be lost to me by either flood or drought. Who is going to pay me? What social benefits am I getting as a farmer? You are providing better and better social amenities to the Government employees and the organised factory labour, but to the farmer what social benefits are you giving? I would request the Government to immediately introduce crop insurance in this country so that the farmer may not be affected in case he loses his crop. The U.S.S.R., U.S.A., Japan and many other countries have introduced a scheme of crop insurance. This is an immediate necessity to give the farmer an assurance that in case of loss of his produce, he is going to get something. In that case, I assure you wonders will be worked by our farmers.

I do not want to speak about long-term programmes, it is not relevant in the context of the present emergency. I am just pointing out some crash programmes. I read through the pamphlet published by the Ministry of Food and Agriculture. In para 48 of that report it speaks about fisheries development. In a highly deficit State like Kerala, where all the land that is possible to be brought under cultivation has been brought under cultivation, the only possible method by which food can be increased is by production of subsidiary crops like tapioca and fish. We are now cultivating about 4·5 lakhs of acres with topioca and by a little more manure and better methods of cultivation this crop can be doubled or even trebled, easily. Tapioca is deficient in protein; it cannot be eaten alone as it will produce diseases like beri-beri, etc. Fish is rich in proteins. Tapioca, fish and rice would form a balanced diet. By an investment of Rs. 7-8 crores the present production of fish can be doubled or trebled. At present the production in Kerala of fish is about 3,10,000 tons. Of these 75,000 tons are exported to other States in India and 2,000 tons to foreign countries. If you could buy some trawlers for deep sea fishing by an investment of about Rs. 3 crores, the present catch of fish can be increased by 1,42,000 tons. By mechanising 100,000 boats at a cost of about 4 crores, you can catch 80,000 tons more fish. By supplying fishermen with 1600 ordinary country boats you can produce another 60,000 tons. The total comes to 1,82,000 tons on an investment of Rs. 7-8 crores. Fish that is caught in the waters of Kerala are very much appreciated and valued in countries like the United States. It is estimated that on an investment of Rs. 3 crores on trawlers, the return will be Rs. 2,10,000 annually. This is a very good investment and I urge upon the Government to see that this is immediately put into practice so that their target of 1·94 million tons could be achieved. For want of time, I conclude my speech here.

श्री हुक्म चन्द कछवाय: सभापति महोदय हमारे देश में अन्न का संकट है और इस विषय में हम दो दिनों से चर्चा करते चले आ रहे हैं। कुछ लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि देश में अन्न का संकट है और कुछ ने शासन की त्रुटि बतलाई। किसी ने बतलाया कि पानी कम हुआ है। इस कारण से हमारे देश में अन्न की कमी पैदा हुई है। मैं यह बात मानता हूं कि भगवान की कृपा इस वर्ष हमारे ऊपर ठीक नहीं रही और इस कारण से वर्षा कम हुई तथा अनाज ज्यादा पैदा नहीं हो पाया। फिर भी हम को चाहिये कि हम इस स्थिति पर विचार करें।

आज हम इस बात का नारा देते हैं, विशेषकर जो हमारा दल है वह यह कहता है कि तुम हमें पानी दो, हम तुम को अन्न देंगे। हमारी जमीन में बहुत सा पानी है। अगर वह हम को ठीक प्रकार से मिलता है तो हम तुम को अनाज दे सकते हैं। काश्तकार भी यही कहता है कि हमें पानी चाहिये, हम तुम को अनाज दे सकते हैं। लेकिन पानी के लिये एक क्रांतिकारी आन्दोलन होना चाहिये, इस सरकार को बहुत जल्द से और ज्यादा ध्यान दे कर इस ओर

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

कदम बढ़ाने चाहियें। सिंचाई के लिये ट्यूबवैलों और छोटे छोटे कुएं खोदने की योजनायें होनी चाहियें, जिनसे हमें पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके ।

आपको पता होगा कि अभी अब देश पर संकट आया, पाकिस्तान ने आक्रमण किया दिल्ली के अन्दर प्राफिशियेन्सि की जो सारी समस्या थी जन संघ के कार्यकर्ताओं ने उसे हल किया। मेरे कहने का अर्थ यह है कि हम जन संघ के कार्यकर्ता आपको देते हैं। आप हमको पानी दीजिए हम आपको काफी तादाद में अन्न पैदा करके देंगे । मैं ने अनेक बार रेलवे मंत्री से यहां सवाल पूछे कि रेल की पटरियों के पास जो हजारों एकड़ भूमि खाली पड़ी हुई है जहां पर हम अन्न पैदा कर सकते है, उसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। हमें अनेक बार आश्वासन दिया गया कि हम विचार करेंगे, हम विचार कर रहे हैं। हम चाहते है कि रेल की पटरियों के पास जो खाली जमीन है वहां हम अनाज पैदा करें। अब समय आ गया है कि हम इस ओर कदम बढ़ायें और अन्न ज्यादा पैदा करें।

जहां तक किसानों का सम्बन्ध है किसानों को ज्यादा सहयोग चाहिये, उनको ज्यादा प्रोत्साहन और सहूलियतें मिलनी चाहियें । अगर उन्हें ज्यादा बढ़ावा दिया जाये तो किसान ज्यादा तादाद में परिश्रम और मेहनत करके अपने काम को करेंगे और देश में जो अन्न संकट आया हुआ है उसको दूर करेंगे । हमने देखा कि, काश्तकार से जब अनाज लिया जाता है तो उसे बहुत कम दामों में लिया जाता है, लेकिन जब वही काश्तकार खुले बाजार में अनाज लेने के लिये जाता है तो उसे ज्यादा दाम देने पड़ते हैं। काश्तकार को ईमानदारी से उस का पूरा दाम मिलना चाहिये। उसके काम में आने वाली जो चीजें है, चाहे लोहे का सामान हो या दूसरा सामान हो, उसे सस्ते दामों पर मिलनी चाहिये। मैं समझता हूं कि काश्तकार जो आज बहुत सी बातों में आनाकानी करते है वह इस कारण से है कि उसके साथ भेदभाव करना जाता है और पक्षपात किया जाता है। इन सारे कामों में उसकी समस्याओं हल हो जायेंगी ।

आज जनता से कहा जाता है कि चूंकि देश में अनाज की कमी है इसलिये मांस ज्यादा खाना चाहिये। ठीक है, लेकिन मांस किसका खाना चाहिये। मांस कौनसा खाना चाहिये । मैं कहना चाहता हूं कि आप बम्बई बन्दरगाह को देखिये । वहां बेशुमार जानवरों को काटा जाता है और उनका मांस लोगों को खाने को दिया जाता है । जो कि बीमारी पशु होते है जिनसे बीमारी बढ़ती है उनकी ओर ध्यान रक्खा जाना चाहिये क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया जायेगा तो देश में बीमारी फैलेगी। मैं यह नहीं कहता कि आप लोगों को मांस खाने को मत दीजिये क्योंकि कुछ लोग ऐसे है जो कि मांस के बिना जिन्दा नहीं रह सकते । अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि मछली का उत्पादन केरल में होता है। मैं कहता हूं कि जहां मछली का उत्पादन हो सकता है वहां उत्पादन करना चाहिये, लेकिन जिन प्रदेशों में नहीं हो सकता है वहां पर लाखों रुपये खर्च करने पर भी नहीं होगा । आप क्यों इसके पीछे हाथ धोकर पड़े हुए है । जहां पर होता है वहां कीजिए । आपने एक आन्दोलन चलाया कि मछली पालो, मुर्गी पालो, भेड़ पालो । मैं इसका विरोध नहीं करता लेकिन आपको देखना चाहिए कि यह कहां तक हो सकता है और आज किस चीज की आवश्यकता है ।

हम देखते है कि बहुत सी सड़कों पर अनेक प्रकार के पेड़ होते है, लेकिन जो पेड़ फल दे सकते है उनसे पेट की भूख मिट सकती है । आपको ऐसे पेड़ वहां लगाने चाहियें जिनके परवरिश करने में ज्यादा समय न लगे । यदि हम ऐसे पेड़ों को लगायेंगे तो सम्भव है कि उनके फल हमारे काम में आसके ।

कभी कभी कहा जाता है कि लोग भूखों मर रहे है । इसको सुन कर मुझे उड़ीसा

का एक किस्सा याद आता है । वहां कुछ लोग भूख से मर गये । डाक्टर कहता है कि नहीं भूख से नहीं मरे । कैसे मरे । इसलिये मरे कि उनके पेट में दर्द था । दर्द क्यों हुआ । इसलिये कि आम की गुठली खा ली थी । क्यों गुठली खा ली थी । इसलिये कि भूखों मर रहे थे । भूख क्यों लगी । यह पता नहीं । अनाज खाने को नहीं मिला इसलिये उन लोगों ने आम की गुठली खाई और गुठली के खाने से पेट में दर्द हुआ । मैं बतलाना चाहता हूं कि हम लोग रेल में सफर करते है तो जो आम खा कर फेंक देते हैं, उन के छिलके को लोग चूसते हुए दिखाई पड़ते हैं । यह हमारे देश की दशा है । इस सम्बन्ध में बहुत से लोग यह कहने के शौकीन हैं कि हमारा देश भूखा है । इस का प्रचार खूब होता है । मैं कहना चाहता हूं कि हम घर में भूखे रह लेंगे लेकिन इसके लिये हमको विदेशों में नहीं जाना चाहिये । यह बहुत बड़ा कलंक है हमारे लिये कि हम किसी से जा कर कहें कि हम भूखे है । यह बहुत बुरी बात है । हम भूखे जरूर है लेकिन इस के लिये हमको दूसरे देशों के सामने हाथ नहीं पसारना चाहिये । हम भूखे रहेंगे लेकिन स्वाभिमान के साथ । हम एक समय खायेंगे एक दिन में, दो दिन में एक समय खायेंगे लेकिन रहेंगे स्वाभिमान के साथ ।

आज देश को नारा दिया गया कि कम खाना चाहिये । सबसे पहले देश के अन्दर भारतीय जनसंघ ने नारा दिया कि हम हर मंगलवार को भोजन नहीं करेंगे क्योंकि इससे देश में भोजन बचेगा । हम उस अनाज को जहां अनाज की कमी है वहां भेजेंगे । लेकिन हमने देखा है कि यहां ससद् सदस्य बड़ी-बड़ी पार्टियों में जाते हैं । सभापति महोदय, मुझे भी जाने का अवसर मिला । मैंने देखा कि वह अपने प्लेट में लेते कितना हैं और उसमें से खाते कितना हैं और फेंकते कितना हैं । हम बड़े आदर्श की बात करते हैं कि हमें भूखा रहना है लेकिन आप पहले इस बात का अन्दाजा लगाइए कि देश के अन्दर कितना लोग झूठा फेंकते हैं और झूठा फेंकता कौन है? बड़े-बड़े लोग, बड़े-बड़े अफसर, ऊंची तनख्वाह पाने वाले जो अपने आपको बहुत बड़ा मानते हैं, ऐसे लोगों के घरों में काफी झूठन फेंकी जाती है । उसका अन्दाजा लगाया जाय तो लाखों टन का हिसाब बैठेगा । तो हमें इसका प्रचार करना चाहिए कि लोग अपनी थाली में उतना ही लेवें जितना खा सकें । मिट्टी की तरह उसे फेंका न जाय । आज जनता कितनी परेशान है, कितनी दुखी है, मैंने देखा आज जब वह अनाज लेने जाते हैं दुकान पर तो उन्हें कितनी परेशानी होती है । यह हो सकता है कि हमारे बांटने की व्यवस्था, वितरण की व्यवस्था ठीक न हो परन्तु लोगों में कितना भय फैला हुआ है, वह सोचते हैं कि हमें मिलेगा या नहीं । सभापति महोदय, मैंने स्वयं अपनी आंखों देखा है उज्जैन के अन्दर कि रात को मिल में काम करके 12 बजे मजदूर आता था और उसके बाद राशन की दूकान पर जाकर 12 बजे से लाइन लगाता था जबकि दूकान 8 बज खुलती है, 8 घंटे लाइन में वह खड़ा रहता था, तब उसको अनाज मिलता था । कितनी परेशानी उसमें होती है । सरकारी कर्मचारी क्यू में लाइन लगाकर खड़ा होगा या नौकरी पर जायगा ? यहां एक उत्तर में कहा गया कि हमने कुछ दूकानें खोली हैं जहां से कि सरकारी कर्मचारी को सुविधा से अनाज मिल सके । मैं पूछना चाहता हूं कि कितने सरकारी कर्मचारी दिल्ली में हैं और कितनों को सहूलियत से अनाज मिलता है या जो बड़े-बड़े कारखाने हैं उनमें काम करने वाले कितने लोगों को सहूलियत से अनाज मिलता है ? तो इसकी व्यवस्था की जाय कि उन्हें बिना किसी कठिनाई के अनाज मिले ताकि वह अपनी नौकरी पर ठीक समय पर जा पायें । आज सरकार को अपनी नीति में परिवर्तन करना होगा यह पुकार है देश की, जनता चाहती है देश की । आपने जो जोन प्रथाचलायी है इसे समाप्त किया जाय क्योंकि जो प्रान्त ज्यादा पैदा करते हैं वह रख कर बैठ जाते हैं, पड़ोस का कोई प्रान्त है, वहां अनाज

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

ज्यादा पैदा नहीं होता है, दूसरी चीजें पैदा होती हैं, वहां नहीं भेजा जाता यह जो ज्ञानप्रथा है खत्म करनी चाहिए। मध्य प्रदेश से महाराष्ट्र लगा हुआ है। मध्य प्रदेश में 30 रुपए मन गेहूं मिलता है, वही चोरी से महाराष्ट्र में ले जाया जाय तो शौक से 80 रुपये मन बेच सकते हैं। तो इससे भ्रष्टाचार बढ़ता है और लोगों को ज्यादा ब्लैक करने का अवसर मिलता है। मैं इसका घोर विरोध करता हूं और यह जो प्रथा है खत्म करनी चाहिए।

काफी लोगों ने यह बात कही है कि कहां तक ऐसी दशा है। मेरे पास आज ही उज्जैन से एक तार आया है जहां का मैं निवासी हूं। उन्होंने लिखा है—उज्जैन में नवम्बर माह में तथा दिसम्बर में पर हेड एक किलो देशी और विदेशी गेहूं नहीं मिल पाता। चावल की हालत बहुत चिन्ताजनक है और वहां का जो एडमिनिस्ट्रेशन है, कलेक्टरेट है वह इनकी व्यवस्था नहीं कर पाता है। मैं पूछता हूं कि आखिर यह क्या है? ऐसी दशा क्यों है। तो इसके लिए एक ही रास्ता है कि आज जो बहुत सी जमीन फालतू पड़ी है वहां पर हमारी सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए, एक फौज तैयार करनी चाहिए, एक सेना तैयार करनी चाहिए। किस बात के लिए कि जहां खाली जमीन पड़ी है, लाखों एकड़ भूमि पड़ी है वहां जाकर खेती करे, अन्न पैदा करे, यह सरकार का कार्यक्रम होना चाहिए। एक ओर सरकार कहती है कि हमें ज्यादा अनाज पैदा करना चाहिए, मैं सभापति महोदय, आपके द्वारा सरकार से बताना चाहता हूं कि पिछले साल हमारे रामचन्द्र बड़े विट्ठल के क्षेत्र में जहां आदिवासी लोग रहते हैं, उन आदिवासियों का एक लाख रुपये का खड़ा अनाज, खड़ी फसल काटी गयी, मिट्टी में मिल गई। तो यह दोनों बातें कैसे चलेंगी? एक ओर कहते हैं अनाज ज्यादा पैदा करो, दूसरी ओर खड़ी फसल मिट्टी में मिलाना चाहते हो, यह दोनों बातें नहीं चलेंगी, न जनता यह बातें सहन कर सकती है। मैं कहना चाहता हूं सभापति महोदय, अपनी बात को अन्त की ओर ले जाते हुए कि सरकार ऐसी नीति अपनाये जिससे देश के अन्दर काफी ज्यादा लोग अन्न पैदा कर सकें, लोगों को ज्यादा प्रोत्साहन मिले। लेकिन जो प्रान्त प्रान्त के अन्दर अलग अलग कानून है, मध्य प्रदेश में कुछ है, उत्तर प्रदेश में कुछ है, पंजाब में कुछ है, यह क्या है? हमारी एक नीति होनी चाहिए, एक पालिसी होनी चाहिए, सारे देश के अन्दर उसी के मुताबिक वह कानून लागू होना चाहिए और फिर अमल करना चाहिए। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं बड़ा आभारी हूं और मैंने जो सुझाव दिये, सरकार उन पर ध्यान देगी।

Mr. Chairman: Shri K. L. More.

Shri K. L. More (Hatakanangle): Mr. Chairman, Sir.....

Mr. Chairman: The hon. Member may continue his speech the next day.

18·56 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, December 3, 1965/Agrahayana 12, 1887 (Saka).

GMGIPND—LS II—2064 (Ai) LSD—4-1-66—670.